लाला गोकलचन्द जी नाहर जौहरी
का
संक्षिप्त परिचय

---:o:---

इस खानदान के पूर्वजों का मूल निवास स्थान लाहौर था यहां से इस खानदान के पूर्व पुरुष पूज्य लाला निधूमल जी देहली आये। तबही से यह खानदान देहली में ही निवास कर रहा है। तथा आज भी लाहौरी के नाम से प्रसिद्ध है। लाला निधूमल जी के पुत्र लाला सोभूमल जी नामक हुवे। आपके पुत्र जीतमल जी के बुधसिंह जी तथा चुन्नीलाल जी नामक दो पुत्र हुवे। लाला बुधसिंह जी के शादीराम जी नामक एक पुत्र हुवे।

लाला शादीराम जी का सं० १८८५ में जन्म हुआ आपने छोटी उमर से ही अपने व्यापार में भाग लेना प्रारम्भ कर दिया था। आपने गोटे किनारी का काम शुरू किया इस व्यापार में आपको बहुत लाभ हुआ। आपका सं० १९३८ में स्वर्गवास हुआ। आपके २ पुत्र लाला भैरोंप्रसाद जी व लाला गोकलचन्द जी हुवे, लाला भैरोंप्रसाद जी का जन्म सं० १९१७ में हुआ।

लाला गोकलचंद जी का जन्म सं० १९२४ में हुआ, आप स्थानकवासी समाज में बड़े प्रतिष्ठित सज्जन हैं। आपने सं० १९४६ में जवाहरात का व्यापार शुरू किया। इस व्यापार में आपको काफी सफलता प्राप्त हुई। इस समय आपकी फर्म पर जवाहरात तथा किराये व्याज का व्यवसाय होता है।

आपकी धार्मिक भावना बढ़ी चढ़ी है आपने कई धार्मिक कार्यों में सहायतायें प्रदान की हैं। आपको सं० १९६२ में दिल्ली की जैन समाज ने जैन बारादरी का काम सुपुर्द किया। जिस समय यह काम सोंपा गया था, उस समय उस संस्था में १८) रु० मासिक

की आमदनी थी, आपने अपनी बुद्धिमानी से आमदनी बढ़ाकर करीब (१२००) र की करदी तथा देहली में बहुत विशाल स्थानक बनवाया इस स्थानक के लिये आप से भी चन्दा नहीं लिया। अब तक इस स्थानक में दो लाख रुपये लग चुके है मकान बन रहा है।

धार्मिक प्रेम के साथ ही साथ आपका विद्यादान की तरफ विशेष लक्ष्य र आपने सन् १९२० में महावीर जैन मिडिल स्कूल स्थापित किया। जो सन् १९२८ स्कूल हो गया। जिसका मासिक खर्च १२००) है। इस प्रकार आपके प्रय महावीर जैन लाइब्रेरी, महावीर जैन कन्या पाठशाला, महावीर जैन विद्यालय सार्वजनिक संस्थायें स्थापित हुईं। जिनसे देहली की जनता बहुत लाभ उठा रही है।

आपने सोनीपत मे वहां के स्थानकवासी भाईयों के लिये ११५००) रु० में मकान खरीद कर स्थानक स्थापित किया।

महावीर जैन लाइब्रेरी (महावीर भवन) चांदनी चौक में सन् १९२४ मे स्था की गई, पुस्तकालय मे करीब ५००० पुस्तकें और हस्त लिखित ग्रन्थ हैं। ४०० वर्ष प के हस्त लिखित शास्त्र हैं, और १०० साल तक के छापे के ग्रन्थ हैं। पुस्तकाल व्यवस्थापक सर्व श्रीमान लाला गोकलचन्द जी साहब की हार्दिक शुभ कामनाओं से १० वर्ष में बहुत उन्नति की है और आशा है कि आगामी को भी ऐसी ही उन्नति ह रहेगी।

—— ——:0: ——

तत्त्वार्थसूत्र-
जैनाऽऽगम-समन्वय

[जैनागम मूलपाठ, संस्कृतच्छाया, भाषाटीका सहित]

समन्वय कर्ता —

जैन धर्म दिवाकर

उपाध्याय मुनि श्री आत्मारामजी महाराज (पंजाबी)

तत्त्वार्थ भाषाकार—

प्रोफेसर चन्द्रशेखर शास्त्री M. O. Ph.

काव्य-साहित्य-तीर्थ-आचार्य, प्राच्यविद्यावारिधि, आयुर्वेदाचार्य,

भूतपूर्व प्रोफेसर काशी हिंदू विश्वविद्यालय

प्रकाशक—

लाला शादीराम गोकुलचंद जौहरी

चांदनी चौक, देहली.

मुद्रक—

पं० सीताराम भार्गव,

लक्ष्मी प्रेस, एस्प्लेनेड रोड, देहली.

प्रथम बार १०००	महावीर निर्वाण सम्वत् २४६१. सन् १९३४ इस्वी.	मूल्य सजिल्द २॥) बिना जिल्द २)

तत्त्वार्थ भाषाकार के दो शब्द

———:o:———

तत्त्वार्थसूत्र के सूत्रों की जैन आगम पाठों से तुलना करने वाले इस "तत्त्वार्थसूत्र जैनागमसमन्वय" ग्रन्थ को पाठकों के सम्मुख उपस्थित किया जाता है। पूज्य उपाध्याय जी महाराज का यह प्रयत्न अत्यन्त प्रशंसनीय है। क्योंकि आगम ग्रन्थों से तत्त्वार्थसूत्र के समन्वय करने का यह सौभाग्य सब से प्रथम आप को ही प्राप्त हुआ है। आशा है कि आप के इस प्रयत्न से स्थानक वासियों तथा श्वेताम्बरों में तत्त्वार्थसूत्र का अधिक परिशीलन और दिगाम्बरों में जैन आगमों के अध्ययन एवं स्वाध्याय का अच्छा प्रचार हो जावेगा।

इस ग्रन्थ में इस बात के लिये विशेष प्रयत्न किया गया है कि यह विद्यार्थियों और स्वाध्याय प्रेमी दोनों के लिये उपयोगी हो सके। अतएव इसकी संस्कृत छाया में अत्यन्त सुगम सन्धियां ही दी गई हैं। प्रायः स्थल, बिना संधियों के ही रखे गये हैं।

मूल ग्रन्थ में ऊपर तत्त्वार्थसूत्र के सूत्रों को देकर उनके नीचे प्राकृत आगम प्रमाण दिये गये हैं। उनके नीचे उन पाठों की संस्कृत छाया, फिर उनकी भाषा टीका और अन्त में आवश्यक स्थानों पर सूत्र और आगम पाठों का समन्वय करने वाली संगति दी गई है।

जो आगम पाठ शीघ्रता के कारण मूल ग्रन्थ में छपते समय नहीं दिये जा सके थे, उनको परिशिष्ट नं० १ में दिया गया है। परिशिष्ट नं० २ में मेरा लिखा हुआ, तत्त्वार्थ सूत्र भाषा है। इसमें तत्त्वार्थसूत्र के सूत्रों का अर्थ सरल हिन्दी भाषा में सूत्रों के अंक दे २ कर इस प्रकार से लिखा गया है कि वह भी एक स्वतन्त्र ग्रंथ सा ही बन गया है। इसमें भाव खोलने वाले शब्द छोटे कोष्टक -( )- में और वाक्य पूरे करने वाले शब्द बड़े कोष्टक -[ ]- में दिये गये हैं। परिशिष्ट नं० ३ में दिगम्बर सूत्र पाठ और श्वेताम्बर सूत्रपाठों का अंतर दिखलाया गया है।

इस ग्रंथ की विषानुक्रमणिका भी एक विशेषता है। सूत्रों की विषयानुक्रमणिका में प्रायः सूत्रों को ही देने की एक परिपाटी है। किंतु यहां प्रत्येक अध्याय का मोटे २ विषयों में विभाग करके वही विषय विषयानुक्रमणिका और परिशिष्ट नं० २ दोनों स्थान में दिये गये हैं। इससे एक बड़ा लाभ यह भी है कि ग्रन्थ का विषय (Analysis) बिल्कुल स्पष्ट हो जाता है।

अन्त में इतना निवेदन है कि इसमें कहीं मेरे प्रमादवश तथा कहीं प्रेस की कृपा से प्रूफ सम्बन्धी भूलें रह गई हैं। आशा है कि पाठक उनके लिये क्षमा करेंगे। इसके अतिरिक्त यदि कोई महानुभाव इस समन्वय के विषय में आगम पाठ संबंधी या और कोई विशेष सूचना दें तो उसका भी स्वागत किया जावेगा। इस प्रकार की त्रुटियों की सूचना मिलते रहने से उनको इस ग्रन्थ के अगले संस्करण में दूर करने का प्रयत्न किया जावेगा।

चन्द्रशेखर शास्त्री M. O. Ph.,
काव्य-साहित्य-तीर्थ-आचार्य,
प्राच्यविद्यावारिधि, आयुर्वेदाचार्य
भूतपूर्व प्रोफेसर बनारस हिन्दू यूनीवर्सिटी

देहली,
ता० १ नवम्बर सन् १९३४ इ०

प्रस्तावना

प्रिय सुज्ञपुरुषों ! इस अनादि संसार चक्र में परिभ्रमण करते हुए आत्मा को मनुष्य जन्म और आर्यत्व भाव की प्राप्ति हो जाने पर भी श्रुतिधर्म की प्राप्ति दुर्लभ ही है । इसके अतिरिक्त सम्यग्दर्शन की निर्भरता भी सम्यक् श्रुत पर ही है । अतएव उक्त सर्व साधन मिल जाने पर भी सम्यग्दर्शन की प्राप्ति के लिये सम्यक् श्रुत का अध्ययन अवश्य करना चाहिये ।

अब यह प्रश्न उपस्थित होता है कि उक्त प्राप्ति के लिये अध्ययन करने योग्य कौन २ ग्रन्थ ऐसे हैं जिनको सम्यक् श्रुत का प्रतिपादक कहा जाना चाहिये । इसके लिये यह उत्तर अत्यन्त युक्तिपूर्ण है कि जिन ग्रंथों के प्रणेता सर्वज्ञ अथवा सर्वज्ञ सदृश महानुभाव हैं वह आगम ही अध्ययन करने योग्य हैं । क्योंकि जिसका वक्ता आप्त (सर्वज्ञ) होता है वही आगम सम्यग्दर्शन की प्राप्ति में कारण होता है ।

यद्यपि सम्यग्दर्शन की उत्पत्ति क्षायिक, क्षायोपशमिक अथवा औपशमिक भाव पर निर्भर है तथापि सम्यक् श्रुत को उसकी उत्पत्ति में कारण माना गया है । अतएव सिद्ध हुआ कि सम्यक् श्रुत का अध्ययन अवश्य करना चाहिये ।

श्वेताम्बर—स्थानकवासी सम्प्रदाय के अनुसार सम्यक् श्रुत का प्रतिपादन करने वाले ३२ आगम ही प्रमाणकोटि में माने जाते हैं, जो निम्न प्रकार हैं :—

११ अङ्ग, १२ उपाङ्ग, ४ मूल, ४ छेद और ३२ वां आवश्यक सूत्र ।

इनके अतिरिक्त इन आगमों के आधार से एवं इनके अविरुद्ध बने हुए ग्रंथों को न मानने में भी उक्त सम्प्रदाय आग्रहशील नहीं है ।

उक्त शास्त्रों के विषय में विशेष परिचय प्राप्त करने के लिये इस विषय के जैन ऐतिहासिक ग्रंथ देखने चाहियें ।

अनेक महानुभावों ने उक्त आगमों के आधार पर अनेक प्रकार के ग्रन्थों की रचना की है । जिनका अध्ययन जैन समाज में अत्यन्त आदर और पूज्य भाव से

किया जा रहा है इन लेखकों में से भी जिन महानुभावों ने आगमों में से आवश्यक विषयों का संग्रह कर जनता का परमोपकार किया है उनको अत्यन्त पूज्य दृष्टि से देखा जाता है और उनके ग्रंथ जैन समाज में अत्यन्त आदरणीय समझे जाते हैं। वर्तमान ग्रंथ तत्त्वार्थसूत्र (मोक्ष शास्त्र) की गणना उन्हीं आदरणीय ग्रंथों में है। इस ग्रंथ में इसके रचयिता ने आगमों में से आवश्यक विषयों का संग्रह कर जनता का परमोपकार किया है। इसमें तत्त्वों का संग्रह समयोपयोगी तथा सूक्ष्म दृष्टि से किया गया है। इसके कर्ता ने आगमों की मूल भाषा अर्द्ध मागधी से विषयों का संग्रह कर उनको संस्कृत भाषा के सूत्रों में प्रगट किया है। इससे जान पड़ता है कि उस समय संस्कृत भाषा में सूत्र रूप में लिखने की प्रथा विद्वानों में आदर पाने लगी थी। सूत्रकार ने अपने ग्रंथ में जैन तत्त्वों का दिग्दर्शन विद्वानों के भावानुसार संस्कृत भाषा में किया। प्रायः विद्वानों का मत है कि तत्त्वार्थसूत्र के रचयिता का समय विक्रम की प्रथम शताब्दी है। संस्कृत भाषा उस समय विकसित हो रही थी। जिस प्रकार इस ग्रंथ के कर्ता ने इस संग्रह में अपनी अनुपम प्रतिभा का परिचय दिया है, उसी प्रकार अनेक विद्वानों ने इसके ऊपर भिन्न २ टीकाओं की रचना करके जैन तत्त्वों का महत्व प्रगट किया है। और इस ग्रंथ को आगम के समान ही प्रमाण कोटि में स्थान देकर इसके महत्व को बहुत अधिक बढ़ा दिया है।

पूज्यपाद उमास्वाति जी महाराज ने जैन तत्त्वों को आगमों से संग्रह कर जैन और जैनेतर जनता का बड़ा भारी उपकार किया है।

यद्यपि इस सूत्र को संग्रह ही माना गया है, किन्तु यह ग्रन्थ सूत्रकार की काल्पनिक रचना नहीं है। कारण कि इस ग्रन्थ में जिन २ विषयों का संग्रह किया गया है उन सब का आगमों में स्पष्ट रूप से वर्णन है। अतः स्वाध्याय प्रेमियों को योग्य है कि वह भक्ति और श्रद्धा पूर्वक आगम तथा सूत्र दोनों का ही स्वाध्याय करें। जिससे भेद भाव मिटकर जैन समाज उन्नति के शिखर पर पहुँच जावे।

अब रहा यह प्रश्न कि क्या यह ग्रन्थ वास्तव में संग्रह ग्रंथ है? सो

आगमों का स्वाध्याय करने वाले तो इस ग्रन्थ को आगमों से संग्रह किया हुआ मानते ही हैं। इसके अतिरिक्त आचार्यवर्य हेमचन्द्रसूरि ने अपने बनाये हुए 'सिद्धहेमशब्दानुशासन' नाम के व्याकरण में पूज्यपाद उमास्वाति जी महाराज को संग्रह कर्ताओं में उत्कृष्ट संग्रह कर्ता माना है। जैसा कि उन्होंने उक्त ग्रन्थ की स्वोपज्ञवृत्ति में कहा है।

उत्कृष्टेऽनूपेन २। २। ३९

उत्कृष्टार्थादनूपाभ्यां युक्ताद्द्वितीया स्यात्। अनुसिद्धसेनं कवयः। उपोमास्वातिं संगृहीतारः॥ ३९॥

स्वोपज्ञ बृहद्वृत्ति में भी उक्त आचार्यवर्य ने उक्त सूत्र की व्याख्या में कहा है:—

"उत्कृष्टेऽर्थे वर्तमानात् अनूपाभ्यां युक्ताद् गौणान्नाम्नो द्वितीया भवति। अनुसिद्धसेनं कवयः। अनुमल्लवादिनं तार्किकाः। उपोमास्वातिं संगृहीतारः। उपजिनभद्रक्षमाश्रमणं व्याख्यातारः। तस्मादन्ये हीना इत्यर्थः॥ ३९॥"

आचार्य हेमचन्द्र का समय विक्रम की १२ वीं शताब्दी सभी विद्वानों को मान्य है। आपके कथन से यह भलीप्रकार सिद्ध हो जाता है कि पूज्य पाद उमास्वाति संग्रह करने वालों में सबसे बढ़कर संग्रह करने वाले माने गये हैं। आगमों से संग्रह किया जाने से यह ग्रन्थ भी संग्रह ग्रंथ माना गया है।

अब प्रश्न यह उपस्थित होता है कि भगवान् उमास्वाति ने संग्रह किस रूप में किया है। सो इसका उत्तर यह है कि इस ग्रन्थ में दो प्रकार से संग्रह किया गया है। कहीं पर तो शब्दशः संग्रह है, अर्थात् आगम के शब्दों को संस्कृत रूप दे दिया गया है और कहीं पर अर्थसंग्रह है, अर्थात् आगम के अर्थ को लक्ष्य में रखकर सूत्र की रचना की गई है। कहीं २ पर आगम में आये हुए विस्तृत विषयों को संक्षेप रूप से वर्णन किया गया है।

'आगमों से किस प्रकार इस शास्त्र का उद्धार किया गया है?' इस विषय को स्पष्ट करने के लिये ही वर्तमान ग्रन्थ विद्वत्समाज के सन्मुख रखा जा रहा है। इस का यह भी उद्देश्य है कि विद्वान् लोग आगमों के स्वाध्याय का लाभ उठा सकें।

इस ग्रंथ में सूत्रों का आगमों से समन्वय किया गया है। इसमें पहिले तत्त्वार्थ सूत्र का सूत्र, फिर आगम प्रमाण, उसके पश्चात् उस आगम पाठ की संस्कृत छाया और अंत में आगम पाठ की भाषा टीका दी गई है, जिससे पाठकवर्ग आगम और सूत्र के शब्द और अर्थों का भलीप्रकार ज्ञान प्राप्त कर सकें।

सूत्रों के सामान्य अर्थ इस ग्रंथ के अंत में परिशिष्ट नं० २ में दे दिये गये हैं।

यहां यह बात ध्यान देने योग्य है कि इस ग्रन्थ में दिये हुए आगम प्रमाण आगमोद्धार समिति द्वारा मुद्रित हुए आगमों से दिये गये हैं।

पाठकों के सन्मुख सूत्र के पाठ से आगमों के पाठ का यह समन्वय उपस्थित किया जाता है। यदि आगम ग्रंथ के कोई विद्वान समन्वय में कहीं त्रुटि समझें तो उसको स्वयं समन्वय कर पूर्ण पाठ से अवगत करने की कृपा करें। क्योंकि—'सर्वारम्भाहि दोषेण धूमेनाग्निरिवावृताः।'

यह ग्रन्थ इतना महत्त्वपूर्ण है कि प्रत्येक व्यक्ति के स्वाध्याय करने योग्य है। वास्तव में यह तत्त्वार्थसूत्र आगमग्रन्थों की कुंजी है। अतः जिन २ विद्यालयों, हाईस्कूलों और कालेजों में तत्त्वार्थसूत्र पाठ्य क्रम में नियत किया हुआ है उन २ संस्थाओं के अध्यक्षों को योग्य है कि वह सूत्रों के साथ ही साथ बालकों को आगम के समन्वय पाठों का भी अध्ययन करावें। जिससे उन बालकों को आगमों का भी भली भांति ज्ञान हो जावे।

कुछ लोग यह शंका भी कर सकते हैं कि 'संभव है कि श्वेताम्बर आगमों में तत्त्वार्थसूत्र के इन सूत्रों की ही व्याख्या की गई हो।' सो इस विषय में यह बात स्मरण रखने की है कि जैन इतिहास के अन्वेषण से यह बात सिद्ध हो चुकी है कि आगम ग्रन्थों का अस्तित्त्व उमास्वाति जी महाराज से भी पहिले था। इसके अतिरिक्त तत्त्वार्थसूत्र और जैन आगमों का अध्ययन करने से यह स्वयं ही प्रगट हो जावेगा कि कौन किस

का अनुकरण है । अतएव सिद्ध हुआ कि आगमों का स्वाध्याय अवश्य करना चाहिये, जिस से सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र की प्राप्ति होने पर निर्वाणपद की प्राप्ति हो सके ।

श्री श्री श्री १००८ आचार्यवर्य श्री पूज्य पाद मोतीराम जी महाराज, उनके शिष्य श्री श्री श्री १००८ गणावच्छेदक तथा स्थविर पद विभूषित श्री गणपति राय जी महाराज, उनके शिष्य श्री श्री श्री १०८ गणावच्छेदक श्री जयराम दास जी महाराज और उनके शिष्य श्री श्री श्री १०८ प्रवर्तक पद विभूषित श्री शालिग्राम जी महाराज की ही कृपा से उन का शिष्य मैं इस महत्त्वपूर्ण कार्य को पूर्ण कर सका हूँ ।

गुरुचरणरज सेवी —

जैनमुनि-उपाध्याय-आत्माराम.

आवश्यक सूचना

पाठकों से सविनय निवेदन है कि सम्पादक जी की रुग्णावस्था के कारण प्रूफ आदि के ठीक न देखने से, कतिपय स्थलों में त्रुटियें रहगई हैं, अतः यदि सुज्ञ पाठकों द्वारा हमें सूचनाऐं मिलती रहें तो हम द्वितीय संस्करण में ठीक करने की चेष्टा करेंगे।

तथा--यदि कोई आगमाभ्यासी आगम पाठों से और भी सुचारु रूप से समन्वय करने की कृपा करें, तो हमको सूचित करदें जैसे कि--तत्त्वार्थसूत्र के ५ अध्याय के २६ वाँ सूत्र, "एगत्तेण पुहत्तेण खंधाय परमाणु य—(एकत्वेन पृथकत्वेन स्कन्धाश्चपरमाणवश्च) उत्तराध्ययन सूत्र अ० ३६ गाथा ११--इस पाठ से सम्बन्ध रखता है। इसी प्रकार की अन्य सूचनाओं से भी सूचित करें, ताकि उन पर आवश्यक ध्यान दिया जा सके।

ग्रन्थ के अंतिम भाग में तत्त्वार्थ सूत्र भाषा के नाम से परिशिष्ट दिया गया है। उसमें तत्त्वार्थ के मूलसूत्रों का अर्थ किया गया है। परन्तु सत्वरतादि कारणों से अर्थ सम्बन्धी कतिपय स्थल संदिग्ध एवं अस्पष्ट से रह गये हैं। अतः वाचक महोदय उन २ स्थलों को सावधानी से पढ़ें।

समन्वयकर्ता ने जो दिगम्बर सूत्र पाठों के साथ समन्वय किया है, वह उनके अपने उदार भावों का संसूचक है। जिससे दिगम्बर विद्वान भी आगमों के स्वाध्याय से लाभ उठायें और परस्पर प्रेमभाव सम्पादन कर जैन धर्म का संगठित शक्ति से प्रचार करें। जिस से जनता जैनधर्म के तत्त्वों को भली भाँति धारण कर सके।

प्रकाशक.

श्री तत्त्वार्थसूत्रजैनाऽऽगमसमन्वय

की

विषयानुक्रमणिका

शुभ-संवाद

अतीव हर्ष के साथ, सूचित किया जाता है कि—विक्रमाब्द १९९१ कार्तिक शुक्ला चतुर्दशी—चातुर्मास्य समाप्ति के दिन महावीर भवन में, प्राकृत साहित्य एवं जैनागमों के प्रतिष्ठा-प्राप्त विद्वान्

उपाध्याय जैनमुनि श्री आत्मारामजी महाराज (पंजाबी),

श्री श्वेताम्बर स्थानक बासी जैन संघ देहली द्वारा

'जैन धर्म दिवाकर'

पद से विभूषित किये गये हैं।

निवेदक—

शादीराम गोकुलचंद जौहरी

धन्यवाद

[१] २५०) रु० के मूल्य की पुस्तकों के ग्राहक श्रीमान् सेठ छोटेलाल जी पहलावत, अलवर।

[२] ५०० प्रति के कागज का मूल्य श्रीमान् लाला कुन्दनलाल जी पारख सुपुत्र लाला शादीराम जी मालिक फर्म मानसिंह जी मोतीराम जी जौहरी मालीवाड़ा देहली ने दिया।

[३] शेष सम्पूर्ण व्यय श्री महावीर जैन भवन चांदनी चौक देहली के कोष में से दिया गया है।

भवदीय—

गोकुलचंद नाहर।

॥ नमोऽत्थु णं समणस्स भगवओ महावीरस्स ॥

जैनमुनि—उपाध्याय—श्रीमदात्माराम—महाराज—
संगृहीतः

तत्त्वार्थसूत्र-
जैनाऽऽगमसमन्वयः ।

प्रथमाध्यायः ।

सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि† मोक्षमार्गः ।

तत्वार्थसूत्र अध्याय १, सूत्र १,

नादंसणिस्स नाणं, नाणेण विणा न हुन्ति चरणगुणा ।
अगुणिस्स नत्थि मोक्खो, नत्थि अमोक्खस्स निव्वाणं ॥

उत्तराध्ययन सूत्र अध्ययन २८ गाथा ३०

तिविधे सम्मे पण्णत्ते, तं जहा—नाणसम्मे दंसणसम्मे चरित्तसम्मे ।

स्थानाङ्गसूत्र स्था० ३ उद्देश ४ सूत्र १९४.

---

† सम्मदंसणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा-णिसग्गसम्मद्दंसणे चेव अभिगमसम्मद्दंसणे चेव । णिसग्गसम्मद्दंसणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा - पडिवाई चेव अपडिवाई चेव । अभिगमसम्मद्दंसणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा — पडिवाई चेव अपडिवाई चेव ।

स्थानाङ्ग सूत्र, स्थान २ उद्दे० १ सूत्र ७०.

मोक्खमग्गगइं तच्चं, सुणेह जिणभासियं ।
चउकारणसंजुत्तं, नाणदंसणलक्खणं ॥
नाणं च दंसणं चेव, चरित्तं च तवो तहा ।
एस मग्गु त्ति पन्नत्तो, जिणेहिं वरदंसिहिं ॥
नाणं च दंसणं चेव, चरित्तं च तवो तहा ।
एयं मग्गमणुप्पत्ता, जीवा गच्छन्ति सोग्गइं ॥

उत्तराध्ययन सूत्र अध्ययन २८ गाथा १-३

दुविहे नाणे पण्णत्ते, तं जहा-पच्चक्खे चेव परोक्खे चेव १ । पच्चक्खे नाणे दुविहे पन्नत्ते, तं जहा-केवलनाणे चेव णोकेवलनाणे चेव २ । केवलणाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा-भवत्थकेवलनाणे चेव सिद्धकेवलणाणे चेव ३ । भवत्थकेवलणाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा-सजोगिभवत्थकेवलणाणे चेव, अजोगिभवत्थकेवलणाणे चेव ४ । सजोगिभवत्थकेवलणाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा-पढमसमयसजोगिभवत्थकेवलणाणे चेव, अपढमसमयसजोगिभवत्थकेवलणाणे चेव ५, अहवा चरिमसमयसजोगिभवत्थकेवलणाणे चेव अचरिमसमयसजोगिभवत्थकेवलणाणे चेव ६ । एवं अजोगिभवत्थकेवलनाणेऽवि ७-८ । सिद्धकेवलणाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा-अणंतरसिद्धकेवलणाणे चेव परंपरसिद्धकेवलणाणे चेव ९ । अणंतरसिद्धकेवलनाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा-एक्काणंतरसिद्धकेवलणाणे अणेक्काणंतरसिद्धकेवलणाणे चेव १० । परंपरसिद्धकेवलणाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा-एक्कपरंपरसिद्धकेवलणाणे चेव अणेक्कपरंपरसिद्धकेवलणाणे चेव ११ । णोकेवलणाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा-ओहिणाणे चेव मणपज्जवणाणे चेव १२ । ओहिणाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा-भवपच्चइए चेव खओवसमिए चेव १३ । दोण्हं भवपच्चइए पन्नत्ते, तं जहा-देवाणं चेव नेरइयाणं चेव १४ । दोण्हं खओवसमिए पण्णत्ते, तं जहा-मणुस्साणं चेव पंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं चेव १५ । मणपज्जवणाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा-उज्जुमति चेव विउलमति चेव १६ । परोक्खे णाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा-आभिणिबोहियणाणे चेव सुयनाणे चेव १७ । आभिणिबोहियणाणे दुविहे पण्णत्ते,

छाया— नादर्शिनिनो ज्ञानं, ज्ञानेन विना न भवन्ति चारित्रगुणाः ।
अगुणिनो नास्ति मोक्षः, नास्त्यमोक्षस्य निर्वाणम् ॥
त्रिविधं सम्यग् प्रज्ञप्तं तद्यथा ज्ञानसम्यग्
दर्शनसम्यक् चारित्रसम्यग् ।
मोक्षमार्गगतिं तथ्यां, शृणुत जिनभाषिताम् ।
चतुःकारणसंयुक्तां, ज्ञानदर्शनलक्षणाम् ॥
ज्ञानं च दर्शनं चैव, चारित्रं च तपस्तथा ।
एष मार्ग इति प्रज्ञप्तः, जिनैर्वरदर्शिभिः ॥
ज्ञानं च दर्शनं चैव, चारित्रं च तपस्तथा ।
एतं मार्गमनुप्राप्ताः, जीवा गच्छन्ति सुगतिं ॥

तं जहा – सुयनिस्सिए चेव असुयनिस्सिए चेव १८ । सुयनिस्सिए दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–अत्थोग्गहे चेव वंजणोग्गहे चेव १९ । असुयनिस्सितेऽवि एमेव २० । सुयनाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा – अंगपविट्ठे चेव अंगबाहिरे चेव २१ । अंगबाहिरे दुविहे पण्णत्ते. तं जहा – आवस्सए चेव आवस्सयवइरित्ते चेव २२ । आवस्सयवतिरित्ते दुविहे पण्णत्ते, तं जहा – कालिए चेव उक्कालिए चेव २३ ॥

स्थानाङ्गसूत्र० स्थान २, उद्दे० १ सूत्र ७१.

दुविहे धम्मे पण्णत्ते, तं जहा – सुयधम्मे चेव चरित्तधम्मे चेव । सुयधम्मे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–सुत्तसुयधम्मे चेव अत्थसुयधम्मे चेव । चरित्तधम्मे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा – आगारचरित्तधम्मे चेव अणगारचरित्तधम्मे चेव ।

दुविहे संजमे पण्णत्ते,* तं जहा – सरागसंजमे चेव वीतरागसंजमे चेव । सराग-संजमे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा – सुहुमसंपरायसरागसंजमे चेव बादरसंपरायसरागसंजमे चेव । सुहुमसंपरायसरागसंजमे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–पढमसमयसुहुमसंपरायसरागसंजमे चेव अपढमसमयसु० । अथवा चरमसमयसु० अचरिमसमयसु० । अहवा सुहुमसंपराय-सरागसंजमे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा – संकिलेसमाणए चेव विसुज्झमाणए चेव । बादर-

* 'अणगारचरित्तधम्मे दुविहे पण्णत्ते,' इत्यपि पाठान्तरम् ।

भाषाटीका — सम्यग्दर्शन के बिना सम्यग्ज्ञान होना असम्भव है, ज्ञान के बिना चारित्र के गुण प्रगट नहीं हो सकते, चारित्रगुण हीन का कर्मों से मोक्ष नहीं हो सकता और बिना कर्मों का मोक्ष (छुटकारा) हुए निर्वाण होना असम्भव है।

सम्यक् तीन प्रकार का कहा गया है। ज्ञानसम्यक्, दर्शनसम्यक् और चारित्र-सम्यक्।

जिनेन्द्र भगवान् की कही हुई वास्तविक मोक्ष मार्ग की गति को सुनो। वह गति निम्नलिखित चार कारणों से युक्त है और ज्ञान तथा दर्शन उसके लक्षण हैं।

लोकालोक को देखने वाले जिन भगवान् ने ज्ञान, दर्शन, चारित्र और तप यह चार कारण उस मोक्ष मार्ग के बतलाये हैं।

उन ज्ञान, दर्शन, चारित्र, और तप के मार्ग को प्राप्त करने वाले जीव उत्कृष्ट गति (मोक्ष) को प्राप्त करते हैं।

संपरायसरागसंजमे दुविहे पएणत्ते, तं जहा—पढमसमयबादर० अपढमसमयबादरसं०। अहवा चरिमसमय० अचरिमसमय०। अहवा बायरसंपरायसरागसंजमे दुविहे पएणत्ते, तं जहा—पडिवाति चेव अपडिवाति चेव। वीयरागसंजमे दुविहे पएणत्ते, तं जहा—उवसंतकसायवीयरागसंजमे चेव खीणकसायवीयरागसंजमे चेव। उवसंतकसायवीयराग-संजमे दुविहे पएणत्ते, तं जहा—पढमसमयउवसंतकसायवीतरागसंजमे चेव अपढमसमय-उव०। अहवा चरिमसमय० अचरिमसमय०। खीणकसायवीतरागसंजमे दुविहे पएणत्ते, तं जहा—छउमत्थखीणकसायवीयरागसंजमे चेव केवलिखीणकसायवीयरागसंजमे चेव। छउमत्थखीणकसायवीयरागसंजमे दुविहे पएणत्ते, तं जहा—सयंबुद्धछउमत्थखीणकषाय० बुद्धबोहियछउमत्थ०। सयंबुद्धछउमत्थ० दुविहे पएणत्ते, तं जहा—पढमसमय० अपढम-समय०। अथवा चरिमसमय० अचरिमसमय०। केवलिखीणकसायवीतरागसंजमे दुविहे पएणत्ते, तं जहा—सजोगिकेवलिखीणकसाय० अजोगिकेवलिखीणकसायवीयराग०। सजोगिकेवलिखीणकसायसंजमे दुविहे पएणत्ते, तं जहा—पढमसमय० अपढमसमय०। अहवा चरिमसमय० अचरिमसमय०। अजोगिकेवलिखीणकसाय० संजमे दुविहे पएणत्ते, तं जहा—पढमसमय० अपढमसमय०। अहवा चरिमसमय० अचरिमसमय०॥

स्थानांगसूत्र स्थान २ उद्दे० १ सूत्र ७२.

तत्वार्थश्रद्धानं सम्यग्दर्शनम् ॥

त० सू० अ० १, सू० २

तहियाणं तु भावाणं, सब्भावे उवएसणं ।
भावेणं सद्दहन्तस्स, सम्मतं तं वियाहियं ॥

उत्तरा० अ० २८ गाथा १५

छाया— तथ्यानां तु भावानां, सद्भाव उपदेशनम् ।
भावेन श्रद्दधतः सम्यक्त्वं तद् व्याख्यातम् ॥

भाषा टीका — वास्तविक भावों के अस्तित्व के उपदेश देने तथा उसी भाव से उसका श्रद्धान करने को सम्यक्त्व कहा गया है।

संगति — जीव, अजीव आदि तत्त्वों के उसी स्वरूप का उपदेश देना जो वास्तविक है और जिसका जैन शास्त्रों में वर्णन किया गया है। इसके अतिरिक्त जिस रूप से उसको जानकर उनका उपदेश किया जाता है उसी भाव से उनमें श्रद्धान रखना सम्यग्दर्शन है।

तन्निसर्गादधिगमाद्वा ॥

त० सू० अ० १, सू० ३

सम्मद्दंसणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—णिसग्गसम्मद्दंसणे चेव अभिगमसम्मद्दंसणे चेव ॥

स्थानाङ्ग सूत्र स्थान २, उद्देश १, सूत्र ७०

छाया— सम्यग्दर्शनं द्विविधं प्रज्ञप्तं, तद्यथा—निसर्गसम्यग्दर्शनं चैव अभिगमसम्यग्दर्शनं चैव ॥

भाषा टीका — वह सम्यग्दर्शन दो प्रकार का होता है, एक निसर्ग सम्यग्दर्शन दूसरा अभिगम सम्यग्दर्शन।

संगति — निसर्ग शब्द का अर्थ स्वभाव है, और अभिगम शब्द का अर्थ ज्ञान है। जो सम्यग्दर्शन पिछले भव अथवा उत्तम संस्कार आदि के स्वभाव से स्वयं ही आत्मा में प्रगट हो उसे निसर्ग सम्यग्दर्शन कहते हैं, किन्तु जो सम्यग्दर्शन आचार्य,

गुरु, उत्तम उपदेश देने वाले आदि के द्वारा ज्ञान प्राप्त करके हो उसे अभिगम अथवा अधिगम सम्यग्दर्शन कहते हैं।

जीवाजीवास्रवबन्धसंवरनिर्जरामोक्षास्तत्त्वम् ॥

अ० १, सू० ४

नव सब्भावपयत्था पराणत्ते, तं जहा-जीवा अजीवा पुराणं पावो आसवो संवरो निज्जरा बंधो मोक्खो स्थानाङ्ग स्थान ९, सूत्र ६६५

छाया— नव सद्भावपदार्थाः प्रज्ञप्तास्तद्यथा जीवाः अजीवाः पुण्यं पापः आस्रवः संवरः निर्जरा बन्धः मोक्षः ॥

भाषा टीका—सद्भाव पदार्थ नौ प्रकार के बतलाये गये हैं, और वह इस प्रकार हैं—जीव, अजीव, पुराय, पाप, आश्रव, संवर, निर्जरा, बन्ध और मोक्ष।

संगति—'तत्त्व' शब्द का मूल 'तत्' है। जिसका अर्थ वह होता है। अतएव 'तत् पना' अथवा 'वह पना' 'तत्त्व' है। दूसरे शब्दों में तत्त्व शब्द का अर्थ सद्भाव अथवा अस्तित्व है। संक्षेप से सात तत्त्व रूप से वर्णन किये जाने में यह तत्त्व कहलाते हैं और विशेष रूप से वर्णन करने में यह पदार्थ कहलाते हैं। उस समय आस्रव और बन्ध से पाप और पुराय प्रथक् कर लिये जाते हैं। संक्षेप विविक्षा में पाप और पुराय का आस्रव और बन्ध में अन्तर्भाव कर दिया गया है। स्थानाङ्ग में विस्तृत कथन होने से नौ पदार्थों का वर्णन किया गया है। किन्तु सूत्रों में संग्रह नय के आश्रित होकर ही संक्षेप से कथन किया गया है। अत: यहां सात तत्वों का वर्णन है।

नामस्थापनाद्रव्यभावतस्तन्न्यासः ॥

अ० १, सू० ५

जत्थ य जं जाणेज्जा निक्खेवं निक्खिवे निरवसेसं।
जत्थवि अ न जाणेज्जा चउक्कगं निक्खिवे तत्थ ॥

आवस्सयं चउव्विहं पराणत्ते, तं जहा—नामावस्सयं ठवणावस्सयं दव्वावस्सयं भावावस्सयं ॥ अनुयोगद्वार सूत्र, सूत्र ८

छाया— यत्र च यं जानीयात् निक्षेपं निक्षिपेत् निरवशेषं ।
यत्रापि च न जानीयात् चतुष्कं निक्षिपेत् तत्र ॥
आवश्यकं चतुर्विधं प्रज्ञप्तं, तद्यथा—नामावश्यकं,
स्थापनावश्यकं, द्रव्यावश्यकं, भावावश्यकं ।

भाषा टीका — जिसका ज्ञान हो उसको पूर्ण रूप से निक्षेप के रूप में रक्खे। किन्तु यदि किसी वस्तु का ज्ञान न हो तो उसको भी निम्नलिखित चार प्रकार से वर्णन करे — आवश्यक चार प्रकार के कहे गये हैं — नामावश्यक, स्थापनावश्यक, द्रव्यावश्यक और भावावश्यक।

संगति — निक्षेप 'रखने' अथवा 'उपस्थित करने' को कहते हैं। जैन शास्त्रों में वस्तु तत्त्व को शब्दों में रखने, उपस्थित करने अथवा वर्णन करने के चार ढंग बतलाये गये हैं। जिन्हें निक्षेप कहते हैं। अनुयोग द्वार सूत्र का इतना विशेष कथन है कि जिसको जाने उसका भी निक्षेप रूप में वर्णन करे और जिसको न जाने उसको जितना भी समझे कम से कम उतने का अवश्य चार निक्षेप रूप में वर्णन करे। क्यों कि इस प्रकार वस्तुतत्त्व अच्छा समझ में आ जाता है।

प्रमाणनयैरधिगमः ॥

अ० १, सू० ६

दव्वाण सव्वभावा, सव्वपमाणेहिं जस्स उवलद्धा ।
सव्वाहिं नयविहीहिं, वित्थाररुइ त्ति नायव्वो ॥

उत्तराध्ययन अ० २८ गा० २४

छाया— द्रव्याणां सर्वभावाः, सर्वप्रमाणैर्यस्योपलब्धाः ।
सर्वैर्नयविधिभिः विस्ताररुचिरिति ज्ञातव्यः ॥

भाषा टीका — जिसको द्रव्यों के सब भाव सब प्रमाणों और सब नयों से प्राप्त (ज्ञात) हो चुके हैं, [उसको] विस्तार रुचि जानना चाहिये।

संगति — सम्यग्दर्शन आदि रत्नत्रय तथा जीव आदि सात तत्वों को चारों निक्षेपों के अतिरिक्त प्रमाण और नय भी जान सकते हैं। किन्तु प्रमाण में समग्र कथन

होता है और नयों में विशेष कथन होता है। एक २ नय में एक २ अपेक्षा से बहुत विशेष कथन किया जाता है। अत: प्रमाण से विचार करने के उपरान्त विस्तार से विचार करने के लिये नयों के सब भेदों से विचार करे। क्योंकि प्रमाण वस्तु के सर्वदेश का सामान्य वर्णन करता है और नय वस्तु के एक देश का विशेष वर्णन करती है।

अब रत्नत्रय तथा सात तत्वों पर विचार करने का एक और प्रकार बतलाते हैं—

निर्देशस्वामित्वसाधनाधिकरणस्थितिविधानतः ॥

अ० १, सू० ७

निद्दे से पुरिसे कारण कहिं केसु कालं कइविहं ॥

अनुयोगद्वार सूत्र सू० १५१

छाया— निर्देशः पुरुषः कारणं कुत्र केषु कालः कतिविधं ।

भाषा टीका— निर्देश, पुरुष, कारण, कहाँ (किस स्थान में), किनमें, काल, कितनी प्रकार का।

संगति— सूत्र में निर्देश, स्वामित्व, साधन, अधिकरण, स्थिति और विधान का वर्णन है, अनुयोगद्वार सूत्र में पृष्ठ २६४ में इस विषय का बहुत अधिक विस्तार से वर्णन किया गया है, यहां तो केवल थोड़े से नाम छांट लिये गये हैं, किन्तु तो भी इनमें और उनमें विशेष भेद नहीं है। निर्देश तो दोनों में है ही, स्वामित्व और पुरुष में, साधन और कारण में, अधिकरण और कहाँ में, स्थिति और काल में तथा विधान और कितनी प्रकार में कोई विशेष अन्तर न होकर केवल शाब्दिक अंतर है। तो भी अनुयोग के द्वार वाक्यों में 'किनमें' शब्द अधिक है। क्योंकि आगम में विशेष कथन और सूत्र में सूक्ष्मकथन होता है।

सत्संख्याक्षेत्रस्पर्शनकालान्तरभावाल्पबहुत्वैश्च ॥

अ० १, सू० ८

से किं तं अणुगमे ? नवविहे पण्णत्ते, तं जहा—संतपयपरूवणया १ दव्वपमाणं च २ खित्त ३ फुसणा य ४ कालो य ५ अंतरं ६ भाग ७ भाव ८ अप्पाबहुं चेव ।

अनुयोग द्वार सू० ८०

छाया— अथ किं तत् अनुगमः? नवविधं प्रज्ञप्तं, तद्यथा—सत्पदप्ररूपणता द्रव्यप्रमाणं च क्षेत्रं स्पर्शनं च कालश्च अन्तरं भागः भावः अल्पबहुत्वं चैव।

प्रश्न — अनुगम (ज्ञान होने का प्रकार) क्या है?

उत्तर — वह नौ प्रकार का कहा गया है—

सत्पदप्ररूपणता, द्रव्यप्रमाण, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाग, भाव और अल्पबहुत्व।

संगति — सत् और सत्पदप्ररूपणता में भेद नहीं है। द्रव्यप्रमाण और संख्या भी प्रथक् भाव वाले नहीं हैं। तत्वार्थसूत्र के शेष पद आगम में वैसे के वैसे ही हैं। आगम वाक्य में भाग अधिक है, जिसका सूत्रकार ने संक्षेप से वर्णन करने के कारण द्रव्य प्रमाण के साथ संख्या में अन्तर्भाव किया है। इस प्रकार आगम तथा सूत्र दोनों में कुछ भी भेद नहीं है।

मतिश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलानि ज्ञानम् ॥

अ० १ सूत्र ६

पंचविहे णाणे पण्णत्ते, तं जहा—आभिणिबोहियणाणे सुयनाणे ओहिणाणे मणपज्जवणाणे केवलणाणे ॥

स्थानांगसूत्र स्थान ५ उद्दे० ३ सू० ४६३
अनुयोगद्वार सूत्र १
नन्दिसूत्र १
भगवतीसूत्र शतक ८ उद्देश २ सूत्र ३१८

छाया— पञ्चविधं ज्ञानं प्रज्ञप्तं, तद्यथा—आभिनिबोधिकज्ञानं श्रुतज्ञानं अवधिज्ञानं मनःपर्ययज्ञानं केवलज्ञानम् ॥

भाषा टीका — ज्ञान पांच प्रकार का कहा गया है-आभिनिबोधिक ज्ञान, श्रुत ज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्यय ज्ञान और केवलज्ञान।

संगति — इस आगम वाक्य तथा सूत्र में मतिज्ञान के अतिरिक्त और कोई अन्तर नहीं है। सो यह अन्तर भी कुछ अन्तर नहीं है। क्योंकि तत्वार्थसूत्र के इसी

अध्याय के तेरहवें सूत्र में मति का नाम अभिनिबोध भी माना गया है। अतएव अभिनिबोध सम्बन्धी ज्ञान स्वभाव से ही आभिनिबोधिक ज्ञान हुआ।

तत्प्रमाणे।

अ० १, सू० १०

आद्ये परोक्षम्।

अ० १ सू० ११

प्रत्यक्षमन्यत्।

अ० १ सू० १२

से किं तं जीवगुणप्पमाणे?, तिविहे पण्णत्ते, तं जहा—णाणगुणप्पमाणे दंसणगुणप्पमाणे—चरित्तगुणप्पमाणे।

अनुयोगद्वारसूत्र १४४

दुविहे नाणे पण्णत्तं, तं जहा—पच्चक्खे चेव परोक्खे चेव १, पच्चक्खे नाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—केवलणाणे चेव णोकेवलणाणे चेव २,............ णोकेवलणाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—ओहिणाणे चेव मणपज्जवणाणे चेव,..............परोक्खे णाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—आभिणिबोहियणाणे चेव, सुयणाणे चेव।

स्थानांगसूत्र स्थान २ उद्दे० १, सू० ७१.

छाया— अथ किं तत् जीवगुणप्रमाणम्? त्रिविधं प्रज्ञप्तं, तद्यथा—ज्ञानगुणप्रमाणं दर्शनगुणप्रमाणं चारित्रगुणप्रमाणम्॥

द्विविधं ज्ञानं प्रज्ञप्तं, तद्यथा—प्रत्यक्षं चैव परोक्षञ्चैव। प्रत्यक्षं ज्ञानं द्विविधं प्रज्ञप्तं, तद्यथा—केवलज्ञानञ्चैव नोकेवलज्ञानञ्चैव। नोकेवलज्ञानं द्विविधं प्रज्ञप्तं, तद्यथा—अवधिज्ञानं चैव मनःपर्ययज्ञानञ्चैव। परोक्षं ज्ञानं द्विविधं प्रज्ञप्तं, तद्यथा—आभिनिबोधिकज्ञानं चैव श्रुतज्ञानं चैव॥

प्रश्न—जीव का गुण प्रमाण क्या है?

उत्तर—वह तीन प्रकार का है, ज्ञानगुणप्रमाण, दर्शनगुणप्रमाण, और चारित्रगुणप्रमाण।

ज्ञान दो प्रकार का कहा गया है—प्रत्यक्ष और परोक्ष।

प्रत्यक्ष ज्ञान भी दो प्रकार का कहा गया है—केवल ज्ञान और नोकेवलज्ञान। नोकेवलज्ञान भी दो प्रकार है—अवधिज्ञान और मनःपर्यय ज्ञान।

परोक्षज्ञान दो प्रकार का कहा गया है—आभिनिबोधिकज्ञान और श्रुतज्ञान।

संगति—सूत्रकार की अपेक्षा आगमों में सदा ही विस्तार से वर्णन किया गया है। सूत्रकार केवल ज्ञान को ही प्रमाण मानते हैं। किन्तु आगम ने ज्ञान, दर्शन और चारित्र तीनों को ही प्रथक् २ प्रमाण माना है। अनेकान्त नय को मानने वाले जैनधर्म की यह कैसी उत्तम सुन्दरता है। प्रमाण रूप में ज्ञान के भेदों में आगम और सूत्र में कुछ भी अन्तर नहीं है। आगम में एक सुन्दरता विशेष है, वह हैं प्रत्यक्ष के दो भेद—केवलज्ञान और नोकेवलज्ञान। क्योंकि जैन शास्त्र के अनुसार निश्चय नय से तो केवलज्ञान ही प्रत्यक्ष हो सकता है। अवधि और मनः पर्ययज्ञान वास्तव में नोकेवलज्ञान ही हैं। अतः यह निश्चयनय से नहीं, वरन् सद्भूत व्यवहार नय से प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। प्रत्यक्ष के क्षेत्र को विधर्मियों की दृष्टि से सदा बढ़ाने की आवश्यकता पड़ती रही। यहां तक कि कालान्तर में परोक्षज्ञान मति ज्ञान के एक रूप को भी व्यवहारनय से संव्यवहारिक प्रत्यक्ष कह कर मानना पड़ा। अतः यहां सूत्रकार और आगम में कुछ भी अन्तर नहीं है।

"मतिः स्मृतिः संज्ञा चिन्ताऽभिनिबोध इत्यनर्थान्तरम्" ॥ १. १३.

ईहाअपोहवीमंसामग्गणा य गवेसणा।
सन्ना सई मई पन्ना सव्वं आभिणिबोहिअं ॥

नन्दिसूत्र प्रकरण मतिज्ञानगाथा ८०

छाया— ईहाऽपोहविमर्शमार्गणाः च गवेषणा।
संज्ञा स्मृतिः मतिः प्रज्ञा सर्वं आभिनिबोधिकम् ॥

भाषा टीका—ईहा, अपोह, विमर्श, मार्गणा, गवेषणा, संज्ञा, स्मृति, मति, और प्रज्ञा यह सब आभिनिबोधिक ज्ञान ही हैं।

संगति—आगम वाक्य और सूत्र में मति, स्मृति, संज्ञा, और अभिनिबोध तो दोनों

जगह मिलते हैं। आगम के शेष वाक्यों का स्वरूप एक प्रकार के विचार करने का है। क्यों कि 'ईहनमीहा' जानने की विशेष इच्छा करना ईहा, विशेष तलाश करना अपोह, विशेष विचारना विमर्श तथा विशेष तलाश करना मार्गणा कहलाता है। किसी वस्तु के ऊपर 'चिन्तनम्' चिन्ता करना-विचार करना चिन्ता कहलाता है। अतएव जान पड़ता है कि सूत्रकार ने चिंता पद से उपरोक्त सब शब्दों को प्रगट किया है। आगमवाक्य में विशेष कथन होने के कारण प्रज्ञा शब्द अधिक है, किन्तु वह भी मति का ही पर्याय वाची है।

"तदिन्द्रियाऽनिन्द्रियनिमित्तम् ॥" १. १४.

से किं तं पच्चक्खं ? पच्चक्खं दुविहं पण्णत्तं, तं जहा—इन्दियपच्चक्खं नोइन्दियपच्चक्खं च।

नन्दिसूत्र ३,
अनुयोगद्वार १४४,

छाया— अथ किं तत् प्रत्यक्षं ? प्रत्यक्षं द्विविधं प्रज्ञप्तं, तद्यथा—इन्द्रियप्रत्यक्षं नोइन्द्रियप्रत्यक्षञ्च ॥

प्रश्न—वह प्रत्यक्ष क्या है ?

उत्तर—वह प्रत्यक्ष दो प्रकार का है—इन्द्रियप्रत्यक्ष और नोइन्द्रियप्रत्यक्ष।

संगति—सूत्र में मतिज्ञान के उत्पन्न होने के कारण बतलाये गये हैं कि वह मतिज्ञान इन्द्रिय (पांच) और अनिन्द्रिय (मन) से उत्पन्न होता है। फिर यही छै कारण मतिज्ञान के ३३६ भेदों में गिन लिये गये हैं। आगम ने कारण विवक्षा न देकर भेदविवक्षा से वही कथन किया है। यह ऊपर दिखला दिया गया है कि मतिज्ञान को (सांव्यवहारिक) प्रत्यक्ष भी कहा जाने लगा था।

"अवग्रहेहावायधारणाः ॥" १. १५.

से किं तं सुअनिस्सिअं ? चउव्विहं पण्णत्तं, तं जहा—"उग्गह १ ईहा २ अवाओ ३ धारणा ४"

नन्दिसूत्र २७

छाया— अथ किं तत् श्रुतनिःसृतम् ? चतुर्विधं प्रज्ञप्तं, तद्यथा—अवग्रहः ईहा अवायः धारणा ।

भाषा टीका—वह श्रुत निःसृत क्या है ? वह चार प्रकार का कहा गया है—अवग्रह, ईहा, अवाय, और धारणा ।

संगति—यहां इन चारों का ज्ञान होने की अपेक्षा से मतिज्ञान को श्रुतनिःसृत अर्थात् सुन कर निकला हुआ अथवा शास्त्र सुन कर जाना हुआ माना गया है ।

"बहुबहुविधक्षिप्रानिःसृतानुक्तध्रुवाणां सेतराणाम्" ।

१. १६.

छव्विहा उग्गहमती पराणत्ता, तं जहा—खिप्पमोगिरहति बहुमोगिरहति बहुविधमोगिरहति धुवमोगिरहति अणिस्सियमोगिरहइ असंदिद्धमोगिरहइ । छव्विहा ईहामती पराणत्ता, तं जहा—खिप्पमीहति बहुमीहति जाव असंदिद्धमीहति । छव्विधा अवायमती पराणत्ता, तं जहा—खिप्पमवेति जाव असंदिद्धं अवेति । छव्विधा धारणा पराणत्ता, तं जहा—बहुं धारेइ पोराणं धारेति दुद्धरं धारेति अणिस्सितं धारेति असंदिद्धं धारेति ।

स्थानांग स्थान ६, सूत्र ५१०

जं बहु बहुविह खिप्पा अणिस्सिय निच्छिय धुवे यर विभिन्ना, पुणरोग्गहादओ तो तं छत्तीसत्तिसयभेदं ।

इयि भासयारेण,

छाया— षड्विधा अवग्रहमतिः प्रज्ञप्ता, तद्यथा—क्षिप्रमवगृह्णाति बहुमवगृह्णाति बहुविधमवगृह्णाति ध्रुवमवगृह्णाति अनिःसृतमवगृह्णाति असंदिग्धमवगृह्णाति । षड्विधा ईहामतिः प्रज्ञप्ता, तद्यथा—क्षिप्रमीहति बहुमीहति यावदसंदिग्धमीहति । षड्विधा अवायमतिः प्रज्ञप्ता, तद्यथा—क्षिप्रमवैति यावदसंदिग्धमवैति । षड्विधा धारणा प्रज्ञप्ता,

तद्यथा—बहुं धारयति बहुविधं धारयति पुराणं धारयति दुर्द्धरं
धारयति अनिश्रितं धारयति असंदिग्धं धारयति ।
यत् बहुबहुविधक्षिप्रानिश्रितनिश्चितध्रुवेतरविभिन्ना ।
यत्पुनरवग्रहादयोऽतस्तत्षट्त्रिंशदधिकत्रिशतभेदं ॥

इति भाष्यकारेण.

भाषा टीका—अवग्रह मति ज्ञान छै प्रकार का होता है—क्षिप्र, बहुविध, ध्रुव, अनिःसृत और असंदिग्ध। इसी प्रकार ईहामति के भी छै भेद होते हैं। अवायमति के भी यही छै भेद हैं और धारणा के निम्नलिखित छै भेद हैं—बहु, बहुविध, पुराण, दुर्द्धर, अनिःश्रित और असंदिग्ध। अवग्रह आदि के इन छै भेदों के अतिरिक्त छै इनके उलटे भेद भी हैं—बहु का अल्प, बहुविध का एकविध, क्षिप्र का अक्षिप्र, अनिःसृत का निःसृत, निश्चित का अनिश्चित तथा ध्रुव का अध्रुव। इन सब भेदों को जोड़ने से मतिज्ञान के ३३६ भेद होते हैं। ऐसा भाष्यकार ने कहा है।

संगति—उपरोक्त भेदों में धारणा के भेदों में क्षिप्र तथा ध्रुव के स्थान में पुराण और दुर्द्धर आता है। भाष्यकार के भेदों में अनुक्त के स्थान में निश्चित आता है। किन्तु यह भेद कोई बड़ा भेद नहीं है। मतिज्ञान से बाहिर न यह हैं न वह हैं। मुख्य बात मतिज्ञान के भेद सम्बन्धी है, जिसके विषय में आगम और तत्त्वार्थसूत्र दोनों एक मत हैं। अतएव इसमें कुछ भी भेद नहीं समझना चाहिये।

"अर्थस्य" ॥

१. १७.

से किं तं अत्थुग्गहे ? अत्थुग्गहे छव्विहे पराणत्ते, तं जहा—सोइन्दियअत्थुग्गहे, चक्खिंदियअत्थुग्गहे, घाणिंदियअत्थुग्गहे, जिब्भिदियअत्थुग्गहे, फासिंदिय अत्थुग्गहे, नोइन्दिय अत्थुग्गहे।

नन्दिसूत्र ३०.

छाया— अथ किं सः अर्थावग्रहः? अर्थावग्रहः षड्विधः प्रज्ञप्तस्तद्यथा—श्रोत्रेन्द्रियार्थावग्रहः, चक्षुरिन्द्रियार्थावग्रहः, घ्राणेन्द्रियार्थावग्रहः, जिह्वे-

न्द्रियार्थावग्रहः, स्पर्शनेन्द्रियार्थावग्रहः, नोइन्द्रियार्थावग्रहः ॥

प्रश्न — अर्थावग्रह क्या है। उत्तर—अर्थावग्रह छै प्रकार का कहा गया है—कर्ण इन्द्रिय अर्थावग्रह, चक्षु इन्द्रिय अर्थावग्रह, नासिका इन्द्रिय अर्थावग्रह, रसना इन्द्रिय अर्थावग्रह, स्पर्शन इन्द्रिय अर्थावग्रह और नो इन्द्रिय (मन) अर्थावग्रह ।

संगति—मतिज्ञान के उपरोक्त सब भेद 'अर्थ' अथवा प्रगटरूप पदार्थ के हैं। सूत्र में अर्थ को प्रगटरूप पदार्थ और व्यञ्जन को अप्रगट रूप पदार्थ कहा गया है। इस सूत्र में प्रगट रूप पदार्थ का उपसंहार किया गया है। अस्तु, प्रगट रूप पदार्थ के भेदों का विस्तार निम्नलिखित है।

मतिज्ञान के अवग्रह, ईहा, अवाय, धारणा यह चार भेद हैं। फिर प्रत्येक के बहु बहुविध आदि के भेद से बारह २ भेद हैं, जो बारह को चार से गुणा देने से अड़तालीस हुए। इनमें से प्रत्येक भेद का ज्ञान पांचों इन्द्रिय और मन की अपेक्षा छै २ प्रकार से होता है। अस्तु अड़तालीस को छै में गुणा देने से २८८ भेद प्रगट रूप (अर्थ) मतिज्ञान के हुए। अगले सूत्रों में बतलाया जावेगा कि अप्रगट रूप पदार्थ के ४८ भेद होते हैं। जिनको २८८ में जोड़ने से मतिज्ञान के कुल भेद ३३६ होते हैं।

"व्यञ्जनस्यावग्रहः" ॥

१. १८

"न चक्षुरनिन्द्रियाभ्याम्" ॥

१. १९

सुय निस्सिए दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—अत्थोग्गहे चेव बंजणोवग्गहे चेव ॥

स्थानांग स्थान २ उद्देश १ सूत्र ७१.

से किं तं बंजणुग्गहे ? बंजणुग्गहे चउव्विहे पणत्ते, तं जहा— "सोइन्दियबंजणुग्गहे, घाणिंदियबंजणुग्गहे, जिब्भिदियबंजणुग्गहे, फासिंदियबंजणुग्गहे सेतं बंजणुग्गहे ॥

नन्दिसूत्र सूत्र २९.

छाया— श्रुतनिश्रित' द्विविधः प्रज्ञप्तस्तद्यथा—अर्थावग्रहश्चैव व्यञ्जनावग्रह-श्चैव ।

अथ किं सः व्यञ्जनावग्रहः ? व्यञ्जनावग्रहश्चतुर्विधः प्रज्ञप्तस्तद्यथा—श्रोत्रेन्द्रियव्यञ्जनावग्रहः, घ्राणेन्द्रियव्यञ्जनावग्रहः, जिव्हेन्द्रिय-व्यञ्जनावग्रहः, स्पर्शनेन्द्रियव्यञ्जनावग्रहः, सोऽयं व्यञ्जनावग्रहः ॥

भाषा टीका — शास्त्र के अनुसार वह ज्ञान दो प्रकार का होता है — अर्थावग्रह और व्यंजनावग्रह ।

प्रश्न—व्यञ्जनावग्रह क्या है ?

उत्तर—व्यञ्जनावग्रह चार प्रकार का होता है— कर्ण इन्द्रिय व्यञ्जनावग्रह, घ्राण इन्द्रिय व्यञ्जनावग्रह, रसना इन्द्रिय व्यञ्जनावग्रह, स्पर्शन इन्द्रिय व्यञ्जनावग्रह । यह व्यञ्जनावग्रह है ।

संगति—इस सूत्र में बताया गया है कि यद्यपि अर्थ (प्रगट रूप पदार्थ) के अवग्रह ईहा, अवाय और धारणा चार भेद होते हैं, किन्तु अप्रगट रूप पदार्थ का केवल अवग्रह ही होता है । अन्य ईहा आदि नहीं होते । अप्रगट रूप पदार्थ की दूसरी विशेषता यह होती है कि यह पांचों इन्द्रियों और छटे मन सभी से नहीं होता, वरन् चक्षु के अतिरिक्त केवल चार इन्द्रियों से ही होता है । व्यञ्जनावग्रह में चक्षु और मन से काम लेना नहीं पड़ता । अस्तु व्यञ्जनावग्रह बहुविध आदि के भेद से बारह प्रकार का होता है । उनमें से प्रत्येक भेद का ज्ञान चार इन्द्रियों (स्पर्शन-रसन-घ्राण और कर्ण) से हो सकता है । अतः बारह को चार से गुणा देने पर अप्रगट रूप पदार्थ (व्यञ्जन) के अड़तालीस भेद हुए। जिनको प्रगट रूप पदार्थ के २८८ भेदों में जोड़ने से मतिज्ञान के कुल ३३६ भेद होते हैं।

"श्रुतं मतिपूर्वं द्व्यनेकद्वादशभेदम् ॥"

१. २०.

मईपुव्वं जेण सुअं न मई सुअपुव्विआ ॥

नन्दि० सूत्र २४.

सुयनाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—अंगपविट्ठे चेव अंग बाहिरे चेव ॥

स्थानांग स्था० २, उद्देश १, सू० ७१.

से किं तं अंगपविट्ठं ? दुवालसविहं पण्णत्तं, तं जहा—आयारो १ सुयगडे २ ठाणं ३ समवाओ ४ विवाहपण्णत्ती ५ नायाधम्मकहाओ ६ उवासगदसाओ ७ अंतगडदसाओ ८ अणुत्तरोववाइअदसाओ ६ पण्हावागरणाइं १० विवागसुअं ११ दिट्ठिवाओ १२ ॥

नन्दि० सूत्र ४४.

छाया— मतिपूर्वं येन श्रुतं न मतिः श्रुतपूर्विका ।

श्रुतज्ञानं द्विविधं प्रज्ञप्तं, तद्यथा—अङ्गप्रविष्टश्चैव अङ्गबाह्यश्चैव ॥
अथ किं तदङ्गप्रविष्टं ? द्वादशविधं प्रज्ञप्तं, तद्यथा—आचाराङ्गः १ सूत्रकृताङ्गः २ स्थानांगः ३ समवायाङ्गः ४ व्याख्याप्रज्ञप्त्यंगः ५ ज्ञातृधर्मकथाङ्गः ६ उपासकदशाङ्गः ७ अन्तकृद्दशाङ्गः ८ अनुत्तरोपपादिकदशांङ्गः ९ प्रश्नव्याकरणाङ्गः १० विपाकश्रुताङ्गः ११ दृष्टिवादाङ्गः १२ ॥

भाषा टीका—श्रुत ज्ञान मतिपूर्वक होता है। मतिज्ञान श्रुतज्ञान पूर्वक नहीं होता । श्रुतज्ञान दो प्रकार का कहा गया है—अङ्ग प्रविष्ट और अङ्गबाह्य ।

प्रश्न—अङ्गप्रविष्ट क्या है ?

उत्तर—वह बारह प्रकार का है—१ आचारांग, २. सूत्रकृतांग, ३. स्थानांग, ४. समवायांग. ५. व्याख्याप्रज्ञप्ति अंग, ६. ज्ञाताधर्मकथांग, ७. उपाशकदशांग, ८ अन्तकृत दशांग, ९ अनुत्तरोपपादिकदशांग, १०. प्रश्नव्याकरणांग, ११ विपाकश्रुतांग, और १२ दृष्टिवादांग हैं।

अङ्ग बाह्य में कालिक आदि अनेक भेद तथा आवश्यक के छै भेद वर्णन किये गये हैं।

संगति—यहां सूत्रकार और आगमप्रमाण में तनिक भी भेद नहीं है ।

“ भवप्रत्ययोऽवधिर्देवनारकाणाम् ॥ ”

१ । २१

दोण्हं भवपच्चइए पण्णत्ते, तं जहा—देवाणं चेव नेरइयाणं चेव ।

स्थानांग स्थान २, उद्देश १, सूत्र ७१.

से किं तं भवपच्चइअं ? दुण्हं, तं जहा—देवाण य नेइरयाण य ।।

नन्दि० सूत्र ७.

छाया— द्वयोः भवप्रत्ययिकः प्रज्ञप्तस्तद्यथा—देवानां चैव नारकाणां चैव ।।

भाषा टीका—भवप्रत्ययिक अवधिज्ञान दो के ही होता है—देवों के और नारकियों के ।

"क्षयोपशमनिमित्तः षड्विकल्पः शेषाणाम् ॥"

१ २२.

से किं तं खाओवसमिअं ? खाओवसमिअं दुण्हं, तं जहा—मणूसाण य पंचिंदियतिरिक्खजोणियाण य । को हेऊ खाओवसमिअं ? खाओवसमियं तयावरणिज्जाणं कम्माणं उदिण्णाणं खएणं अणुदिण्णाणं उवसमेणं ओहिनाणं समुप्पज्जइ ।।

नन्दिसूत्र सूत्र ८

दोण्हं खओवसमिए पण्णत्ते, तं जहा—मणुस्साणं चेव पंचिदियतिरिक्खजोणियाणं चेव ।

स्थानांग स्था० २, उद्दे० १ सूत्र ७१.

छव्विहे ओहिनाणे पण्णत्ते, तं जहा— अणुगामिए, अणाणुगामिते, वड्ढमाणते, हीयमाणते, पडिवाती अपडिवाती ।।

स्थानांग स्थान ६ सूत्र ५२६.

छाया— अथ किं तत्क्षायोपशमिकं ? क्षायोपशमिकं द्वयोः, तद्यथा—मनुष्याणाञ्च पञ्चेन्द्रियतिर्यग्योनिकानाञ्च । को हेतुः क्षायोपशमिकं ? क्षायोपशमिकं तदावरणीयानां कर्मणाम् उदीर्णानां क्षयेण अनुदीर्णानामुपशमेनावधिज्ञानं समुपद्यते ।।

द्वयो: क्षायोपशमिक: प्रज्ञप्तस्तद्यथा—मनुष्याणाञ्च पञ्चेन्द्रिय-तिर्यग्योनिकानाञ्चैव।

षड्विधमवधिज्ञानं प्रज्ञप्तं, तद्यथा—अनुगामिक:, अननुगामिक:, वर्द्धमान:, हीयमान:, प्रतिपाती, अप्रतिपाती,

प्रश्न—क्षायोपशमिक अवधिज्ञान क्या होता है?

उत्तर—क्षायोपशमिक दो के ही होता है—मनुष्यों के और तिर्यञ्चों के।

प्रश्न—यह क्षायोपशमिक किस कारण से कहलाता है?

उत्तर—पके हुए अवधिज्ञानावरणीय कर्म के क्षय से और विपाक को प्राप्त न होने वाले अवधिज्ञानावरणीय कर्म के उपशम से क्षायोपशमिक अवधिज्ञान उत्पन्न होता है।

क्षायोपशमिक अवधिज्ञान दो के ही होता है—मनुष्यों के तथा पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चों के।

यह अवधिज्ञान छै *प्रकार का होता है—अनुगामिक, अननुगामिक, वर्द्धमान, हीयमान, प्रतिपाती और अप्रतिपाती।

संगति—आगम बिलकुल स्पष्ट है, उसमें विशेष कथन है। सूत्र में तो सूक्ष्म कथन हुआ ही करता है।

"ऋजुविपुलमती मनःपर्ययः ॥"

१. २३.

मणपज्जवणाणे दुविहे पराणत्ते, तं जहा—उज्जुमति चेव विउलमति चेव ॥

स्थानांगसूत्र स्थान २ उद्दे० १, सू० ७१.

छाया— मन:पर्ययज्ञानं द्विविधं प्रज्ञप्तं, तद्यथा — ऋजुमतिश्चैव विपुलमतिश्चैव।

भाषा टीका—मन:पर्यय ज्ञान दो प्रकार का होता है—ऋजुमती और विपुलमति।

"विशुद्ध्यप्रतिपाताभ्यां तद्विशेषः ॥"

१. २४.

---

* पन्नवणासूत्र पद ३३वें में अवस्थित और अनवस्थित भेद भी आते हैं।

उज्जुमई णं अणंते अणंतपएसिए खंधे जाणइ पासइ ते चेव विउलमई, अब्भहियतराए विउलतराए विसुद्धतराए वितिमिरतराए जाणइ पासइ, इत्यादि ॥

नन्दिसूत्र सूत्र १८.

छाया— ऋजुमतिः अनन्तान् अनन्तप्रदेशकान् स्कन्धान् जानाति पश्यति तांश्चैव विपुलमतिः, अभ्यधिकतरं विपुलतरं विशुद्धतरं वितिमिरतरं जानाति पश्यति, इत्यादि ।

भाषा टीका—ऋजुमति मनःपर्ययज्ञान अनन्तप्रदेश वाले अनन्त स्कन्धों को जानता और देखता है। विपुलमति भी उन सबको जानता और देखता है। किन्तु यह उससे बड़े, अधिक, विशुद्धतर तथा अधिक निर्मल को जानता और देखता है।

संगति—सूत्रकार का कथन है कि विपुलमति मनःपर्ययज्ञान ऋजुमति की अपेक्षा अधिक विशुद्ध है तथा अप्रतिपाती होता है। चरित्र से न गिरने को अप्रतिपाती कहते हैं। अर्थात् विपुलमति मनःपर्यय ज्ञान प्राप्त करने पर उपशम श्रेणि न बांधकर क्षपक श्रेणि पर चढ़ता है और क्रमशः चार घातिया कर्मों को नष्ट कर मोक्ष प्राप्त करता है। सारांश यह है कि विपुलमति मनःपर्यय ज्ञान वाला चारित्र से कभी नहीं गिर सकता। अतएव उसको अप्रतिपाती कहा है। जब कि ऋजुमति मनःपर्यय ज्ञान वाले की चारित्र से गिरने की आशंका हो सकती है। आगम में इन दोनों में विशुद्धि का ही भेद माना है। अप्रतिपात से वह सहमत नहीं है। जान पड़ता है कि अप्रतिपाती सिद्धान्त मतान्तर सिद्धान्त है।

"विशुद्धिक्षेत्रस्वामिविषयेभ्योऽवधिमनःपर्यययोः।"

१. २५.

..... इड्ढीपत्त अपमत्त संजय सम्मदिट्ठि पज्जतग संखेज्जवासाउअ कम्मभूमिअ गब्भवक्कंतिअ मणुस्साणं मणपज्जवनाणं समुप्पज्जइ।

तं समासओ चउव्विहं पण्णत्तं, तं जहा—दव्वओ खित्तओ कालओ भावओ इत्यादिकम् ॥

नन्दिसूत्र मनःपर्ययज्ञानाधिकार.

छाया— ऋद्धिप्राप्ताप्रमत्तसंयतसम्यग्दृष्टिपर्याप्तकसंख्येयवर्षायुष्ककर्मभूमिकगर्भव्युत्क्रान्तिकमनुष्याणां मनःपर्ययज्ञानं समुत्पद्यते ।

तत्समासतश्चतुर्विधं प्रज्ञप्तं, तद्यथा—द्रव्यतः क्षेत्रतः कालतः भावतः इत्यादिकम् ॥

भाषा टीका—मनःपर्यय ज्ञान केवल उन जीवों के ही होता है जो गर्भज मनुष्य हों, उनमें भी कर्म भूमि के हों, उनमें भी संख्यात वर्ष की आयु वाले हों—असंख्यात वर्ष की आयु वाले नहीं; फिर उनमें भी पर्याप्तक हों अपर्याप्तक न हों, उनमें भी सम्यग्दृष्टि हों, फिर उनमें भी सप्तम गुणस्थान अप्रमत्तसंयत वाले हों, और फिर उनमें भी ऋद्धिप्राप्त हों।

संक्षेप से मनःपर्यय ज्ञान चार प्रकार से होता है— द्रव्य से, क्षेत्र से, काल से और भाव से इत्यादि ।

संगति — सूत्र में बतलाया गया है कि अवधि और मनःपर्यय ज्ञान में क्या भेद है। मनःपर्यय ज्ञान अवधिज्ञान की अपेक्षा अधिक विशुद्ध होता है। अवधिज्ञान का क्षेत्र तीन लोक हैं, जब कि मनःपर्यय ज्ञान का क्षेत्र केवल मध्यलोक, उसमें भी अढ़ाई द्वीप और उसमें भी वह कर्मभूमियां हैं जहां केवल चौथा काल या उसकी सन्धि हो। अवधिज्ञान के स्वामी चारों गतियों में हैं, किन्तु मनःपर्यय ज्ञान के स्वामी ऊपर आगम वाक्य के अनुसार बहुत थोड़े होते हैं। अवधि ज्ञान और मनःपर्यय ज्ञान के विषय में भी बड़ा भेद है जैसा कि अगले सूत्रों से प्रगट होगा। आगम में यह सब बातें बड़े विस्तार से आई हैं। यह सम्भव नहीं हो सका कि इन सब बातों को दिखलाने वाले छोटे वाक्य उद्धृत किये जाते। किन्तु यह अवश्य है कि आगम और सूत्र दोनों में इस विषय पर मत भेद नहीं है।

"मतिश्रुतयोर्निबन्धो द्रव्येष्वसर्वपर्यायेषु,"

१. २६.

..... तत्थ दव्वओणं आभिणिबोहियणाणी आएसेणं सव्वाइं दव्वाइं जाणइ न पासइ, खेत्तओणं आभिणिबोहियणाणी आए- सेणं सव्वं खेत्तं जाणइ न पासइ, कालओणं आभिणिबोहिय- णाणी आएसेणं सव्वकालं जाणइ न पासइ, भावओणं आभि- णिबोहियणाणी आएसेणं सव्वे भावे जाणइ न पासइ।

नन्दिसूत्र सूत्र ३७.

से समासओ चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा—दव्वओ खित्तओ कालओ भावओ। तत्थ दव्वओणं सुअणाणी उवउत्ते सव्वदव्वाइं जाणइ पासइ, खित्तओणं सुअणाणी उवउत्ते सव्वं खेत्तं जाणइ पासइ, कालओणं सुअणाणी उवउत्ते सव्वं कालं जाणइ पासइ, भावओणं सुअणाणी उवउत्ते सव्वे भावे जाणइ पासइ।

नन्दिसूत्र सूत्र ५८.

छाया— तत्र द्रव्यत: आभिनिबोधिकज्ञानी आदेशेन सर्वाणि द्रव्याणि जानाति न पश्यति। क्षेत्रत: आभिनिबोधिकज्ञानी आदेशेन सर्वं क्षेत्रं जानाति न पश्यति। कालत: आभिनिबोधिक ज्ञानी आदेशेन सर्वं कालं जानाति न पश्यति, भावत: आभिनिबोधिकज्ञानी आदेशेन सर्वाणि भावानि जानाति न पश्यति।

अथ समासतश्चतुर्विध: प्रज्ञप्तस्तद्यथा—द्रव्यत: क्षेत्रत: कालत: भावत:। तत्र द्रव्यत: श्रुतज्ञानी उपयुक्त: सर्वद्रव्याणि जानाति पश्यति, क्षेत्रत: श्रुतज्ञानी उपयुक्त: सर्वं क्षेत्रं जानाति पश्यति, कालत: श्रुतज्ञानी उपयुक्त: सर्वं कालं जानाति पश्यति, भावत: श्रुतज्ञानी उपयुक्त: सर्वाणि भावानि जानाति पश्यति।

भाषा टीका— द्रव्य की अपेक्षा मतिज्ञान वाला आदेश से सब द्रव्यों को जानता है किन्तु देखता नहीं। क्षेत्र की अपेक्षा मतिज्ञान वाला आदेश से सब क्षेत्र को जानता

है किन्तु देखता नहीं। काल की अपेक्षा मतिज्ञान वाला आदेश से सभी काल को जानता है किन्तु देखता नहीं। भाव की अपेक्षा मतिज्ञान वाला आदेश से सब भावों को जानता है, किन्तु देखता नहीं।

श्रुतज्ञान संक्षेप से चार प्रकार से होता है—द्रव्य से, क्षेत्र से, काल से और भावसे।

द्रव्य की अपेक्षा उपयोग युक्त श्रुतज्ञानी सब द्रव्यों को जानता और देखता है। क्षेत्र की अपेक्षा उपयोग युक्त श्रुतज्ञानी सब क्षेत्र को जानता और देखता है। काल की अपेक्षा उपयोग युक्त श्रुतज्ञानी सब काल को जानता और देखता है। भाव की अपेक्षा उपयोग युक्त श्रुतज्ञानी सब भावों को जानता और देखता है।

संगति—आगम में उसी बात को विस्तार से कहा गया है, जिसको सूत्र मे संक्षेप से कहा है। सूत्र कहता है कि मति तथा श्रुत ज्ञान के विषयों का निबन्ध द्रव्य की थोड़ी पर्यायों में है. अर्थात् मतिज्ञान तथा श्रुतज्ञान जानते तो सब द्रव्यों को हैं किन्तु उनकी सब पर्यायों को नहीं जानते, वरन् थोड़ी पर्यायों को जानते हैं।

"रूपिष्ववधेः।"

१.२७

……ओहिनाणी जहन्नेणं अणंताइं रूविदव्वाइं जाणइ पासइ। उक्कोसेणं सव्वाइं रूविदवाइं जाणइ पासइ।

नन्दिसूत्र सूत्र १६

छाया— अवधिज्ञानी जघन्येन अनन्तानि रूपिद्रव्याणि जानाति पश्यति। उत्कर्षेण सर्वाणि रूपिद्रव्याणि जानाति पश्यति।

भाषा टीका— अवधिज्ञानी जघन्य रूप से अनन्त रूपी द्रव्यों को जानता और देखता है। उत्कृष्ट रूप से वह सभी रूपी द्रव्यो को जानता और देखता है।

संगति—अवधिज्ञान केवल रूपी द्रव्य को ही जानता है, अरूपी द्रव्यों को नहीं जान सकता। रूपी द्रव्यों में अवधिज्ञान अधिक से अधिक परमाणु तक को जान तथा देख सकता है।

"तदनन्तभागे मनःपर्ययस्य।"

१ २८.

सव्वत्थोवा मणपज्जवणाणपज्जवा। ओहिणाणपज्जवा अणंतगुणा इत्यादि।

भगवती सूत्र शत० ८ उद्देश २ सूत्र ३२३.

छाया— सर्वस्तोकाः मनःपर्ययज्ञानपर्यवाः। अवधिज्ञानपर्यवाः अनन्तगुणाः इत्यादि।

भाषा टीका— मनःपर्यय ज्ञान की पर्याय सब से कम होती है। किन्तु अवधिज्ञान की पर्याय उससे अनन्त गुणी होती हैं।

संगति— जिस द्रव्य को अवधिज्ञान जानता है। मनःपर्यय ज्ञान उसमे भी अनन्तव भाग सूक्ष्म पदार्थ को जानता है।

"सर्वद्रव्यपर्यायेषु केवलस्य।"

१ २९

तं समासओ चउव्विहं ···· अह सव्वदव्वपरिणाम-भावविण्णत्तिकरणमणंतं, सासयमप्पडिवाई एगविहं केवलं णाणं।

नन्दि० सूत्र २२.

छाया— तत्समासतश्चतुर्विधं ······ । अथ सर्वद्रव्यपरिणामभावविज्ञप्तिकरणमनन्तं, शाश्वतमप्रतिपाती एकविधं केवलं ज्ञानम्।

भाषा टीका— संक्षेप से वह चार प्रकार का होता है — केवल ज्ञान सब द्रव्यों के परिणाम और भावों को बतलाने का कारण है, अनन्त है, निरन्तर रहता है, अप्रतिपाती है अर्थात् इसको प्राप्त करके गिर नहीं सकते। इस प्रकार केवल ज्ञान एक प्रकार का होता है।

संगति— सारांश यह है कि केवल ज्ञान सब द्रव्यों की सब पर्यायों को जानता है।

"एकादीनि भाज्यानि युगपदेकस्मिन्नाचतुर्भ्यः।"

१. ३०.

जे णाणी ते अत्थेगतिया दुणाणी अत्थेगतिया तिणाणी, अत्थेगतिया चउणाणी अत्थेगतिया एगणाणी। जे दुणाणी ते नियमा आभिणिबोहियणाणी सुयणाणी य, जे तिणाणी ते आभिणिबोहियणाणी सुतणाणी ओहिणाणी य, अहवा आभिणिबोहियणाणी सुयणाणी मणपज्जवणाणी य, जे चउणाणी ते नियमा आभिणिबोहियणाणी सुतणाणी ओहिणाणी मणपज्जवणाणी य, जे एगणाणी ते नियमा केवलणाणी।

जीवाभि० प्रतिपत्ति १ सूत्र ४१.

छाया— ये ज्ञानिन. ते सन्त्येकका: द्विज्ञानिन: सन्त्येकका: त्रिज्ञानिन: सन्त्येकका: चतुर्ज्ञानिन: सन्त्येकका: एकज्ञानिनः। ये द्विज्ञानिन: ते नियमात् आभिनिबोधिकज्ञानी श्रुतज्ञानी च, ये त्रिज्ञानिनस्ते आभिनिबोधिकज्ञानी श्रुतज्ञानी अवधिज्ञानी च, अथवा आभिनिबोधिकज्ञानी श्रुतज्ञानी मन:पर्ययज्ञानी च, ये चतुर्ज्ञानिनस्ते नियमात् आभिनिबोधिकज्ञानी श्रुतज्ञानी अवधिज्ञानी मन:पर्ययज्ञानी च, ये एकज्ञानिनस्ते नियमात् केवलज्ञानी।

भाषा टीका — ज्ञानियां में किन्हीं के दो ज्ञान होते हैं, किन्हीं के तीन ज्ञान होते हैं, किन्हीं के चार ज्ञान होते हैं और किन्हीं के केवल एक ज्ञान ही होता है। दो ज्ञान वालों के मति और श्रुति होते हैं। तीन ज्ञान वालों के मति, श्रुति और अवधि होते हैं अथवा मवि, श्रुति और मन:पर्यय ज्ञान होते हैं। चार ज्ञान वालों के मति, श्रुति, अवधि और मन:पर्यय ज्ञान होते हैं। एक ज्ञान वालों के केवल ज्ञान ही होता है।

संगति — एक आत्मा में एक समय कम से कम एक और अधिक से अधिक चार ज्ञान तक हो सकते हैं। पांचों कभी एक आत्मा में एक साथ नहीं हो सकते।

"मतिश्रुतावधयो विपर्ययश्च ॥
१. ३१.

"सदसतोरविशेषाद् यदृच्छोपलब्धेरुन्मत्तवत् ॥
१. ३२.

अण्णाणपरिणामेणं भंते कतिविधे पण्णत्ते? गोयमा ! तिविहे पण्णत्ते, तं जहा—मइअण्णाण परिणामे, सुयअण्णाण परिणामे, विभंगणाणपरिणामे ॥

प्रज्ञापना पद १३ ज्ञानपरिणामविषय
स्थानांग सूत्र स्थान ३ उद्देश्य ३ सूत्र २८७

से किं तं मिच्छासुयं? जं इमं अण्णाणिएहिं मिच्छादिट्ठिएहिं सच्छंदबुद्धिमइ विगप्पिअं, इत्यादि ।

नन्दि० सूत्र ४२.

अविसेसिआ मई मइनाणं च मइअन्नाणं च इत्यादि ।

नन्दि० सूत्र २५.

छाया— अज्ञानपरिणामः भदन्त ! कतिविधः प्रज्ञप्तः? गौतम! त्रिविधः प्रज्ञप्तस्तद्यथा—मत्यज्ञानपरिणामः श्रुताज्ञानपरिणामः, विभंगज्ञान-परिणामः ।

अथ किं तन्मिथ्याश्रुतं? यदिदं अज्ञानिभिः मिथ्यादृष्टिभिः स्वच्छन्दबुद्धिमतिविकल्पितम् ।

अविशेषिका मतिः मतिज्ञानं मत्यज्ञानश्च इत्यादि ।

प्रश्न — भगवन् अज्ञान परिणाम कितने प्रकार का कहा गया है ?

उत्तर — गौतम ! वह तीन प्रकार का कहा गया है — मति अज्ञान अथवा कुमति, श्रुताज्ञान अथवा कुश्रुत, तथा विभंग ज्ञान अथवा कुअवधि ।

प्रश्न — वह मिथ्याश्रुत क्या है ?

उत्तर — स्वच्छन्द बुद्धि वाले अज्ञानी मिथ्यादृष्टियों के बनाये हुए शास्त्र को मिथ्याश्रुत कहते हैं ।

सामान्य रूप से मति मतिज्ञान भी होता है और अज्ञान भी होता है।

संगति — मति, श्रुत और अवधि ज्ञान तो होते ही हैं, अज्ञान भी होते हैं। इनके अज्ञान होने का कारण सूत्र में शराबी का उदाहरण देकर स्पष्ट किया है। जिस प्रकार शराबी मद्य पीकर अच्छे या बुरे के ज्ञान से शून्य होकर माता तथा पत्नी को समान समझता है उसी प्रकार अज्ञानी के मति, श्रुत अथवा अवधि यदि पंचाग्नि आदि तप के कारण प्रगट हो भी जावें तो वह कुमति, कुश्रुत और विभंग कहलाते हैं। आगम में इसका विस्तार से वर्णन किया गया है और सूत्र में इसी को कुछ अक्षरों में ही समाप्त कर दिया गया है।

"नैगमसंग्रहव्यवहारर्जुसूत्रशब्द-समभिरूढैवम्भूताः नयाः ॥

१. ३३.

सत्तमूलणया पण्णत्ता, तं जहा – णेगमे, संगहे, ववहारे, उज्जुसूए, सद्दे, समभिरूढे, एवंभूए।

अनुयोगद्वार १३६.
स्थानांग स्थान ७ सूत्र ५५२

छाया— सप्तमूलनयाः प्रज्ञप्तास्तद्यथा – नैगमः, संग्रहः, व्यवहारः, ऋजुसूत्रः, शब्दः, समभिरूढः, एवंभूतः।

भाषा टीका — मूल नय सात कही गई हैं — नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ़ और एवंभूत।

संगति — यहां आगम और सूत्र के शब्द प्रायः मिलते जुलते हैं।

इति श्री जैनमुनि-उपाध्याय-श्रीमदात्माराम-महाराज-संग्रहीते
तत्वार्थसूत्रजैनाऽऽगमसमन्वये

❀ प्रथमाध्यायः समाप्तः ॥ १ ॥ ❀

द्वितीयाऽध्यायः

———:o:———

"औपशमिकक्षायिकौ भावौ मिश्रश्च जीवस्य स्वतत्त्वमौदयिकपारिणामिकौ च ॥"

अध्याय २. सूत्र १.

छव्विधे भावे पण्णत्ते, तं जहा—ओदइए उपसमिते खत्तिते खतोवसमिते पारिणामिते सन्निवाइए ।

स्थानांग स्थान ६, सूत्र ५३७.

छाया— षड्विधः भावः प्रज्ञप्तस्तद्यथा—औदयिकः, औपशमिकः, क्षायिकः, क्षायोपशमिकः, पारिणामिकः, सन्निपातिकः ॥

भाषा टीका — भाव छै प्रकार के होते हैं — औदयिक, औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक, पारिणामिक और सन्निपातिक ।

संगति — सूत्र में पांच भाव होते हुए भी आगम में छै भाव विशेष कथन की अपेक्षा से हैं ।

"द्विनवाष्टादशैकविंशतित्रिभेदा यथाक्रमम्" ॥

२ २.

"सम्यक्त्वचारित्रे ॥"

२. ३.

"ज्ञानदर्शनदानलाभभोगोपभोगवीर्याणि च ॥"

२. ४

"ज्ञानाज्ञानदर्शनलब्धयश्चतुस्त्रित्रिपञ्चभेदाः सम्यक्त्वचारित्रसंयमाऽसंयमाश्च ॥"

२ ५.

मनोज्ञामनोज्ञेन्द्रियविषयरागद्वेषवर्जनानि पंच ।

७, ८.

सोइन्दियरागोवरई चक्खिंदियरागोवरई घाणिंदियरागोवरई जिब्भिंदियरागोवरई फासिंदियरागोवरई ।

समवायांग समय २५.

छाया— श्रोत्रेन्द्रियरागोपरतिः चक्षुरिन्द्रियरागोपरतिः घ्राणेन्द्रियरागोपरतिः जिह्वेन्द्रियरागोपरतिः स्पर्शनेन्द्रियरागोपरतिः ।

भाषा टीका — कर्ण इन्द्रिय के राग उत्पन्न करने वाले विषयों का त्याग, नेत्र इन्द्रिय के राग का त्याग, घ्राण इन्द्रिय के राग का त्याग, जिव्हा इन्द्रिय के राग (शौक) का त्याग, तथा स्पर्शन इन्द्रिय के राग का त्याग [यह पांच परिग्रह त्याग महाव्रत की भावनाएं हैं]

हिंसादिष्विहामुत्रापायावद्यदर्शनम् ।

७, ९.

दुःखमेव वा ।

७, १०.

संवेगिणी कहा चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा—इहलोगसंवेगणी परलोगसंवेगणी आतसरीरसंवेगणी परसरीरसंवेगणी। णिव्वेगणी कहा चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा—इहलोगे दुच्चिन्ना कम्मा इहलोगे दुहफलविवागसंजुत्ता भवंति ।। १ ।। इहलोगे दुच्चिन्ना कम्मा परलोगे दुहफलविवागसंजुत्ता भवंति ।। २ ।। परलोगे दुच्चिन्ना कम्मा इहलोगे दुहफलविवागसंजुता भवंति ।। ३ ।।

परलोगे दुच्चिन्ना कम्मा परलोये दुहफलविवागसंजुत्ता भवंति ॥ ४ ॥ इहलोगे सुचिन्ना कम्मा इहलोगे सुहफलविवागसंजुत्ता भवंति ॥ १ ॥ इहलोगे सुचिन्ना कम्मा परलोगे सुहफलविवागसंजुत्ता भवंति, एवं चउभंगो ।

स्थानांग स्थान ४ उद्दे० २ सूत्र. २८२

छाया— संवेगिनी कथा चतुर्विधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा—इहलोकसंवेगनी परलोकसंवेगनी, आत्मशरीरसंवेगनी परशरीरसंवेगनी ।

निर्वेदनी कथा चतुर्विधा प्रज्ञप्ता, तद्यथा—इहलोके दुश्चीर्णानि कर्माणि इहलोके दुःखफलविपाकसंयुक्तानि भवन्ति ॥ १ ॥ इहलोके दुश्चीर्णानि कर्माणि परलोके दुःखफलविपाकसंयुक्तानि भवन्ति ॥ २ ॥ परलोके दुश्चीर्णानि कर्माणि इहलोके दुःखफलविपाकसंयुक्तानि भवन्ति ॥ ३ ॥ परलोके दुश्चीर्णानि कर्माणि परलोके दुःखफलविपाकसंयुक्तानि भवन्ति ॥ ४ ॥ इहलोके सुचीर्णानि कर्माणि इहलोके सुखफलविपाकसंयुक्तानि भवन्ति ॥ १ ॥ इहलोके सुचीर्णानि कर्माणि परलोके सुखफलविपाकसंयुक्तानि भवन्ति ॥ २ ॥ एवं चतुर्भङ्गः ।

भाषा टीका — संवेगिनी कथा चार प्रकार की कही गई है—इहलोक संवेगिनी, परलोक संवेगनी, आत्मशरीर संवेगनी, परशरीर सवेगनी ।

निर्वेदनी कथा भी चार प्रकार की कही गई है—इस लोक में बुरी तरह एकत्रित किये हुए कर्म इस लोक मे दुःख, फल और विपाक देते हैं ॥ १ ॥ इसलोक में बुरी तरह एकत्रित किये हुए कर्म परलोक में दुःख, फल और विपाक देते हैं ॥ २ ॥ परलोक में बुरी तरह एकत्रित किये हुए कर्म इस लोक में दुःख फल और विपाक से संयुक्त होते हैं ॥३॥ परलोक में बुरी तरह एकत्रित किये हुए कर्म परलोक में ही दुःख, फल और विपाक से संयुक्त होते हैं ॥ ४ ॥

इस लोक में अच्छी तरह किये हुए कर्म इस लोक में सुख, फल और विपाक से

संयुक्त होते हैं ॥ १ ॥ इस लोक में अच्छी तरह किये हुए कर्म परलोक में सुख, फल और विपाक से संयुक्त होते हैं ॥ २ ॥ इस प्रकार चार भंग हैं।

संगति—विचार कर देखने पर पता चलेगा कि उपरोक्त आगम वाक्य भी यही कह रहे हैं कि हिंसा आदि पांचों पाप इस लोक और परलोक में पाप और दुःख को ही देने वाले है और स्वयं दुःख रूप है। सूत्र और आगम वाक्य में केवल कहने के ढंग का भेद है।

मैत्रीप्रमोदकारुण्यमाध्यस्थानि च सत्वगुणाधिकक्लिश्यमानाऽविनयेषु ।

७, ११

मित्तिं भूएहिं कप्पए......

सूत्र कृतांग० प्रथम श्रुतस्कंध अध्याय १५ गाथा ३।

सुप्पडियाणंदा ।

औपपातिक सूत्र १ प्रश्न २०

साणुकोस्सयाए ।

औपपातिक भगवदुपदेश।

मज्झत्थो निजरापेही समाहिमणुपालए ।

आचारांग प्रथम श्रुतस्कंध अध्याय ८ उद्दे० ८ गाथा ५

छाया— मैत्रीं भूतैः कल्पयेत् ।

सुप्रत्यानन्दः ।

सानुक्रोशः ।

मध्यस्थः निर्जरापेक्षी समाधिमनुपालयेत् ।

भाषा टीका—समस्त प्राणियों में मैत्री भाव रखे, अपने से अधिक गुण वालों को देखकर आनन्द में भर जावे, दुखी जीवों पर दया करे और अविनयी लोगों में समाधि का पालन करता, निर्जरा की अपेक्षा करता हुआ माध्यस्थ भाव रखे।

जगत्कायस्वभावौ वा संवेगवैराग्यार्थम् ।

७, १२.

भावणाहि य सुद्धाहिं, सम्मं भावेत्तु अप्पयं ।

उत्तराध्ययन अध्यय १६ गाथा ६४.

अणिच्चे जीवलोगम्मि ।

जीवियं चेव रूवं च, विज्जुसंपायचंचलम् ।

उत्तराध्ययन अध्ययन १८ गाथा ११, १३

छाया— भावनाभिश्च शुद्धाभिः सम्यग् भावयित्वाऽऽत्मानम् ।

अनित्ये जीवलोके……जीवितं चैव रूपं च विद्युत्संपातचंचलम् ।

भाषा टीका—शुद्ध भावनाओं से अपने आप को अच्छी तरह चिन्तवन करके अनित्य जीव लोक में जीवन और रूप को बिजली के गिरने के समान चंचल चिन्तवन करे।

संगति—यह वाक्य भी दूसरे शब्दों में यही कह रहे हैं कि संवेग और वैराग्य के वास्ते जगत् और काय के स्वभाव का चिन्तवन करे।

प्रमत्तयोगात् प्राणव्यपरोपणं हिंसा ।

७. १३.

तत्थ णं जेते पमत्तसंजया ते असुहं जोगं पडुच्च आयारंभा परारंभा जाव णो अणारंभा ।

व्याख्या प्रज्ञप्ति शतक १ उद्दे० १ सूत्र ४८

छाया— तत्र ये ते प्रमत्तसंयतास्तेऽशुभं योगं प्रतीत्य आत्मारंभाःअपि परारम्भाः यावत् नो अनारम्भाः ।

भाषा टीका—प्रमत्तसंयत गुण स्थान वाले मुनि भी अशुभयोग को प्राप्त होकर आत्मारम्भ होते हुए भी परारम्भ हो जाते हैं और पूर्ण आरम्भ करने लगते हैं।

संगति—इस आगम वाक्य में बतलाया गया है कि प्रमत्त संयत गुण स्थान वाले मुनि प्रमाद के योग से प्राणव्यपरोपण रूप हिंसा में फिर भी लग सकते हैं। अन्य लोगों के विषय में तो क्या कहा जावे।

असदभिधानमनृतम् ।

७ १४

अलियं……असच्चं संधत्तणं……असब्भाव……

अलियं

प्रश्न व्याकरणांग आस्रवद्वार २

छाया— अलीकमसत्यं संधत्तणं असद्भावः अलीकम् ।

भाषा टीका — जैसा न हो वैसा असत्य स्थापित करना असत्य कहलाता है ।

अदत्तादानं स्तेयं ।

७. १५

अदत्तं……तेणिक्को ।

प्रश्न व्या० आस्रवद्वार ३

छाया— अदत्तं स्तेनः ।

भाषा टीका — बिना दिये हुए को लेना चोरी है ।

मैथुनमब्रह्म ।

७. १६

अबम्भ मेहुणं ।

प्र० व्या० आस्रवद्वार ४

छाया— अब्रह्म मैथुनम् ।

भाषा टीका — मैथुन करना अब्रह्म पाप कहलाता है ।

मूर्छा परिग्रहः ।

७. १७

मुच्छा परिग्गहो वुत्तो ।

दश० अध्ययन ६ गाथा २१.

छाया— मूर्छा परिग्रहः उक्तः ।

भाषा टीका — चेतन अचेतन रूप परिग्रह में ममत्व परिणाम रूप मूर्छा को परिग्रह कहा गया है।

निश्शल्यो व्रती ।

७, १८

पडिक्कमामि तिहिं सल्लेहिं—मायासल्लेण नियाणसल्लेणं मिच्छादंसणसल्लेणं ।

आवश्यक० चतु० आवश्य० सूत्र ७

छाया— प्रतिक्रमामि त्रिभिः शल्यैः—मायाशल्येन निदानशल्येन मिथ्यादर्शनशल्येन ।

भाषा टीका — मैं तीन शल्यों से प्रतिक्रमण करता हूं—माया शल्य से, निदान शल्य से और मिथ्यादर्शन शल्य से। इस प्रकार प्रतिक्रमण करना ही व्रती का लक्षण है।

आगार्यनगारश्च ।

७, १९

चरित्तधम्मे दुविहे पन्नत्ते· तं जहा—आगारचरित्तधम्मे चेव, अणगारचरित्तधम्मे चेव ।

स्थानांग स्थान २, उ० १

छाया— चारित्रधर्मः द्विविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—आगारचारित्रधर्मश्चैवानागारचरित्रधर्मश्चैव ।

भाषा टीका — चारित्र धर्म दो प्रकार का होता है—आगार चारित्रधर्म अथवा गृहस्थ धर्म और अनागार चारित्र धर्म अथवा मुनिधर्म।

अणुव्रतोऽगारी ।

७, २०

आगारधम्मं ...... अणुव्वयाइं इत्यादि ।

औपपातिक सूत्र श्रीवीर देशना.

छाया— आगरधर्मोऽणुव्रतादिः इत्यादि ।

भाषा टीका — अणुव्रत आदि का धारण करना आगार धर्म कहलाता है ।

दिग्देशानर्थदण्डविरतिसामायिकप्रोषधोपवासोपभोगपरिभोगपरिमाणातिथिसंविभागव्रतसम्पन्नश्च ।

७, २१.

आगरधम्मं दुवालसविहं आइक्खइ, तं जहा–पंच अणुव्वयाइं तिण्णि गुणव्वयाइं चत्तारि सिक्खावयाइं ।

तिण्णि गुणव्वाइं, तं जहा–अणत्थदंडवेरमणं दिसिव्वयं, उपभोगपरिभोगपरिमाणं । चत्तारि सिक्खावयाइं तं जहा–सामाइयं देसावगासियं पोसहोववासे अतिहिसंविभागे ।

औपपातिकम श्रीवीरदेशना सूत्र ५७

छाया— आगारधर्मः द्वादशविधः आख्यते, तद्यथा–पञ्चाणुव्रतानि त्रीणि गुणव्रतानि चत्वारि शिक्षाव्रतानि ।

त्रीणि गुणव्रतानि, तद्यथा–अनर्थदंडवेरमणं, दिग्व्रतं, उपभोगपरिभोगपरिमाणं ।

चत्वारि शिक्षाव्रतानि–तद्यथा–सामायिकं देशावकाशिकं, प्रोषधोपवासः, अतिथिसंविभागश्च ।

भाषा टीका — आगार धर्म बारह प्रकार का कहा जाता है — पांच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रत ।

तीन गुणव्रत यह हैं—अनर्थदंड त्याग, दिग्व्रत और उपभोग परिभोग परिमाण ।

चार शिक्षाव्रत यह हैं—सामायिक, देशावकाशिक, प्रोषधोपवास और अतिथि संविभाग ।

मारणान्तिकीं सल्लेखनां जोषिता ।

७, २२.

अपच्छिमा मारणंतिआ संलेहणा जूसणाराहणा ।

औपपा० सू० ५७.

छाया— अपश्चिमा मारणांतिकीं सल्लेखनां जूषणा आराधना ।

भाषा टीका — अन्तिम समय में मरते समय सल्लेखना को आराधना करे ।

शङ्काकांक्षाविचिकित्साऽन्यदृष्टिप्रशंसासंस्तवाः सम्यग्दृष्टेरतिचाराः ।

७, २३

सम्मत्तस्स पंच अइयारा पेयाला जाणियव्वा, न समायरियव्वा, तं जहा—संका कंखा वितिगिच्छा, परपासंडपसंसा, परपासंडसंथवो ।

उपासकदशांग, अध्याय १

छाया— सम्यक्त्वस्य पञ्चातिचाराः प्रधाना ज्ञातव्याः । न समाचरितव्या, तद्यथा शङ्का, कांक्षा, विचिकित्सा, परपाखण्डप्रशंसा, परपाखण्डसंस्तवः ।

भाषा टीका — सम्यग्दर्शन के पांच प्रधान अतिचार होते हैं । उनको न करे । वह यह हैं—शंका, कांक्षा, विचिकित्सा, दूसरे के पाखंडी प्रसंशा करना, पाखंडी का संसर्ग करना ।

व्रतशीलेषु पञ्च पञ्च यथाक्रमम् ।

७, २४

भाषा टीका — इसी प्रकार पांच २ अतिचार पांच व्रतों, तीन गुणव्रतों और चारों शिक्षाव्रतों के क्रमशः हैं ।

बन्धवधच्छेदातिभारारोपणान्नपाननिरोधाः

७, २५.

थूलस्स पाणाइवायवेरमणस्स समणोवासएणं पंच अइयारा पेयाला जाणियव्वा, न समायरियव्वा। तं जहा—बहबंधच्छविच्छेए अइभारे भत्तपाणवोच्छेए।

उपा० अ० १

छाया— स्थूलस्य प्राणातिपातवेरमणस्य श्रमणोपासकेन पञ्चातिचाराः प्रधानाः ज्ञातव्याः। न समाचरितव्या। तद्यथा--बधबन्धच्छविच्छेदः अतिभारः भक्तपानव्यवच्छेदः।

भाषा टीका — स्थूल हिंसा का त्याग करने वाले श्रावक को पांच प्रधान अतिचार जानने चाहिये। उनको कभी न करे। वह यह हैं—मारना, बांधना, शरीर छेदना, अत्यन्त बोझा लादना और अपने आधीन को अन्न पानी न देना।

मिथ्योपदेशरहोभ्याख्यानकूटलेखक्रिया-न्यासापहारसाकारमंत्रभेदाः।

७, २६.

थूलगमुसावायस्स पंच अइयारा जाणियव्वा। न समारियव्वा। तं जहा—सहसाभक्खाणे रहसाभक्खाणे सदारमंतभेए मोसोवएसेए कूडलेहकरणे य।

उपा० अ० १

छाया— स्थूलमृषावादस्य पञ्चातिचाराः ज्ञातव्याः,। न समाचरितव्याः। तद्यथा-सहसाभ्याख्यानं, रहोभ्याख्यानं, स्वदारमंत्रभेदः मृषोपदेशः कूटलेखकरणश्च।

भाषा टीका — स्थूल झूठ के पांच अतिचार जानने चाहियें। उनको कभी न करे। वह यह हैं—बिना सोचे एक दम कह देना, गुप्त बात कह देना, अपनी स्त्री के गुप्त भेद का प्रगट करना, झूठ बोलने का उपदेश देना, झूठी दस्तावेज लिखना।

स्तेनप्रयोगतदाहृतादानविरुद्धराज्यातिक्रम-हीनाधिकमानोन्मानप्रतिरूपकव्यवहाराः ।

७, २७.

थूलगअदिएणादाणस्स पंचअइयारा जाणियव्वा, न समायरियव्वा, तं जहा—तेनाहडे, तक्करप्पउगे, विरुद्धरजाइक्कम्मे, कूडतुल्लकूडमाणे, तप्पडिरूवगववहारे ।

छाया— स्थूलादत्तादानस्य पञ्चातिचाराः ज्ञातव्याः, न समाचरितव्याः, तद्यथा—स्तेनाहृतं, तस्करप्रयोगः, विरुद्धराज्यातिक्रमः, कूटतुला-कूटमानः, तत्प्रतिरूपकव्यवहारः ।

भाषा टीका — स्थूल चोरी के पांच अतिचार जानने चाहियें । उनको कभी न करे वह यह हैं—चोरी का माल लेना, चोरी को तरकीब बतलाना, राज्य विरुद्ध कार्य करना, देने तोलने के नाप बाट तराजू आदि का कम बढ़ती रखना और असली माल में नकली माल अथवा कम मूल्य की वस्तु मिलाकर बेचना ।

परविवाहकरणेत्वरिकापरिगृहीताऽपरिगृहीता-गमनाऽनङ्गक्रीडाकामतीव्राभिनिवेशाः ।

७, २८.

सदारसंतोसिए पंच अइयारा जाणियव्वा, न समायरियव्वा, तं जहा—इत्तरियपरिग्गहियागमणे अपरिग्गहियागमणे, अणंगकीड़ा, परविवाहकरणे कामभोएसु तिव्वाभिलासो ।

उपा० अध्याय १.

छाया— स्वदारसंतुष्टे पञ्चातिचाराः ज्ञातव्याः, न समाचरितव्याः, तद्यथा इत्वरपरिग्रहीतागमनं, अपरिग्रहीतागमनं, अनङ्गक्रीडा, परविवाह-करणं, कामभोगेषु तीव्राभिलाषः ।

भाषा टीका — स्वदारसंतोष व्रत के भी पांच अतिचार जानने चाहियें। उनको कभी न करे। वह यह हैं—

१. इत्वरिकापरिग्रहीतागमन—दूसरे की विवाह की हुई कुलटा स्त्री से गमन करना। अथवा छोटी अवस्था में विवाह की हुई किन्तु संभोग के योग्य अवस्था न होने पर भी अपनी स्त्री से विषय करना।

२. अपरिग्रहीतागमन—अविवाहिता कुमारी अथवा वेश्या आदि के साथ गमन करना अथवा किसी कन्या के साथ अपनी मंगनी होजाने पर उसके एकान्त में मिलने पर उसे अपनी भावी स्त्री जानकर विवाह के पूर्व ही उससे भोग करना।

३ अनंग क्रीडा—काम के अंगों से भिन्न अंगों में क्रीड़ा करना।

४. पर विवाह करण—कुमारी कन्या का विवाह पुण्य समझ कर या अन्य कारण से दूसरे का विवाह करना। अथवा दूसरे की मंगनी तुड़वा कर अपना विवाह करना।

५ काम भोग तीव्राभिलाषा—काम भोग सेवन की तीव्र अभिलाषा रखना।

क्षेत्रवास्तुहिरण्यसुवर्णधनधान्यदासीदास-कुप्यप्रमाणातिक्रमाः ।

७, २९.

इच्छापरिमाणस्स समणोवासएणं पंच अइयारा जाणियव्वा. न समायरियव्वा। तं जहा — धणधन्नपमाणाइक्कमे खेतवत्थुप्पमाणाइक्कमे हिरण्णसुवण्णपरिमाणाइक्कमे दुपयचउप्पयपरिमाणाइक्कमे कुवियपमाणाइक्कमे।

उपासक० अध्याय १.

छाया— इच्छापरिमाणस्य श्रमणोपासकेन पञ्चातिचाराः ज्ञातव्याः, न समाचरितव्याः, तद्यथा–धनधान्यप्रमाणातिक्रमः, क्षेत्रवास्तुप्रमाणातिक्रमः, हिरण्यसुवर्णपरिमाणातिक्रमः, द्विपदचतुष्पदपरिमाणातिक्रमः, कुप्यप्रमाणातिक्रमः।

भाषा टीका — इच्छा परिमाण व्रत के भी पांच अतिचार जानने चाहियें। उनको कभी न करे। वह यह हैं—

१. धनधान्यप्रमाणातिक्रम—किये हुये धन और धान्य (अनाज) के परिमाण को उल्लंघन करना।

२. क्षेत्र वास्तु प्रमाणातिक्रम—किये हुए भूमि तथा गृह आदि के परिमाण का उल्लंघन करना।

३. हिरण्यसुवर्णपरिमाणातिक्रम— किये हुए चांदी सोने के परिमाण का उल्लंघन करना।

४ द्विपद्चतुष्पद्परिमाणातिक्रम—किये हुए दासी दास पशु आदि के परिमाण का उल्लंघन करना।

५. कुप्यप्रमाणातिक्रम-किये हुए घर के उपकरणों के परिमाण का उल्लंघन करना।

ऊर्ध्वाधस्तिर्यग्व्यतिक्रमक्षेत्रवृद्धिस्मृत्यन्तराधानानि

७, ३०.

दिसिव्वयस्स पंच अइयारा जाणियव्वा। न समायरियव्वा, तं जहा—उड्ढदिसिपरिमाणाइक्कमे, अहोदिसिपरिमाणाइक्कमे, तिरियदिसिपरिमाणाइक्कमे, खेत्तवुड्ढिस्स सइअंतरड्ढा।

उपा० अध्या १

छाया— दिग्व्रतस्य पञ्चातिचाराः ज्ञातव्याः, न समाचरितव्याः, तद्यथा—ऊर्ध्वदिग्परिमाणातिक्रमः, अधोदिग्परिमाणातिक्रम, तिर्यग्दिग्प्रमाणातिक्रमः, क्षेत्रवृद्धिः, स्मृत्यन्तराधानम्।

भाषा टीका — दिग्व्रत के पांच अतिचार जानने चाहियें। उनको कभी न करे। वह यह है—ऊर्ध्व दिशा में जाने को किये हुए परिमाण का उल्लंघन करना, नीचे की दिशा में जाने के लिये किये हुए परिमाण का उल्लंघन करना, तिरछी दिशा में जाने के लिए किये हुए परिमाण का उल्लघंन करना, किये हुए क्षेत्र के परिमाण को बढ़ा लेना, किये हुये परिमाण को भूल जाना।

आनयनप्रेष्यप्रयोगशब्दरूपानुपातपुद्गलक्षेपाः ।

७, ३१.

देशावगासियस्स समणोवासएण पंच अइयारा जाणियव्वा, न समायरियव्वा, तं जहा—आणवणपयोगे, पेसवणपओगे, सद्दाणुवाए, रूवाणुवाए, वहियापोग्गलपक्खवे ।

उपा० अध्या० १

छाया— देशावकाशिकस्य श्रमणोपासकेन पञ्चातिचाराः ज्ञातव्याः, न समाचरितव्याः, तद्यथा—आनयनप्रयोगः प्रेष्यप्रयोगः, शब्दानुपातः, रूपानुपातः, वहिपुद्गलप्रक्षेपः ।

भाषा टीका — श्रमणोपासक को देशावकाशिक के पांच अतिचार जानने चाहियें। किन्तु उन पर आचरण न करना चाहिये । वह यह हैं —

आनयन प्रयोग—सीमा के बाहर से किसी वस्तु को मंगवा लेना ।

प्रेष्य प्रयोग— अपने न जाने के प्रदेश से बाहिर किसी वस्तु को भेजना ।

शब्दानुपात—नियत देश से बाहिर न जाते हुए भी शब्द के द्वारा अपना काम निकाल लेना ।

रूपानुपात—इसी प्रकार सीमा से बाहिर कोई संकेत आदि दिखाकर अपना काम निकाल लेना ।

बहिपुद्गल प्रक्षेप—इसी प्रकार परिमाण से बाह्य देश में ढेला पाषाण आदि फेंक कर अपना काम चलाना ।

कन्दर्पकौत्कुच्यमौखर्याऽसमीक्ष्याधिकरणोपभोगपरिभोगानर्थक्यानि ।

७, ३२.

अणट्ठादंडवेरमणस्स समणोवासएणं पंच अइयारा जाणियव्वा, न समायरियव्वा, तं जहा—कन्दप्पे कुक्कुइए

मोहरिए संजुत्ताहिगरणे उपभोगपरिभोगाइरित्ते ।

उपा० अध्या १

छाया— अनर्थदण्डवेरमणस्स श्रमणोपासकेन पञ्चातिचाराः ज्ञातव्याः, न समाचरितव्याः, तद्यथा–कन्दर्पः, कौत्कुच्यः मौखर्यं, संयुक्ताधिकरणम् उपभोगपरिभोगातिरिक्तः ।

भाषा टीका — अनर्थदण्ड विरति व्रत के श्रमणोपासक का पांच अतिचार जानने चाहियें । किन्तु उन पर आचरण नहीं करना चाहिये । वह यह हैं—

कन्दर्प — स्वभाव की उत्कटता से हास्य मिश्रित भण्ड वचन बोलना ।

कौत्कुच्य — हास्य मिश्रित भण्ड वचन बोलना तथा शरीर से भी निन्दनीय क्रिया करना ।

मौखर्य — बहुत निरर्थक प्रलाप करना ।

संयुक्ताधिकरण — बिना विचारे आवश्यकता से अधिक हिंस्र सामग्री एकत्रित करना ।

उपभोग परिभोगातिरिक्त — भोग उपभोग के जिन पदार्थों से अपना काम चल जाता है उनसे अधिक संग्रह करना ।

योगदुष्प्रणिधानानादरस्मृत्यनुपस्थानानि ।

७, ३३.

सामाइयस्स पंच अइयारा समणोवासएणं जाणियव्वा । न समारियव्वा, तं जहा—मणदुप्पणिहाणे, वएदुप्पणिहाणे, कायदुप्पणिहाणे, सामाइयस्स सति अकरणयाए, सामाइयस्स अणवट्ठियस्स करणया ।

उपा० अध्या १

छाया— सामायिकस्य पञ्चातिचाराः श्रमणोपासकेन ज्ञातव्याः, न समाचरितव्याः, तद्यथा – मनःदुष्प्रणिधानं, वचःदुष्प्रणिधानं, कायदुष्प्रणिधानं, सामायिकस्य स्मृत्यकरणता, सामायिकस्यानवस्थितस्य करणता ।

भाषा टीका — श्रमणोपासक को समायिक व्रत के पांच अतिचार जानने चाहियें, किन्तु उनपर आचरण न करना चाहिये। वह यह हैं—

१. मनो दुष्प्रणिधान — सामायिक के समय मनको अन्यथा चलायमान करना।

२. वाग्दुष्प्रणिधान — सामायिक के समय वचन को चलायमान करना।

३. कायदुष्प्रणिधान — सामायिक के समय काय को चलायमान करना।

४. स्मृति अकरण — सामायिक के समय आदि को भूल जाना।

५. अनवस्थितकरण — समायिक के काल और उसकी क्रिया का निश्चित रूप से पालन न करना।

अप्रत्यवेक्षिताऽप्रमार्जितोत्सर्गादानसंस्तरोपक्रमणानादरस्मृत्यनुपस्थानानि।

७, ३४

पोसहोववासस्स समणोवासएणं पंच अइयारा जाणियव्वा न समारियव्वा. तं जहा– अप्पडिलेहिय दुप्पडिलेहिय सिज्जासंथारे, अप्पमज्जियदुप्पमज्जियसिज्जासंथारे. अप्पडिलेहियदुप्पडिलेहिय उच्चार पासवणभूमी, अप्पमज्जियदुप्पमज्जिय उच्चारपासवणभूमी. पोसहोववासस्स सम्मं अणणुपालणया।

उपा० अध्या १

छाया— प्रोषधोपवासस्य श्रमणोपासकेन पञ्चातिचारा ज्ञातव्या, न समाचरितव्याः, तद्यथा – अप्रत्युपेक्षितदुष्प्रत्युपेक्षितशय्यासंस्तारः, अप्रमार्जितदुष्प्रमार्जितशय्यासंस्तारकः अप्रत्युपेक्षितदुष्प्रत्युपेक्षितोच्चारप्रस्रवणभूमिः, अप्रमार्जितदुष्प्रमार्जितोच्चारप्रस्रवणभूमिः, प्रोषधोपवासस्य सम्यक् अननुपालनना।

भाषा टीका — प्रोषधोपवास के पांच अतिचार श्रमणोपासक को जानने चाहियें, किन्तु उनका आचरण नहीं करना चाहिये। वह यह हैं—

१. अप्रत्युपेक्षित दुष्प्रत्युपेक्षित शय्यासंस्तारक — प्रोषधोपवास किए हुये स्थान

पर शय्या और संस्तारक को भली प्रकार विशेष रूप से निरीक्षण न करना। यदि करना तो अस्थिर चित्त से।

२. अप्रमार्जित दुष्प्रमार्जित शय्यासंस्थारक—शय्या और संस्तारक को भली प्रकार विशेष रूप से रजोहरणादि द्वारा प्रमार्जित न करना। यदि करना तो अस्थिर चित्त से।

३. अप्रत्युपेक्षित दुष्प्रत्युपेक्षित उच्चारप्रस्रवण भूमि — भलीप्रकार विशेष रूप से उच्चार (मल) प्रस्रवण (मूत्र) के त्यागने की भूमि को निरीक्षण न करना। यदि करना तो अस्थिर चित्त से।

४. अप्रमार्जित दुष्प्रमार्जित प्रस्रवण भूमि — भलीप्रकार विशेष रूप से मल मूत्र के त्यागने की भूमि को प्रमार्जित (शुद्ध) नहीं करना। यदि करना तो अस्थिर चित्त से।

५ प्रोषधोपवासस्य सम्यगननुपालनता — प्रोषधोपवास का भली प्रकार पालन न करना। उसमें चित्त को अस्थिर रखना।

सचित्तसम्बन्धसम्मिश्राभिषवदुःपक्वाहाराः।

७, ३५.

भोयणओ समणोवासएणं पञ्च अइयारा जाणियव्वा, न समायरियव्वा, तं जहा—सचित्ताहारे सचित्तपडिबद्धाहारे उप्पउलिओसहिभक्खणया, दुप्पोलितोसहिभक्खणया, तुच्छोसहिभक्खणया।

उपा० अध्या० १

छाया— भोजनतः श्रमणोपासकेन पञ्चातिचाराः ज्ञातव्याः, न समाचरितव्याः, तद्यथा—सचित्ताहारः, सचित्तप्रतिबद्धाहारः, अपक्कौषधिभक्षणता, दुःपक्कौषधिभक्षणता, तुच्छौषधिभक्षणता।

भाषा टीका — श्रमणोपासक को भोजन (उपभोगपरिभोगपरिमाण) के पांच अतिचार जानने चाहियें। किन्तु उनका आचरण नहीं करना चाहिये। वह यह हैं—

१. सचित्ताहार—त्यागहोने पर जीव सहित पुष्प फल आदि का आहार करना।

२. सचित्तप्रबद्धाहार — सचित्त वस्तु से स्पर्श हुए पदार्थों का आहार करना।

३. अपक्वाहार — अग्नि से न पकाये हुये तथा औषधि आदि मिश्र पदार्थों का खाना।

४. दुपक्वाहार — भलीप्रकार न पके अथवा देर से परिपक्व होने वाले पदार्थों का भोजन करना।

५. तुच्छौषधिभक्षणता — ऐसे पदार्थ को खाना जिसके खाने से हिंसा विशेष होती हो किन्तु उदर पूर्ति न हो सके।

सचित्तनिक्षेपापिधानपरव्यपदेशमात्सर्यकालातिक्रमाः।

७, ३६

अहासंविभागस्स पंच अइयारा जाणियव्वा, न समायरियव्वा, तं जहा—सचित्तनिक्खेवणया, सचित्तपेहणया, कालाइक्कमदाणे परोवएसे मच्छरया।

उपा० अध्या० १

छाया— अतिथिसंविभागस्य पञ्चातिचाराः ज्ञातव्याः, न समाचरितव्याः, तद्यथा—सचित्तनिक्षेपणता, सचित्तपिधानता, कालातिक्रमदानं, परव्यपदेशः, मत्सरता।

भाषा टीका —अतिथिसंविभाग व्रत के पांच अतिचार जानने चाहियें। किन्तु उन पर आचरण नहीं करना चाहिये। वह यह हैं—

१. सचित्तनिक्षेपणता — न देने की बुद्धि से जल अन्न अथवा वनस्पति आदि में अचित्त आहार रखना।

२. सचित्तपिधानता — सचित्र कमलपत्र आदि से ढक कर आहार का रखना।

३. कालातिक्रमदान — दान देने के काल का उल्लघन करके अकाल में विनती करना। अथवा बीते हुए समय वाली वस्तु का दान करना।

४. परव्यपदेश — न देने की बुद्धि से साधु को अन्य की वस्तु बतला देनी अथवा अन्य की वस्तु का उसकी बिना आज्ञा दान करना।

५. मत्सरता — अमुक गृहस्थ ने इस प्रकार का दान दिया है तो क्या मैं उससे किसी प्रकार न्यूनता रखता हूं? नहीं, अतः मैं भी दान दूंगा। इस प्रकार असूया या अहंकार पूर्वक दान करना।

जीवितमरणाशंसामित्रानुरागसुखानुबन्धनिदानानि।

७, ३७.

अपच्छिममारणंतियसंलेहणा झूसणाराहणाए पंच अइयारा जाणियव्वा न समायरियव्वा तं जहा—इहलोगासंसप्पओगे, परलोगासंसप्पओगे, जीवियासंसप्पओगे, मरणासंसप्पओगे, कामभोगासंसप्पओगे।

उपा० अध्याय १

छाया— अपश्चिममारणान्तिकसल्लेखनाजूषणाऽऽराधनायाः, पञ्चातिचाराः ज्ञातव्याः, न समाचरितव्याः, तद्यथा–इहलोकाशंसाप्रयोगः, परलोकाशंसाप्रयोगः, जीविताशंसाप्रयोगः, मरणाशंसाप्रयोगः कामभोगाशंसाप्रयोगः।

भाषा टीका — आयु के अन्तिम भाग मरण समय में होने वाली सल्लेखना के पांच अतिचार जानने चाहियें। उन पर आचरण न करना चाहिये। वह यह हैं —

१. इहलोकाशंसाप्रयोग—मरने के पश्चात इहलोक के सुखों की इच्छा करना।

२. परलोकाशंसाप्रयोग—मरने के पश्चात उत्तम देवलोक आदि के सुखों की इच्छा करना।

३. जीविताशंसाप्रयोग—जीवित ही रहने की इच्छा करना।

४. मरणाशंसाप्रयोग—दुख आदि से छूटने के लिये शीघ्र मरने की इच्छा करना।

५. कामभोगाशंसाप्रयोग—विशेष काम भोग की इच्छा करना।

अनुग्रहार्थं स्वस्यातिसर्गो दानम्।

७, ३८.

समणोवासए णं तहारूवं समणं वा जाव पडिलाभेमाणे

तहारूवस्स समणस्स वा माहणस्स वा समाहिं उप्पाएति, समाहिकारएणं तमेव समाहिं पडिलभइ ।

व्याख्या० शत० ७, उ० १, सू० २६३.

छाया— श्रमणोपासकः तथारूपं श्रमणं वा यावत् प्रतिलाभ्यन् तथारूपस्य श्रमणस्य वा माहनस्य वा समाधिं उत्पादयति, समाधिकारकेण तमेव समाधिं प्रतिलभते ।

भाषा टीका—श्रमणोपासक तथारूप श्रमण अथवा माहन (श्रावक) को यावत् आहार आदि देता हुआ तथा रूप श्रमण अथवा माहन को समाधि उत्पन्न करता है। समाधि ही के कारण से उसको भी समाधि की प्राप्ति होती है।

संगति—उपरोक्त आगम वाक्य में दान का लक्षण करते हुए उसका महत्त्व भी बतलाया है। जो कि सूत्र के "अनुग्रहार्थं" पद से स्पष्ट है।

विधिद्रव्यदातृपात्रविशेषात्तद्विशेषः ।

७, ३९.

दव्वसुद्धेणं दायगसुद्धेणं तवस्सिविसुद्धेणं तिकरणसुद्धेणं पडिगाहसुद्धेणं तिविहेणं तिकरणसुद्धेणं दाणेणं ।

व्याख्या प्र० श० १५, सू० ५४१.

छाया— द्रव्यशुद्धेन दायकशुद्धेन तपस्विशुद्धेन त्रिकरणशुद्धेन प्रतिगाहशुद्धेन त्रिविधेन त्रिकरणशुद्धेन दानेन ।

भाषा टीका—द्रव्य शुध्द से, दातृ शुध्द से, तपस्वि शुध्द से, त्रिकरण (मन वचन काय) शुध्द से, पात्र शुध्द से दान की विशेषता होती है।

संगति—इन सभी सूत्र और आगम वाक्यों के अक्षर प्राय. मिलते हैं। जहां कहीं भेद है तो वह शाब्दिक ही है। तात्त्विक बिल्कुल नहीं है।

इति श्री-जैनमुनि-उपाध्याय-श्रीमदात्माराम-महाराज-संगृहीते

तत्त्वार्थसूत्रजैनाऽऽगमसमन्वये

❋ सप्तमोऽध्यायः समाप्तः ॥ ७ ॥ ❋

अष्टमोऽध्यायः

———:o:———

मिथ्यादर्शनाऽविरतिप्रमादकषाययोगा बन्धहेतवः।

८, १.

पंच आसवदारा पगणत्ता, तं जहा—मिच्छत्तं अविरई पमाया कसाया जोगा ।

समवायांग, समय ५.

छाया— पञ्च आस्रवद्वाराणि प्रज्ञप्तानि, तद्यथा—मिथ्यात्वमविरतिः प्रमादाः कषायाः योगाः ।

भाषा टीका—आस्रव के द्वार पांच बतलाये गये हैं—मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग।

सकषायत्वाज्जीवः कर्मणो योग्यान् पुद्गलानादत्ते स बन्धः ।

८, २.

जोगबंधे कसायबंधे ।

समवायांग समवाय ५.

दोहिं ठाणेहिं पापकम्मा बंधंति, तं जहा—रागेण य दोसेण य। रागे दुविहे पगणत्ते, तं जहा—माया य लोभे य। दोसे दुविहे पगणत्ते, तं जहा—कोहे य माणे य ।

स्थानांग स्थान २, उ० २.

प्रज्ञापना पद २३, सू० ५.

छाया— योगबन्धः कषायबन्धः ।

द्वाभ्यां स्थानाभ्यां पापकर्माणि बध्नन्ति, तद्यथा—रागेण च द्वेषेण च। रागः द्विविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—माया च लोभश्च। द्वेषः द्विविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—क्रोधश्च मानश्च ।

भाषा टीका—बन्ध योग से होता है और कषाय से होता है।

दो स्थानों से पाप कर्म बंधते हैं—राग से और द्वेष से। राग दो प्रकार का कहा गया है—माया और लोभ। द्वेष दो प्रकार का कहा गया है—क्रोध और मान।

संगति—उपरोक्त आगम वाक्य में स्पष्ट है कि बंध जीव के कषाय युक्त होने पर ही होता है। कर्म के योग्य पुद्गलों का ग्रहण करना स्पष्ट ही है।

प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशास्तद्विधयः।

८, ३.

चउव्विहे बन्धे पण्णत्ते, तं जहा—पगइबंधे ठिइबन्धे अणुभावबन्धे पएसबन्धे।

समवायांग समवाय ४

छाया— चतुर्विधः बन्धः प्रज्ञप्तस्तद्यथा—प्रकृतिबन्धः, स्थितिबन्धः, अनुभागबन्धः, प्रदेशबन्धः।

भाषा टीका—बन्ध चार प्रकार का बतलाया गया है—प्रकृतिबंध, स्थिति बंध, अनुभागबन्ध और प्रदेशबंध।

आद्यो ज्ञानदर्शनावरणवेदनीयमोहनीयायुर्नामगोत्रान्तरायाः।

८, ४.

अट्ठ कम्मपगडीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—णाणावरणिज्जं, दंसणावरणिज्जं, वेदणिज्जं, मोहणिज्जं, आउयं, नामं, गोयं, अंतराइयं।

प्रज्ञापना पद २१, उ० १, सू० २८८

छाया— अष्टौ कर्मप्रकृतयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—ज्ञानावरणीयं, दर्शनावरणीयं, वेदनीयं, मोहनीयं, आयुः, नाम, गोत्रं, अन्तरायः।

भाषा टीका—कर्मप्रकृतियां आठ प्रकार की बतलाई गई हैं। वह यह हैं—ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अन्तराय।

पंचनवद्व्यष्टाविंशतिचतुर्द्विचत्वारिंशद्द्विपंचभेदा यथाक्रमम् ।

८, ५.

भाषा टीका—उनके भेद क्रम से पांच, नव, दो, अट्ठाईस, चार, बयालीस, दो और पांच होते हैं।

मतिश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलानाम् ।

८, ६.

पंचविहे णाणावरणिज्जे कम्मे पण्णत्ते, तं जहा—आभिणिबोहियणाणावरणिज्जे सुयणाणावरणिज्जे, ओहिणाणावरणिज्जे मणपज्जवणाणावरणिज्जे केवलणाणावरणिज्जे ।

स्थानांग स्थान ५, उ० ३, सू० ४६४.

छाया— पञ्चविधं ज्ञानावरणीयं कर्म प्रज्ञप्तं, तद्यथा—आभिनिबोधिकज्ञानावरणीयं, श्रुतज्ञानावरणीयं, अवधिज्ञानावरणीयं, मनःपर्ययज्ञानावरणीयं, केवलज्ञानावरणीयं ।

भाषा टीका—ज्ञानावरणीय कर्म पांच प्रकार का होता है—आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय (मतिज्ञानावरणीय), श्रुतज्ञानावरणीय, अवधिज्ञानावरणीय. मनःपर्यय ज्ञानावरणीय और केवल ज्ञानावरणीय।

चक्षुरचक्षुरवधिकेवलानां निद्रानिद्रानिद्राप्रचलाप्रचलाप्रचलास्त्यानगृद्धयश्च ।

८, ७.

णवविधे दरिसणावरणिज्जे कम्मे पण्णत्ते, तं जहा—निद्दा निद्दानिद्दा पयला पयलापयला थीणगिद्धी चक्खुदंसणावरणे अचक्खुदंसणावरणे, अवधिदंसणावरणे केवलदंसणावरणे ।

स्थानांग स्थान ९, सू० ६६८.

छाया— नवविधं दर्शनावरणीयं कर्म प्रज्ञप्तं, तद्यथा—निद्रा निद्रानिद्रा प्रचला प्रचलाप्रचला स्त्यानगृद्धिः चक्षुदर्शनावरणोऽचक्षुदर्शनावरणो ऽवधिदर्शनावरणः केवलदर्शनावरणः।

भाषा टीका—दर्शनावरणीय कर्म नौ प्रकार का होता है—निद्रा, निद्रानिद्रा, प्रचला, प्रचला प्रचला, स्त्यानगृध्दि, चक्षु दर्शनावरण, अचक्षु दर्शनावरण, अवधिदर्शनावरण और केवलदर्शनावरण।

सदसद्वेद्ये।

८, ८.

सातावेदणिज्जे य असायावेदणिज्जे य।

प्रज्ञापना पद २३, उ० २, सू० २९३

छाया— सातावेदनीयश्चासातावेदनीयश्च।

भाषा टीका—वेदनीय कर्म दो प्रकार का होता है—साता वेदनीय और असाता वेदनीय।

दर्शनचारित्रमोहनीयाकषायकषायवेदनीयाख्यास्त्रिद्विनवषोडशभेदाः सम्यक्त्वमिथ्यात्वतदुभयान्यकषायकषायौ हास्यरत्यरतिशोकभयजुगुप्सास्त्रीपुंनपुंसकवेदा अनंतानुबन्ध्यप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानसंज्वलनविकल्पाश्चैकशः क्रोधमानमायालोभाः।

८, ९.

मोहणिज्जे णं भंते! कम्मे कतिविधे पण्णत्ते? गोयमा दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—दंसणमोहणिज्जे य चरित्तमोहणिज्जे य। दंसणमोहणिज्जे णं भंते! कम्मे कतिविधे पण्णत्ते? गोयमा!

तिविहे पण्णत्ते, तं जहा—सम्मत्तवेदणिज्जे, मिच्छत्तवेदणिज्जे, सम्मामिच्छत्तवेयणिज्जे ।

चरित्तमोहणिज्जे णं भंते! कम्मे कतिविधे पण्णत्ते?

गोयमा! दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—कसायवेदणिज्जे नोकसायवेदणिज्जे ।

कसायवेदणिज्जे णं भंते! कतिविधे पण्णत्ते?

गोयमा! सोलसविधे पण्णत्ते, तं जहा—अणंताणुबंधीकोहे अणंताणुबंधी माणे अ० माया अ० लोभे, अपच्चक्खाणे कोहे एवं माणे माया लोभे, पच्चक्खणावरणे कोहे एवं माणे माया लोभे संजलणकोहे एवं माणे माया लोभे ।

नोकसायवेयणिज्जे णं भंते! कम्मे कतिविधे पण्णत्ते?

गोयमा! णवविधे पण्णत्ते, तं जहा—इत्थीवेयवेयणिज्जे, पुरिसवे० नपुंसगवे० हासे रती अरती भए सोगे दुगुंछा ।

प्रज्ञापना कर्मबन्ध पद २३, उ० २.

छाया— मोहनीयं भगवन्! कर्म कतिविधं प्रज्ञप्तं?

गौतम! द्विविधं प्रज्ञप्तं, तद्यथा—दर्शनमोहनीयश्च, चारित्रमोहनीयश्च ।

दर्शनमोहनीयं भगवन्! कर्म कतिविधं प्रज्ञप्तं?

गौतम! त्रिविधं प्रज्ञप्तं, तद्यथा—सम्यक्त्ववेदनीयः, मिथ्यात्ववेदनीयः, सम्यङ्मिथ्यात्ववेदनीयः ।

चारित्रमोहनीयं भगवन्! कर्म कतिविधं प्रज्ञप्तं?

गौतम! द्विविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—कषायवेदनीयः नोकषायवेदनीयः।
कषायवेदनीयः भगवन्! कतिविधः प्रज्ञप्तः?

गौतम! षोडशविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—अनन्तानुबन्धीक्रोधः, अनन्तानुबन्धीमानः, अ० माया, अ० लोभः; अप्रत्याख्यानक्रोधः, एवं मानः, माया, लोभः; प्रत्याख्यानावरणक्रोधः, एवं मानः, माया, लोभः; संज्वलनक्रोधः, एवं मानः, माया, लोभः।

नोकषायवेदनीयं भगवन्! कर्म कतिविधं प्रज्ञप्तं?

गौतम! नवविधं प्रज्ञप्तं, तद्यथा—स्त्रीवेदवेदनीयः, पुरुषवेदवेदनीयः, नपुंसकवेदवेदनीयः, हास्यः, रतिः, अरतिः, भयः, शोकः, जुगुप्सा।

प्रश्न—भगवन्! मोहनीय कर्म कितने प्रकार का कहा गया है?

उत्तर—गौतम! वह दो प्रकार का कहा गया है—दर्शन मोहनीय और चारित्र मोहनीय।

प्रश्न—भगवन्! दर्शन मोहनीय कर्म कितने प्रकार का कहा गया है?

उत्तर—गौतम! तीन प्रकार का कहा गया है—सम्यक्त्व वेदनीय, मिथ्यात्व वेदनीय, सम्यक्मिथ्यात्ववेदनीय।

प्रश्न—भगवन्! चारित्र मोहनीय कर्म कितने प्रकार का कहा गया है?

उत्तर—गौतम दो प्रकार का कहा गया है—कषाय वेदनीय और नो कषायवेदनीय।

प्रश्न—भगवन्! कषायवेदनीय कर्म कितने प्रकार का कहा गया है?

उत्तर—गौतम! वह सोलह प्रकार का कहा गया है:—अनन्तानुबन्धी क्रोध, अनन्तानुबन्धी मान, अ० माया, अ० लोभ; अप्रत्याख्यान क्रोध, मान, माया, लोभ; प्रत्याख्यान क्रोध मान माया लोभ और संज्वलन क्रोध मान माया लोभ।

प्रश्न—भगवन्! नो कषाय वेदनीय कर्म कितने प्रकार का कहा गया है?

उत्तर—गौतम! वह नौ प्रकार का कहा गया है:—स्त्रीवेदनय, पुरुषवेदनय, नपुंसक वेदनय, हास्य, रति, अरति, भय, शोक, और जुगुप्सा।

नारकतैर्यग्योनमानुषदैवानि ।

८, १०.

आउएणं भंते! कम्मे कइविहे पण्णत्ते? गोयमा! चउविहे पण्णत्ते, तं जहा — णेरइयाउए, तिरियआउए, मनुस्साउए, देवाउए।

प्रज्ञापना पद २३, उ० २.

छाया— आयुः भगवन्! कर्म कतिविधं प्रज्ञप्तं? गौतम! चतुर्विधं प्रज्ञप्तं, तद्यथा—नैरयिकायुः, तिर्यगायुः, मनुष्यायुः, देवायुः।

प्रश्न—भगवन्! आयु कर्म कितने प्रकार का कहा गया है?

उत्तर—गौतम! वह चार प्रकार का कहा गया है:—नरक आयु, तिर्यञ्च आयु, मनुष्य आयु और देव आयु!

गतिजातिशरीराङ्गोपाङ्गनिर्माणबन्धनसंघातसंस्थानसंहननस्पर्शरसगंधवर्णानुपूर्व्यागुरुलघूपघातपरघातातपोद्योतोच्छ्वासविहायोगतयः प्रत्येकशरीरत्रससुभगसुस्वरशुभसूक्ष्मपर्याप्तिस्थिरादेययशःकीर्तिमेतराणि तीर्थकरत्वं च ।

८. ११.

णामेणं भंते! कम्मे कतिविहे पण्णत्ते? गोयमा! बायालीसतिविहे पण्णत्ते, तं जहा—गतिनामे १, जातिनामे २, सरीरणामे ३, सरीरोवंगणामे ४, सरीरबंधणणामे ५, सरीरसंघयणनामे ६, संघायणणामे ७, संठाणणामे ८, वण्णणामे ९, गंधणामे १०, रसणामे ११, फासणामे १२, अगुरुलघुणामे १३, उपघायणामे १४, पराघायणामे १५, आणुपुव्वीणामे १६, उस्सासणामे १७, आय-

वरणामे १८, उज्जोयणामे १६, विहायगतिणामे २०, तसणामे २१, थावरणामे २२, सुहुमनामे २३, बादरणामे २४, पज्जत्तणामे २५, अपज्जत्तणामे २६. साहारणसरीरणामे २७, पत्तेयसरीरणामे २८, थिरणामे २६. अथिरणामे ३०, सुभणामे ३१, असुभणामे ३२, सुभगणामे ३३, दुभगणामे ३४, सूसरनामे ३५, दूसरनामे ३६, आदेज्जनामे ३७, अणादेज्जनामे ३८, जसोकित्तिणामे ३६, अजसोकित्तिणामे ४०, णिम्माणणामे ४१, तित्थगरणामे ४२ ।

प्रज्ञापना, उ० २, पद २३, सू० २९३.
समवायांग० स्थान ४२.

छाया— नाम भगवन् ! कर्म कतिविधं प्रज्ञप्तं ? गौतम ! द्विचत्वारिंशद्विधं प्रज्ञप्तं, तद्यथा – १ गतिनाम, २ जातिनाम, ३ शरीरनाम, ४ शरीराङ्गोपांगनाम, ५ शरीरबन्धननाम, ६ शरीरसंघातनाम, ७ संहनननाम, ८ संस्थाननाम, ९ वर्णनाम, १० गन्धनाम, ११ रसनाम, १२ स्पर्शनाम, १३ अगुरुलघुनाम, १४ उपघातनाम, १५ परघातनाम, १६ आनुपूर्वीनाम, १७ उच्छ्वासनाम, १८ आतपनाम, १९ उद्योतनाम, २० विहायोगतिनाम, २१ त्रसनाम, २२ स्थावरनाम, २३ सूक्ष्मनाम, २४ बादरनाम, २५ पर्याप्तनाम, २६ अपर्याप्तनाम, २७ साधारणशरीरनाम, २८ प्रत्येकशरीरनाम, २९ स्थिरनाम, ३० अस्थिरनाम, ३१ शुभनाम ३२ अशुभनाम, ३३ सुभगनाम, ३४ दुर्भगनाम, ३५ सुस्वरनाम, ३६ दुःस्वरनाम, ३७ आदेयनाम, ३८ अनादेयनाम, ३९ यशःकीर्तिनाम, ४० अयशःकीर्तिनाम, ४१ निर्माणनाम, ४२ तीर्थकरनाम ।

प्रश्न — भगवन् ! नामकर्म कितने प्रकार का कहा जाता है ?

उत्तर — गौतम ! वह बयालीस प्रकार का कहा गया है :—

१. गतिनाम, २. जातिनाम, ३. शरीरनाम, ४. शरीराङ्गोपाङ्गनाम, ५. शरीर-बन्धननाम, ६ शरीरसंघात नाम, ७ संहनन नाम, ८ संस्थान नाम, ९ वर्णनाम, १० गन्ध नाम, ११ रसनाम, १२ स्पर्शनाम, १३ अगुरुलघुनाम, १४ उपघातनाम, १५ परघातनाम, १६ आनुपूर्वीनाम, १७ उच्छ्वासनाम, १८ आतपनाम, १९ उद्योतनाम, २० विहायोगतिनाम, २१ त्रसनाम, २२ स्थावरनाम, २३ सूक्ष्मनाम, २४ बादरनाम, २५ पर्याप्तनाम, २६ अपर्याप्तनाम, २७ साधारणशरीरनाम, २८ प्रत्येकशरीरनाम, २९ स्थिरनाम, ३० अस्थिरनाम, ३१ शुभनाम, ३२ अशुभनाम, ३३ सुभगनाम, ३४ दुर्भगनाम, ३५ सुस्वरनाम, ३६ दुःस्वरनाम, ३७ आदेयनाम, ३८ अनादेयनाम, ३९ यशःकीर्तिनाम, ४० अयशःकीर्तिनाम, ४१ निर्माणनाम, ४२ तीर्थकरनाम।

संगति — १. जिसके उदय से आत्मा भवान्तर के प्रति सम्मुख होकर गमन को प्राप्त होता है सो **गतिनाम कर्म** है। यह चार प्रकार का होता है—१ नरकगति, २ तिर्यंच-गति ३ देवगति और ४ मनुष्य गति।

२. उक्त गतियों में जो अविरोधी समान धर्मों से आत्मा को एक रूप करता है सो **जातिनाम कर्म** है। उसके पांच भेद हैं — एकेन्द्रियजातिनामकर्म, द्वीन्द्रियजातिनामकर्म, त्रींद्रियजातिनामकर्म, चतुरिन्द्रियजातिनामकर्म, और पंचेंद्रियजातिनामकर्म।

३. जिसके उदय से शरीर की रचना होती है उसे **शरीर नामकर्म** कहते हैं। यह भी पांच प्रकार का है — औदारिकशरीर, वैक्रियिकशरीर, आहारकशरीर, तैजसशरीर और कार्मणशरीर।

४. जिसके उदय से शरीर के अंग उपांगों का भेद प्रगट हो उसको **शरीराङ्गोपाङ्ग-नामकर्म** कहते हैं। मस्तक, पीठ, हृदय, बाहु, उदर, जांघ, हाथ, और पांव इनको तो अंग कहते हैं और इनके ललाट नासिका आदि भागों को उपांग कहते हैं। अंगोपांग नाम कर्म तीन प्रकार का है —

१ औदारिकशरीरांगोपांग, २ वैक्रियिक शरीरांगोपांग और ३ आहारकशरीरांगोपांग।

५. जिसके उदय से शरीर नाम कर्म के वश से ग्रहण किये हुए आहारवर्गणा के पुद्गलस्कन्धों के प्रदेशों का मिलना हो, वह **शरीरबन्धन नाम कर्म** है। यह पांच प्रकार का होता है — औदारिक बन्धन नाम कर्म, वैक्रियिक बन्धन नाम कर्म, आहारकबन्धन

नाम कर्म, तैजसबन्धन नाम कर्म, और कार्मणबन्धन नाम कर्म। जिसके उदय से औदारिक बन्ध हो सो औदारिक बन्धन नाम कर्म है। इसी प्रकार शेष बन्धनों का लक्षण भी लगा लेना चाहिये।

६. जिसके उदय से औदारिक आदि शरीरों का छिद्र रहित अन्योन्यप्रदेशानुप्रवेशरूप संगठन (एकता) हो उसे **शरीरसंघातनाम कर्म** कहते हैं। यह भी पांचो शरीरों की अपेक्षा से औदारिकशरीरसंघात नाम कर्म आदि पांच प्रकार का है।

७. जिसके उदय से शरीर के अस्थिपंजर (हाड़) आदि के बन्धनों में विशेषता हो उसे **संहनन नाम कर्म** कहते हैं। वह छह प्रकार का है — १ वज्रवृषभनाराचसंहनन, २ वज्रनाराचसंहनन, ३ नाराचसंहनन, ४ अर्द्धनाराचसंहनन, ५ कीलकसंहनन, और ६ असंप्राप्तासृपाटिका संहनन। नसों में हाड़ों के बन्धने का नाम ऋषभ या वृषभ है, नाराच नाम कीलने का है और संहनन नाम हाड़ों के समूह का है। सो जिस कर्म के उदय से वृषभ (वेष्टन), नाराच (कील) और संहनन (अस्थिपंजर) ये तीनों ही वज्र के समान अभेद्य हों, उसे वज्रवृषभनाराच संहनन कहते हैं।

जिसके उदय से नाराच और संहनन तो वज्रमय हों और वृषभ सामान्य हो, वह वज्रनाराच संहनन नाम कर्म है।

जिसके उदय से हाड़ तथा सन्धियों के कीले तो हों, परन्तु वे वज्रमय न हों और वज्रमय वेष्टन भी न हो, सो नाराच संहनन नाम कर्म है।

जिसके उदय से हाड़ों की संधियां अर्द्धकीलित हों, अर्थात् कीले एक तरफ तो हों दूसरी तरफ न हों, वह अर्द्धनाराच संहनन नाम कर्म है।

जिसके उदय से हाड़ परस्पर कीलित हों, सो कीलक संहनन नाम कर्म है।

जिसके उदय से हाड़ों की संधियां कीलित तो न हों, किन्तु नसों, स्नायुओं और मांस से बन्धी हों वह असंप्राप्तासृपाटिका संहनन नाम कर्म है।

८. जिसके उदय से शरीर की आकृति (आकार) उत्पन्न हो, उसे **संस्थान नाम कर्म** कहते हैं। यह छह प्रकार का है — १ समचतुरस्रसंस्थान, २ न्यग्रोधपरिमंडल संस्थान, ३ सादिसंस्थान, ४ कुब्जकसंस्थान, ५ वामनसंस्थान, और ६ हुंडक संस्थान।

जिसके उदय से ऊपर, नीचे और मध्य में समान विभाग से शरीर की आकृति

उत्पन्न हो उसे समचतुरस्र संस्थान नाम कर्म कहते हैं। जिसके उदय से शरीर का नाभि के नीचे का भाग वटवृक्ष के समान पतला हो और ऊपर का स्थूल व मोटा हो, वह न्यग्रोध परिमंडल संस्थान नाम कर्म है। जिसके उदय से शरीर के नीचे का भाग स्थूल या मोटा हो और ऊपर का पतला हो, उसे स्वातिसंस्थान नाम कर्म कहते हैं। जिसके उदय से पीठ के भाग में बहुत से पुद्गलों का समूह हो अर्थात् कुबड़ा शरीर हो, उसे कुब्जक संस्थान नामकर्म कहते हैं। जिसके उदय से शरीर बहुत छोटा हो वह वामन संस्थान नामकर्म है। और जिसके उदय से शरीर के अंग उपांग कहीं के कहीं, छोटे, बड़े वा संख्या में न्यूनाधिक हों—इस तरह विषम बेडौल आकार का शरीर हो, उसे हुंडक संस्थान नामकर्म कहते हैं।

९. जिसके उदय से शरीर में वर्ण (रंग) उत्पन्न हो, उसे **वर्णनामकर्म** कहते हैं। यह पांच प्रकार का है :—१. शुक्लवर्ण नामकर्म, २. कृष्णवर्ण नामकर्म, ३ नीलवर्ण नाम कर्म, ४. रक्तवर्ण नामकर्म, और ५. पीतवर्ण नामकर्म।

१०. जिसके उदय से शरीर में गंध प्रगट हो, सो **गन्धनामकर्म** है। यह दो प्रकार का है। एक सुगन्ध नामकर्म, दूसरा दुर्गन्ध नामकर्म।

११. जिसके उदय से देह में रस (स्वाद) उत्पन्न हो उसे **रसनाम कर्म** कहते हैं। यह पांच प्रकार का है :— १. तिक्तरस, २. कटुरस, ३. कषायरस, ४. अम्लरस और ५. मधुर रसनामकर्म।

१२. जिसके उदय से शरीर मे स्पर्शगुण प्रगट होता है उसे **स्पर्शनामकर्म** कहते हैं। यह आठ प्रकार का है :— १. कर्कशस्पर्श, २. मृदुस्पर्श, ३. गुरुस्पर्श, ४. लघुस्पर्श, ५. स्निग्ध स्पर्श, ६. रूक्षस्पर्श, ७. शीत स्पर्श और ८. उष्णस्पर्शनामकर्म।

१३ जिसके उदय से जीवों का शरीर लोहपिंड के समान भारीपन के कारण नीचे नहीं पड़जाता है, और आक की रुई के समान हलकेपन से उड़ भी नहीं जाता है उसको **अगुरुलघु नामकर्म** कहते हैं। यहां पर शरीर सहित आत्मा के सम्बन्ध मे अगुरुलघु कर्मप्रकृति मानी गई है। द्रव्यों में जो अगुरुलघुत्व है वह उनका स्वभाविक गुण है।

१४. जिसके उदय से शरीर के अवयव ऐसे होते है कि उनसे उसीका बंधन वा घात हो जाता हो उसे **उपघात नामकर्म** कहते हैं।

१५. जिसके उदय से पैने सींग, नख वा डंक इत्यादि पर को घात करने वाले

अवयव होते हैं उसे परघात नामकर्म कहते हैं।

१६. पूर्वायु के उच्छेद होने पर पूर्व के निर्माण नामकर्म की निवृत्ति होने पर विग्रह गति में जिसके उदय से मरण से पूर्व के शरीर के आकार का विनाश नहीं हो उसे आनुपूर्वी नामकर्म कहते हैं। इसके चारों गतियों की अपेक्षा से चार भेद होते हैं। जिस समय मनुष्य अथवा तिर्यंच की आयु पूर्ण हो और आत्मा शरीर से प्रथक् होकर नरक भव के प्रति जाने को संमुख हो, उस समय मार्ग में जिसके उदय से आत्मा के प्रदेश पहले शरीर के आकार के रहते हैं उसको नरकगतिप्रयोग्यानुपूर्वी नाम कर्म कहते हैं। इसी प्रकार देवगति प्रायोग्यानुपूर्वी, तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वी और मनुष्य गति-प्रायोग्यानुपूर्वी नामकर्म को भी समझना चाहिये। इस कर्मका उदय विग्रहगति में ही होता है। इस कर्म का उदय काल जघन्य एक समय, मध्यम दो समय और उत्कृष्ट तीन समय मात्र है।

१७. जिसके उदय से शरीर में उच्छ्वास उत्पन्न हो सो उच्छ्वास नामकर्म है।

१८. जिसके उदय से शरीर आतापकारी होता है, वह आतपनामकर्म है। इस कर्म का उदय सूर्य के विमान में जो बादर पर्याप्त जीव पृथिवीकायिक मणिस्वरूप होते हैं, उनके ही होता है। अन्य के नहीं होता।

१९. जिसके उदय से उद्योतरूप शरीर होता है सो उद्योतनामकर्म है। इसका उदय चन्द्रमा आदि के विमान के पृथिवीकायिक जीवों के, तथा आगिया (पटबीजना जुगनू) आदि जीवों के होता है।

२०. जिसके उदय से आकाश में गमन हो उसे विहायोगतिनामकर्म कहते हैं। यह दो प्रकार की होती है। एक प्रशस्त विहायोगति दूसरी अप्रशस्तविहायोगति।

२१. जिसके उदय से आत्मा द्वीन्द्रिय आदि शरीर धारण करता है सो त्रसनामकर्म है।

२२. जिसके उदय से जीव पृथिवी, अप, तेज, वायु और वनस्पतिकाय में उत्पन्न होता है सो स्थावरनामकर्म है।

२३. जिसके उदय से ऐसा सूक्ष्म शरीर प्राप्त हो जो अन्य जीवों के उपकार या घात करने में कारण न हो, पृथ्वी जल अग्नि पवन आदि से जिसका घात नहीं हो और

पहाड़ आदि में प्रवेश करते हुए भी नहीं रुके उसे **सूक्ष्मशरीर नामकर्म** कहते हैं।

२४. जिसके उदय से अन्य का रोकने योग्य वा अन्य से रुकने योग्य स्थूल शरीर प्राप्त हो उसको **बादर शरीर नामकर्म** कहते हैं।

२५. जिसके उदय से जीव आहारादि पर्याप्ति पूर्ण करता है उसे **पर्याप्तिनामकर्म** कहते हैं। यह छह प्रकार का है:— १. आहार पर्याप्ति, २. शरीर पर्याप्ति, ३. इन्द्रिय पर्याप्ति, ४. प्राणापान पर्याप्ति, ५. भाषा पर्याप्ति, और ६. मनः पर्याप्ति।

यहां यह प्रश्न हो सकता है कि प्राणापानपर्याप्ति नाम कर्म के उदय का जो उदर से पवन का निकालना वा प्रवेश होना फल है, वही उच्छ्वास कर्म के उदय का भी है। फिर इन दोनों में अंतर क्या हुआ? सो इसका उत्तर यह है कि–इन दोनों में इन्द्रिय अतीन्द्रिय का भेद है। अर्थात् पञ्चेन्द्रिय जीवों के सर्दी-गर्मी के कारण जो श्वास चलती है और जिसका शब्द सुन पड़ता है तथा मुंह के पास हाथ ले जाने से जो स्पर्श से मालूम होती है वह तो उच्छ्वास नाम कर्म के उदय से होती है। और जो समस्त संसारी जीवों के होती है और जो इन्द्रिय गोचर नहीं होती है वह प्राणापान पर्याप्ति के उदय से होती है।

एकेन्द्रिय जीवों के भाषा और मनको छोड़ कर चार; द्वीन्द्रिय, त्रींद्रिय, चतुरिन्द्रिय और असैनी पंचेन्द्रिय जीवों के भाषा सहित पांच और सैनी पंचेन्द्रियों के छहों पर्याप्ति होती हैं।

२६. जिसके उदय से जीव छहों पर्याप्ति में से एक को भी पूर्ण नहीं कर सके उसे **अपर्याप्तिनामकर्म** कहते हैं।

२७. जिसके उदय से एक शरीर बहुत से जीवों के उपभोगने का कारण हो उसे **साधारण शरीर नामकर्म** कहते हैं। जिन अनंत जीवों के आहार आदि चार पर्याप्ति, जन्म, मरण, श्वासोच्छ्वास, और उपकार एक ही काल मे होते हैं वे साधारण जीव हैं। जिस काल मे जिस आहार आदि पर्याप्ति, जन्म, मरण, श्वासोच्छ्वास को एक जीव ग्रहण करता है उसी काल में उसी पर्याप्ति आदि को दूसरे भी अनन्त जीव ग्रहण करते हैं। ये साधारण जीव वनस्पति काय में होते हैं। अन्य स्थावरों में नहीं होते। इनके साधारण शरीर नामकर्म का उदय रहता है।

२८. जिसके उदय से एक शरीर एक आत्मा के भोगने का कारण हो उसे **प्रत्येकशरीर**

नामकर्म कहते हैं।

२९. जिसके उदय से रस आदि सात धातुएं और उपधातुएं अपने २ स्थान में स्थिरता को प्राप्त हों, दुष्कर उपवास आदि तपश्चरण से भी उपांगों में स्थिरता रहे—रोग नहीं होवे उसे स्थिर नामकर्म कहते हैं। रस, रुधिर, मांस, मेद, हाड़, मज्जा और वीर्य ये सात धातुएं हैं। वात, पित्त, कफ, शिरा स्नायु, चाम और जठराग्नि ये सात उपधातुएं हैं।

३०. जिसके उदय से तनिक उपवास आदि करने से तथा थोड़ी बहुत सर्दी लगने से अंगोपांग कृश होजांय, धातु उपधातुओं की स्थिरता नहीं रहे, रोग हो जावें उसे अस्थिरनामकर्म कहते हैं।

३१. जिसके उदय से शरीर के मस्तक आदि अवयव सुंदर हों—देखने में रमणीक हों, उसे शुभनामकर्म कहते हैं।

३२. जिसके उदय से शरीर के अवयव सुन्दर न हों उसे अशुभनामकर्म कहते हैं।

३३. जिसके उदय से अन्य के प्रीति उत्पन्न हो अर्थात् दूसरों के परिमाण देखते ही प्रीति रूप हो जावें सो सुभगनामकर्म है।

३४. जिसके उदय से रूप आदि गुणों से युक्त होने पर भी दूसरों के अप्रीति उत्पन्न हो, बुरा मालूम हो उसे दुर्भग नाम कर्म कहते हैं।

३५. जिसके उदय से मनोज्ञ स्वर की अर्थात सबको प्यारे लगने वाले शब्द की प्राप्ति हो उसे सुस्वर नाम कर्म कहते हैं।

३६. जिसके उदय से अमनोज्ञ स्वर की प्राप्ति हो, उसे दुःस्वर नाम कर्म कहते हैं।

३७. जिसके उदय से प्रभा सहित शरीर हो उसे आदेय नाम कर्म कहते हैं।

३८. जिसके उदय से शरीर प्रभारहित हो उसे अनादेय नाम कर्म कहते हैं।

३९. जिसके उदय से पुण्यरूप गुणों की ख्याति प्रसिद्धि हो उसे यशः कीर्ति नाम कर्म कहते हैं।

४०. जिसके उदय से पापरूप गुणों की ख्याति हो उसे अयशः कीर्तिनामकर्म कहते हैं।

४१. जिसके उदय से अंग उपांगों की उत्पत्ति हो उसे निर्माणनामकर्म कहते हैं। यह दो प्रकार का है:— १. स्थाननिर्माण, और २. प्रमाण निर्माण। जातिनामक नामकर्म

के उदय से जो नाक कान आदि को योग्य स्थान में निर्माण करता है, सो तो स्थान निर्माण नाम कर्म है और जो उन्हें योग्य लम्बाई-चौड़ाई आदिका प्रमाण लिये रचना करता है, सो प्रमाण निर्माण है।

४२. जिस प्रकृति के उदय से अचिंत्यविभूति संयुक्त तीर्थंकरपने की प्राप्ति हो उसे तीर्थंकरनामकर्म कहते हैं।

इस प्रकार नामकर्म की बयालीस मूल प्रकृतियां हैं। किन्तु इनके अवान्तर भेदों का जोड़ने से नामकर्म की तिरानवे उत्तर प्रकृतियाँ होती हैं।

उच्चैर्नीचैश्च।

८, १२.

गोए णं भंते! कम्मे कइविहे पण्णत्ते? गोयमा! दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—उच्चागोए य नीयागोए य।

प्रज्ञापना पद २३, उ० २, सू० २९३.

छाया— गोत्रं भगवन! कर्म कतिविधं प्रज्ञप्तं? गौतम! द्विविधं प्रज्ञप्तं, तद्यथा—उच्चगोत्रश्च नीचगोत्रश्च।

प्रश्न — भगवन्! गोत्र कर्म कितने प्रकार का कहा गया है?

उत्तर—गौतम! वह दो प्रकार का है—उच्चगोत्र और नीचगोत्र।

दानलाभभोगोपभोगवीर्याणाम्।

८, १३.

अंतराए णं भंते! कम्मे कतिविधे पण्णत्ते? गोयमा! पंचविधे पण्णत्ते, तं जहा—दाणंतराइए, लाभंतराइए, भोगंतराइए, उवभोगंतराइए, वीरियंतराइए।

प्रज्ञापना पद २३ उद्दे० २ सूत्र २९३.

छाया— अन्तरायः भगवन! कर्म कतिविधः प्रज्ञप्तः? गौतम! पञ्चविधः प्रज्ञप्तः, तद्यथा—दानान्तरायिकः, लाभान्तरायिकः, भोगान्तरायिकः, उपभोगान्तरायिकः, वीर्यान्तरायिकः।

प्रश्न—भगवन् ! अंतराय कर्म कितने प्रकार का कहा गया है ?

उत्तर—गौतम ! वह पांच प्रकार का कहा गया है:— दानान्तराय, लाभान्तराय, भोगान्तराय, उपभोगान्तराय और वीर्यान्तराय ।

इस प्रकार प्रकृतिबंध का वर्णन किया गया । अब स्थितिबंध का वर्णन किया जाता है—

आदितस्तिसृणामन्तरायस्य च त्रिंशत्सागरोपमकोटीकोट्यः परा स्थितिः ।

८, १४.

उदहीसरिसनामाण, तीसई कोडिकोडीओ ।
उक्कोसिया ठिई होइ, अन्तोमुहुत्तं जहन्निया ॥ १६ ॥
आवरणिज्जाण दुण्हंपि, वेयणिज्जे तहेव य ।
अन्तराए य कम्मम्मि, ठिई एसा वियाहिया ॥ २० ॥

उत्तराध्ययन अध्ययन ३३.

छाया— उदधिसदृङ्नाम्नां, त्रिंशत्कोटाकोटयः ।
उत्कृष्टा स्थितिर्भवति, अन्तर्मुहूर्तं जघन्यका ॥ १९ ॥
आवरणीद्वयोरपि, वेदनीये तथैव च ।
अन्तराये च कर्मणि, स्थितिरेषा व्याख्याता ॥ २० ॥

भाषा टीका—ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, वेदनीय और अन्तराय कर्म की उत्कृष्ट स्थिति तीस कोड़ाकोड़ी सागर और जघन्य स्थिति अन्तर्मुहूर्त होती है ।

सप्ततिर्मोहनीयस्य ।

८, १५.

उदहीसरिसनामाण, सत्तरिं कोडिकोडीओ ।
मोहणिज्जस्स उक्कोसा, अन्तोमुहुत्तं जहन्निया ॥

उत्तराध्ययन अ० ३३, गाथा २१.

छाया— उदधिसदृङ्नाम्नां, सप्ततिः कोटाकोटयः।
मोहनीयस्योत्कृष्टा, अन्तर्मुहुर्तं जघन्यका ॥

भाषा टीका — मोहनीय कर्म की उत्कृष्ट स्थिति सत्तर कोड़ाकोड़ी सागर और जघन्य स्थिति अन्तर्मुहुर्त होती है।

विंशतिर्नामगोत्रयोः।

८, १६.

उदहीसरिसनामाण, वीसई कोडिकोडीओ।
नामगोत्ताणं उक्कोसा, अन्तोमुहुत्तं जहन्निया ॥

उत्तराध्ययन अध्य० ३३ गाथा २३.

छाया— उदधिसदृङ्नाम्नां, विंशतिः कोटाकोटयः।
नामगोत्रयोरुत्कृष्टा, अन्तर्मुहुर्तं जघन्यका ॥

भाषा टीका — नाम और गोत्र कर्म की उत्कृष्ट स्थिति बीस कोड़ाकोड़ी सागर की है और जघन्य स्थिति अन्तर्मुहुर्त होती है।

त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाण्यायुषः।

८. १७.

तेत्तीस सागरोवमा उक्कोसेण वियाहिया।
ठिइ उ आउकम्मस्स, अन्तोमुहुत्तं जहन्निया ॥

उत्तराध्ययन अ० ३३, गाथा २२.

छाया— त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमा, उत्कर्षेण व्याख्याता।
स्थितिस्त्वायुः कर्मणः, अन्तर्मुहुर्त्तं जघन्यका ॥

भाषा टीका — आयु कर्म की उत्कृष्ट स्थिति तेंतीस सागर की है और जघन्य स्थिति अन्तर्मुहुर्त होती है।

अपरा द्वादशमुहुर्ता वेदनीयस्य।

८, १८.

सातावेदणिज्जस्य.......जहन्नेणं बारसमुहुत्ता ।

प्रज्ञापना पद २३, उ० २ सू० २९३.

छाया— सातावेदनीयस्य जघन्येन द्वादशमुहुर्ताः ।

भाषा टीका — साता वेदनीय की जघन्य आयु बारह मुहुर्त होती है।

नामगोत्रयोरष्टौ ।

८, १९.

जसोकित्तिनामाएणं पुच्छा ? गोयमा ! जहण्णेणं अट्ठमुहुत्ता ।
उच्चगोयस्स पुच्छा ? गोयमा ! जहण्णेणं अट्ठमुहुत्ता ।

प्रज्ञापना पद २३, उ० २, सूत्र २९४.

छाया— यशःकीर्तिनाम्नः पृच्छा ? गौतम ! जघन्येनाष्टमुहुर्ताः ।
उच्चगोत्रस्य पृच्छा ? गौतम ! जघन्येनाष्टमुहुर्ताः ॥

भाषा टीका — हे गौतम ! यशःकीर्ति नाम कर्म को जघन्य आयु आठ मुहुर्त होती है, और हे गौतम ! उच्च गोत्र कर्म को जघन्य आयु भी आठ मुहुर्त होती है।

शेषाणामन्तर्मुहुर्ताः ।

८, २०.

अन्तोमुहुत्तं जहन्निया ।

उत्तराध्ययन अ० ३३, गाथा १९ से २२ तक.

छाया— अन्तर्मुहुर्तं जघन्यका ।

भाषा टीका — शेष कर्मों की जघन्य आयु अन्तर्मुहुर्त होती है ।

संगति — इन सभी सूत्रों के शब्द और आगम वाक्य प्रायः एकसे ही हैं ।

इस प्रकार स्थिति बन्ध का वर्णन किया गया ।

अब अनुभागबन्ध का वर्णन किया जाता है —

विपाकोऽनुभवः ।

८,२१.

स यथानाम ।

८, २२.

अणुभागफलविवागा ।

समवायांग, विपाकश्रुत वर्णन ।

सव्वेसिं च कम्माणं ।

प्रज्ञापना पद २३, उ० २.
उत्तराध्ययन अ० ३३, गाथा १७.

छाया — अनुभागफल विपाकाः ।
सर्वेषां च कर्मणाम् ।

भाषा टीका — सब कर्मों का अनुभाग उन २ कर्मों के फल का विपाक है । अर्थात् उन में जो फलदान शक्तिका पड़जाना और उदय में आकर अनुभव होने लगना है सो अनुभव वा अनुभाग है ।

ततश्च निर्जरा ।

८, २३.

उदीरिया वेइया य निज्जिन्ना ।

व्याख्या प्रज्ञप्ति शत० १, उ० १, सू० ११.

छाया — उदीरिताः वेदिताश्च निर्जीर्णाः ।

भाषा टीका — उस अनुभव के पश्चात् उन कर्मों की फल देकर निर्जरा हो जाती है ।

संगति — इन सब सूत्रों के अक्षर आगमवाक्यों से प्रायः मिलते हैं ।

अब प्रदेश बन्ध का वर्णन किया जाता है —

नामप्रत्ययाः सर्वतो योगविशेषात्सूक्ष्मैकक्षेत्रावगाहस्थिताः सर्वात्मप्रदेशेष्वनन्तानन्तप्रदेशाः ।

८, २४

सव्वेसिं चेव कम्माणं पएसग्गमणन्तगं ।
गण्ठियसत्ताईयं, अन्तो सिद्धाण आउयं ॥

सव्वजीवाण कम्मं तु, संगहे छद्दिसागयं ।

सव्वेसु वि पएसेसु, सव्वं सव्वेण बद्धगं ॥

उत्तराध्ययन अ० ३३, गाथा १७—१८.

छाया— सर्वेषां चैव, कर्मणां प्रदेशाग्रमनन्तकम् ।
ग्रन्थिकसत्वातीतं, अन्तरं सिद्धानामाख्यातम् ॥ १७ ॥
सर्वजीवानां कर्म तु, संग्रहे षड्दिशागतम् ।
सर्वेरप्यात्मप्रदेशैः, सर्वं सर्वेण बद्धकम् ॥ १८ ॥

भाषा टीका — सब कर्मों के प्रदेश अनन्त हैं। उनकी संख्या अभव्यराशि से अधिक और सिद्धराशि से कम है। *

सब जीवों का एक समय का कर्म संग्रह छहों दिशाओं से होता है और आत्मा के सब प्रदेशों में सब प्रकार से बंध जाता है।

संगति — सारांश यह है कि ज्ञानावरणीय आदि सभी कर्मों की प्रकृतियों के अनन्तानन्त कर्म पुद्गलों के प्रदेश हैं जो आत्मा के समस्त प्रदेशों में सूक्ष्म तथा एकक्षेत्रावगाह रूप से स्थित हैं।

सद्वेद्यशुभायुर्नामगोत्राणि पुण्यम् ।

८, २५.

अतोऽन्यत्पापम् ।

८, २६.

सायावेदणिज्ज……तिरिआउए मणुस्साउए देवाउए सुहणामस्सणं……उच्चागोत्तस्स…असाया वेदणिज्ज इत्यादि ।

प्रज्ञापना सूत्र पद २३, उ० १

एगे पुण्णे एगे पावे ।

स्थानांग स्थान १, सूत्र १६.

छाया— सातावेदनीयः……तिर्यगायुः मनुष्यायुःदेवायुः शुभनाम……

उच्चगोत्रं असातावेदनीयः इत्यादिः एकः पुण्यः एकः पापः ।

भाषा टीका — साता वेदनीय, तिर्यञ्च आयु, मनुष्यायु, देवायु, शुभनाम, उच्च गोत्र और असाता वेदनीय आदि । एक पुण्य रूप हैं और एक पाप रूप हैं ।

संगति — ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, मोहनीय और अंतराय यह चार घातिया कर्म कहलाते हैं । ये चारों ही अशुभ (पाप) रूप होते हैं । शेष चारो अघातिया कर्म कहलाते हैं । और यह पाप तथा पुण्य दोनों रूप हैं ।

इति श्री-जैनमुनि-उपाध्याय-श्रीमदात्माराम-महाराज-संगृहीते
तत्त्वार्थसूत्रजैनाऽऽगमसमन्वये

* अष्टमोऽध्यायः समाप्तः ॥ ८ ॥ *

---:o:---

नवमोऽध्यायः

---:o:---

आस्रवनिरोधः संवरः ।

९, १.

निरुद्धासवे संवरो ।

उत्तराध्ययन अ० २९, सूत्र ११.

छाया— निरुद्धाश्रवः संवरः ।

भाषा टीका — आस्रव का रुकजाना संवर है ।

स गुप्तिसमितिधर्मानुप्रेक्षापरीषहजयचारित्रैः ।

९, २.

तपसा निर्जरा च ।

९, ३.

एगे संवरे ।

समई गुत्ती धम्मो अणुपेह परीसहा चरित्तं च ।

सत्तावन्नं भेआ पणतिगभेयाइं संवरणे ॥

स्थानांग वृत्ति स्थान १.

एवं तु संजयस्सावि पावकम्मनिरासवे ।

भवकोडीसंचियं कम्मं, तवसा निज्जरिज्जइ ॥

उत्तराध्ययन अ० ३० गाथा ६.

छाया— एकः संवरः ।

समितिः गुप्तिः धर्मोऽनुप्रेक्षाः परीषहाश्चरित्रश्च ।

सप्तपञ्चाशद्भेदाः पञ्चत्रिकभेदादयः संवरे ॥

एवं तु संयतस्यापि, पापकर्मनिरास्रवे ।

भवकोटिसंचितं कर्म, तपसा निर्जीयते ॥

भाषा टीका — उस संवर के समिति, गुप्ति, धर्म, अनुप्रेक्षा, परिषहजय और चारित्र यह भेद होते हैं। जिनके क्रमशः पांच, तीन, दश, बारह, बाईस, और पांच भेदों को जोड़ने से संवर के कुल सत्तावन भेद होते हैं।

पापकर्मों के नष्ट होजाने पर व्रती के करोड़ जन्मों के संचित कर्मों को भी तपसे निर्जरा होजाती है।

सम्यग्योगनिग्रहो गुप्तिः।

९, ४.

गुत्ती नियत्तणे वुत्ता, असुभत्थेसु सव्वसो।

उत्तराध्ययन अ० २४ गाथा २६.

छाया— गुप्तयो निवर्तने उक्ताः, अशुभार्थेभ्यः सर्वेभ्यः।

भाषा टीका — सभी अशुभ अर्थों (प्रयोजनों) से [मन वचन काय के] रोकने को गुप्ति कहा गया है।

ईर्याभाषैषणाऽऽदाननिक्षेपोत्सर्गाः समितयः।

९, ५.

पंच समिईओ पण्णत्ता, तं जहा—ईरियासमिई भासासमिई एसणासमिई आयाणभंडमत्तनिक्खेवणासमिई उच्चारपासवणखेल-सिंघाणजल्लपारिट्ठावणियासमिई।

समवायांग समवाय ५.

छाया — पञ्च समितयः प्रज्ञप्ताः, तद्यथा—ईर्यासमितिः भाषासमितिः एषणा-समितिः आदानभाण्डमात्रनिक्षेपणासमितिः उच्चारप्रस्रवणखेलसिं-घाणजल्लपरिष्ठापणासमितिः।

भाषा टीका — समिति पांच होती हैं — ईर्यासमिति, भाषासमिति, एषणासमिति, आदानभन्डमात्र निक्षेपणसमिति (आदाननिक्षेपण समिति), उच्चार * प्रस्रवण † खेल ‡ सिंघाण || जलपरिष्ठापणा § समिति (प्रतिष्ठापणा अथवा उत्सर्ग समिति)

---

*. पुरीष, † मूत्र ‡ निष्ठीवन अथवा थूक, || नाकमैल, § गिराना या डालना।

उत्तमक्षमामार्दवार्जवशौचसत्यसंयमतपस्त्यागाकिंचन्यब्रह्मचर्याणि धर्मः ।

९, ६.

दसविहे समणधम्मे पण्णत्ते, तं जहा—खंती १ मुत्ती २ अज्जवे ३, मद्दवे ४ लाघवे ५ सच्चे ६ संजमे ७ तवे ८ चियाए ९ बंभचेरवासे १० ।

समवायांग समवाय १०

छाया— दशविधः श्रमणधर्मः प्रज्ञप्तः, तद्यथा-क्षान्तिः मुक्तिः आर्जवः मार्दवः लाघवः सत्यः संयमः तपः त्यागः ब्रह्मचर्यवासः ।

भाषा टीका —श्रमणों का दशप्रकार का धर्म कहा गया है – उत्तम क्षान्ति (क्षमा) मुक्ति (आकिंचन्य), आर्जव, मार्दव, लाघव (शौच), सत्य, संयम, तप, त्याग (दान), और ब्रह्मचर्य से रहना ।

अनित्याशरणसंसारैकत्वान्यत्वाशुच्यास्रवसंवरनिर्जरालोकबोधिदुर्लभधर्मस्वाख्यातत्त्वानुचिन्तनमनुप्रेक्षाः ।

९, ७

अणिच्चाणुप्पेहा १, असरणाणुप्पेहा २, एगत्ताणुप्पेहा ३, संसाराणुप्पेहा ४ ।

स्थानांग स्थान ४, उ० १, सू० २४७

अण्णत्ते [अणुप्पेहा] ५—अन्ने खलु णातिसंजोगा अन्नो अहमंसि । असुइअणुप्पेहा ६ ।

सूत्रकृतांग श्रुतस्कंध २, अ० १, सू० १३.

इमं सरीरं अणिच्चं, असुइं असुइसंभवं ।

असासयावासमिणं, दुक्खकेसाण भायणं ।

उत्तराध्ययन अ० १६, गाथा १२.

अवायाणुप्पेहा ७ ।

स्थानांग स्थान ४, उ० १, सू० २४७.

संवरे [अणुप्पेहा] ८—

जा उ अस्साविणी नावा, न सा पारस्स गामिणी ।
जा निस्साविणी नावा, सा उ पारस्स गामिणी ॥

उत्तराध्ययन अध्ययन २३, गाथा ७१.

णिज्जरे [अणुप्पेहा] ६ ।

स्थानांग स्थान १, सू० १६.

लोगे [अणुप्पेहा] १० ।

स्थानांग स्थान १, सू० ५.

बोहिदुल्लहे [अणुप्पेहा] ११ ।

संबुज्झह किं न बुज्झह, संबोही खलु पेज्जदुल्लहा ।
णो हूवणमंतिराइओ, नो सुलभं पुणरावि जीवियं ॥

सूत्रकृतांग प्रथम श्रुतिस्कन्ध गाथा १.

धम्मे [अणुप्पेहा] १२—

उत्तमधम्मसुई हु दुल्लहा ।

उत्तराध्ययन अ० १० गाथा १८.

छाया— अनित्यानुप्रेक्षा, अशरणानुप्रेक्षा, एकत्वानुप्रेक्षा, संसारानुप्रेक्षा, अन्यत्वानुप्रेक्षा—अन्ये खलु ज्ञातिसंयोगाः अन्योऽहमस्मि ।

अशुच्यनुप्रेक्षा—

इदं शरीरमनित्यं, अशुच्यशुचिसंभवं ।
अशाश्वतावासमिदं, दुःखक्लेशानां भाजनम् ॥

अपायानुप्रेक्षा,

संवरानुप्रेक्षा–

या त्वास्राविणी नौः, न सा पारस्य गामिनी ।
या निरास्राविणी नौः, सा तु पारस्य गामिनी ॥

निर्जरानुप्रेक्षा,

लोकानुप्रेक्षा,

बोधिदुर्लभानुप्रेक्षा–

संबुध्यध्वं किं न बुद्ध्यध्वं, संबोधी खलु प्रेत्य दुर्लभः ।
नैव उपनमंति रात्र्यः, नैव सुलभं पुनरपि जीवितं ॥

धर्मानुप्रेक्षा—

उत्तमधर्मश्रुतिः खलु दुर्लभा ।

भाषा टीका—१. अनित्य अनुप्रेक्षा [संसार के पदार्थों जोवन काय आदि को भी नाशवान् क्षणभंगुर अनित्य समझना,]

२. अशरण अनुप्रेक्षा- [सिंह के हाथ में पड़े हुए मृग के समान इस संसार में इस जीव को शरण देकर इसकी रक्षा करने वाला कोई नहीं है ।]

३. एकत्व अनुप्रेक्षा — [यह जीव संसार में अकेला ही आया है और इसको अकेला ही जाना है । ऐसा बारंबार चिंतवन करना ।]

४. संसार अनुप्रेक्षा — [यह जीव इस संसार में सदा जन्म लेकर के भ्रमण करता रहता है । यह संसार दुःखरूप है आदि संसार के स्वरूपका बारंबार चिंतवन करना ।]

† निर्वृति को जो सहायक हो उसे उपकरण कहते हैं । जैसे नेत्र में सफेद भाग, पलक आदि ।

‡ ज्ञानावरण कर्म की क्षयोपशम रूप शक्ति विशेष को लब्धि कहते हैं ।

§ लब्धि होने पर आत्मा का विषयों के प्रति परिणमन होने से आत्मा मे उत्पन्न हुए ज्ञान को उपयोग कहते हैं ।

२३—लट, चिउंटी, भौंरा और मनुष्य आदि के क्रम से एक२ इन्द्रिय अधिक२होती है।
२४—मन सहित जीवों को संज्ञी कहते हैं।

विग्रह गति—

२५—नया शरीर धारण करने के लिये की जाने वाली गति में कार्माण योग रहता है।
२६ जीव और पुद्गलों का गमन आकाश के प्रदेशों की श्रेणि का अनुसरण करके होता है।
२७—मुक्त जीव की गति वक्रता रहित (मोड़े रहित) सीधी होती है।
२८—और संसारी जीव की गति चार समय से पहिले २ विग्रहवती वा मोड़े वाली है।
२९—मोड़े रहित गति एक समय मात्र ही होती है।
३०—विग्रह गति वाला जीव एक समय, दो समय अथवा तीन समय तक *अनाहारक रहता है।

तीन जन्म—

३१—सम्मूर्छन, गर्भ, और उपपाद यह तीन जन्म होते हैं।
३२—उन तीनों जन्मों की नौ योनियां होती हैं—
सचित्त, अचित, सचित्ताचित्त, शीत, उष्ण, शीतोष्ण, संवृत, विवृत और संवृतविवृत ।
३३—जरायुज (जरायु में लिपटे हुए उत्पन्न होने वाले), अंडज (अंडे से उत्पन्न होने वाले) और पोत (जो माता के उदर से निकलते ही चलने फिरने लगें) जीवों के गर्भ जन्म होता है।
३४—चारों प्रकार के देवों और नारकी जीवों के उपपाद जन्म होता है।
३५—इनसे अवशिष्ट संसारी जीवों का सम्मूर्छन जन्म होता है।

---

* औदारिक, वैक्रियिक और आहारक शरीर तथा छहों पर्याप्तियों के योग्य पुद्गलवर्गणा के ग्रहण को आहार कहते हैं। जीव जब तक ऐसे आहार को ग्रहण नहीं करता है, तब तक उसे अनाहारक कहते हैं।

पांच शरीर—

३६—औदारिक*, वैक्रियिक+, आहारक‡, तैजस§ और कार्मण|| यह पांच शरीर होते हैं।

३७—अगले २ शरीर पहिले २ से सूक्ष्म २ हैं। अर्थात् औदारिक से वैक्रियिक सूक्ष्म है, वैक्रियिक से आहारक सूक्ष्म है, आहारक से तैजस और तैजस से कार्मण शरीर सूक्ष्म है।

३८—किन्तु प्रदेशों+ (परमाणुओं) की अपेक्षा तैजस से पहिले पहिले के शरीर असंख्यात गुणे हैं। अर्थात् औदारिक से वैक्रियिक शरीर में असंख्यात गुणे परमाणु हैं, और वैक्रियिक से आहारक शरीर में असंख्यात गुणे परमाणु हैं।

३९—शेष के दो शरीर–तैजस और कार्मण अनंत गुणे परमाणु वाले हैं। अर्थात् आहारक से तैजस में अनंत गुणे परमाणु हैं, और तैजस से कार्माण शरीर में अनन्त गुणे परमाणु हैं।

४०—तैजस और कार्माण यह दोनों ही शरीर अप्रतीघात हैं। अर्थात् अन्य मूर्तिमान पुद्गल आदि से रुकते नहीं हैं।

---

* स्थूल अर्थात प्रधान शरीर को औदारिक शरीर कहते हैं।

+ जिसमें अनेक प्रकार के स्थूल, सूक्ष्म, हलका, भारी, आदि विकार होने संभव हों उसे वैक्रियिक शरीर कहते हैं।

‡ सूक्ष्म पदार्थ के निर्णय के लिये छटे गुणस्थान वाले मुनियो के शरीर प्रगट होने वाले शरीर को आहारक शरीर कहते हैं।

§ जिससे शरीर में तेज शक्ति होती है उसे तैजस शरीर कहते हैं।

|| ज्ञानावरण आदि अष्टकर्मों के समूह को कार्माण शरीर कहते हैं।

+ आकाश के जितने प्रदेश को पुद्गल का अविभागी परमाणु घेरे उसे प्रदेश कहते हैं। जिस प्रकार मूर्तिक द्रव्य (पुद्गल) के छोटे बड़े पने का अंदाज परमाणुओं से बतलाया जाता है, उसी प्रकार अमूर्तिक द्रव्यों (जीव, धर्म, अधर्म, आकाश और काल) का अंदाज प्रदेशों से लगाया जाता है। यहां सूक्ष्म होने के कारण इन शरीरों का अंदाजा भी प्रदेशों से ही लगाया गया है। यद्यपि शरीर नाम कर्म के द्वारा रचना होने से यह शरीर भी पौद्गलिक ही हैं।

४१—इन दोनों शरीरों का आत्मा से अनादि काल से सम्बन्ध है [और संतान को अविवक्षा से सादि सम्बन्ध भी है ।]

४२—ये दोनों शरीर समस्त संसारी जीवों के होते हैं ।

४३—एक आत्मा में विभाजित किये हुए इन दोनों शरीरों को आदि लेकर एक साथ चार शरीर तक होते हैं ।

४४—अंत का कर्माण शरीर उपभोग रहित है अर्थात् इंद्रियों द्वारा शब्द आदि विषयों के उपभोग से रहित है ।

४५—गर्भ जन्म और सम्मूर्छन जन्म वालों के आदि का औदारिक शरीर ही होता है ।

४६—उपपाद जन्म से उत्पन्न होने वालों के वैक्रियिक शरीर होता है ।

४७—वैक्रियिक शरीर लब्धि अर्थात् तपो विशेष रूप ऋद्धि की प्राप्ति के निमित्त से भी होता है ।

४८—तथा तैजस शरीर भी लब्धि प्रत्यय अर्थात् ऋद्धि होने से प्राप्त होता है ।

४९—आहारक शरीर शुभ है अर्थात् शुभ कार्य को करता है, विशुद्ध है, व्याघात रहित है तथा प्रमत्तसंयत मुनि के ही होता है ।

जीवों के वेद—

५०—नारकी और सम्मूर्छन जीव नपुंसक होते हैं ।

५१—देव नपुंसक नहीं होते । अर्थात् देवों में पुरुषलिंग और स्त्रीलिंग दो ही लिंग होते हैं ।

५२—नारकी, देव और सम्मूर्छनों के अतिरिक्त गर्भज, तिर्यञ्च, और मनुष्य तीनों वेद वाले होते हैं ।

परिपूर्ण आयु वाले जीव—

५३—देव, नारकी, चरमशरीर वाले, और असंख्यात वर्ष की आयु वाले भोगभूमि के जीव परिपूर्ण आयु वाले होते हैं । अर्थात् इनकी अकाल मृत्यु नहीं होती ।

———o:———

तृतीय अध्याय

१—नरकों की सात भूमियां हैं :—

रत्नप्रभा, शर्कराप्रभा, बालुकाप्रभा, पंकप्रभा, धूमप्रभा, तमप्रभा, और महातमप्रभा।

यह सातों पृथिवी एक दूसरी के नीचे २, तीन वातवलय और आकाश के आश्रय स्थिर हैं, अर्थात् समस्त भूमियां घनोदधि वातवलय के आधार हैं, घनोदधि वातवलय घनवातवलय के आधार है, घनवातवलय तनुवातवलय के आधार है, तनुवातवलय आकाश के आधार है और आकाश स्वयं अपने ही आधार है।

२—प्रथम पृथिवी में तीस लाख, दूसरी में पच्चीस लाख, तीसरी में पन्द्रह लाख, चौथी में दश लाख, पांचवीं में तीन लाख, छटी में पांच कम एक लाख और सातवीं में कुल पांच ही नरक अर्थात् नारकावास हैं।

३—नारकी जीव सदा ही अशुभतर लेश्या वाले, अशुभतर परिणाम वाले, अशुभतर देह के धारक, अशुभतर वेदना वाले, और अशुभतर विक्रिया वाले होते हैं।

४—वह परस्पर एक दूसरे को दुःख उत्पन्न करते रहते हैं।

५—तीसरे नरक तक उन नारकी जीवों को संक्लिष्ट परिणाम वाले असुर-कुमार देव भी दुःखी किया करते हैं।

६—प्रथम नरक की उत्कृष्ट (अधिक से अधिक) आयु एक सागर, दूसरे की तीन सागर, तीसरे की सात सागर, चौथे की दश सागर, पांचवें को सतरह सागर, छटे की बाइस सागर और सातवें नरक की उत्कृष्ट आयु तेंतीस सागर की है।

मध्य लोक का वर्णन—

७—[इस पृथ्वी पर] जम्बूद्वीप आदि तथा लवण समुद्र आदि उत्तम २ नाम वाले द्वीप और समुद्र हैं।

८—प्रत्येक द्वीप समुद्र गोल चूड़ी के आकार, पहिले २ द्वीप तथा समुद्र को घेरे हुए और एक दूसरे से दुगुने २ विस्तार वाला है।

जम्बू द्वीप—

९—उन सब द्वीप समुद्रों के बीच में सुमेरु पर्वत को नाभि के समान धारण करने वाला, गोलाकार तथा एक लाख योजन लम्बा चौड़ा जम्बू द्वीप है।

१०—इस जम्बू द्वीप में भरत, हैमवत, हरि, विदेह, रम्यक, हैरण्यवत, और ऐरावत यह सात क्षेत्र हैं।

११—उन सात क्षेत्रों का विभाग करने वाले, पूर्व से पश्चिम तक लंबे—हिमवान्, महाहिमवान्, निषध, नील, रुक्मी और शिखरी यह छह क्षेत्रों को धारण करने वाले अर्थात् वर्षधर पर्वत हैं।

१२—हिमवान् पर्वत सुवर्णमय अर्थात् पीतवर्ण का है, महाहिमवान् सफेद चांदी के समान रंग वाला है, निषध पर्वत ताये हुए सुवर्ण के समान है, नील पर्वत वैडूर्यमय अर्थात् मोर के कंठ के समान नीले रंग का है, रुक्मी पर्वत चांदी के समान श्वेत वर्ण है और छटा शिखरी पर्वत सुवर्ण के समान पीत वर्ण का है।

१३—उनके पसवाड़े नाना प्रकार के रंग तथा प्रभा वाली मणियों से चित्रित हो रहे हैं। वह ऊपर, नीचे और मध्य में एक से लम्बे चौड़े—दीवार के समान हैं।

१४—उन छहों पर्वतों के ऊपर क्रम से निम्नलिखित छै ह्रद हैं—पद्म, महापद्म, तिगिंछ, केसरि, महापुण्डरीक और पुण्डरीक।

१५—इनमें से पहला पद्म सरोवर पूर्व से पश्चिम तक एक सहस्र योजन लम्बा और उत्तर से दक्षिण तक पांच सौ योजन चौड़ा है।

१६—वह पद्म सरोवर दश योजन गहरा है।

१७—उस पद्महृद के बीच में एक योजन का लंबा चौड़ा एक कमल है।

१८—इस प्रथम सरोवर और कमल से अगले २ तालाब और कमल [तीसरे तक] दुगुने हैं।

१९—इन छहों कमलों में निम्नलिखित छै देवियां सामानिक और पारिषद् के देवों सहित निवास करतीं हैं—

श्री, ह्री, धृति, कीर्ति, बुद्धि और लक्ष्मी।

इनकी आयु एक २ पल्य की होती है।

२०—उन सातों क्षेत्रों में क्रमशः दो २ के जोड़े से निम्नलिखित चौदह नदियां बहती हैं—

गंगा, सिन्धु, रोहित्, रोहितास्या, हरित्, हरिकान्ता, सीता, सीतोदा, नारी, नरकान्ता, सुवर्णकूला, रूप्यकूला, रक्ता और रक्तोदा।

२१—इन सात युगल में से पहली २ नदियां पूर्व की ओर जाती हुई पूर्व समुद्र में मिलती हैं।

२२—और शेष सात नदियां पश्चिम की ओर जाती हुई पश्चिम के समुद्र में मिलती हैं।

२३—गंगा सिन्धु आदि नदियां चौदह २ हज़ार नदियों के परिवार सहित हैं। अर्थात् इनको चौदह २ हजार सहायक नदियां हैं।

२४—भरत क्षेत्र का उत्तर दक्षिण विस्तार पांच सौ छब्बीस सही छै बटा उन्नीस ($५२६\frac{६}{१९}$) योजन है।

२५—भरतक्षेत्र से आगे विदेह क्षेत्र तक पर्वत और क्षेत्र दुगुने २ विस्तार वाले हैं।

२६—विदेह क्षेत्र से उत्तर के तीन पर्वत और तीन क्षेत्र विदेह क्षेत्र से दक्षिण के पर्वतों और क्षेत्रों के बराबर विस्तार वाले हैं।

२७—इनमें से भरत और ऐरावत क्षेत्र में उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी के छै २ कालों में [प्राणियों के आयु, काय, भोग, उपभोग, सम्पदा, वीर्य, और बुद्धि आदि] बढ़ते और घटते रहते हैं।

२८—उन भरत और ऐरावत के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों की पांच पृथिवी ज्यों की त्यों नित्य हैं। अर्थात् उनमें कालचक्र की हानि और वृद्धि नहीं होती।

२९—हैमवत क्षेत्र के मनुष्यों की आयु एक पल्य, हरिवर्ष वालों की दो पल्य और देवकुरु वालों की तीन पल्य होती है।

३०—इन दक्षिण के क्षेत्रों के समान ही उत्तर के क्षेत्रों की रचना और आयु है।

३१—विदेह क्षेत्रों में संख्यात वर्ष की आयु वाले मनुष्य होते हैं।

३२—भरत क्षेत्र जम्बूद्वीप का एक सौ नव्वेवां ($\frac{१}{१९०}$) भाग है।

अढाई द्वीप का वर्णन—

३३—धातकीखंड नाम के दूसरे द्वीप में भरत आदि क्षेत्र दो २ हैं।

३४—पुष्करद्वीप के आधे भाग में भी भरत आदि क्षेत्र दो २ हैं।

३५—मनुष्य मानुषोत्तर पर्वत से पहिले २ ही रहते हैं।

३६—मनुष्यों के दो भेद हैं—आर्य और म्लेच्छ।

३७—देवकुरु तथा उत्तरकुरु को छोड़कर पांच भरत, पांच ऐरावत और पांच विदेह इस प्रकार पन्द्रह कर्मभूमियां हैं।

३८—मनुष्यों की उत्कृष्ट स्थिति तीन पल्य और जघन्य अन्तर्मुहूर्त है।

३९—तिर्यञ्चों की भी उत्कृष्ट आयु तीन पल्य और जघन्य अन्तर्मुहूर्त होती है।

—:o:—

चतुर्थ अध्याय

चार प्रकार के देव—

१—देवों के चार समूह हैं—(भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक)।

२—भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिष्कों में कृष्ण, नील, कापोत और पीत ये चार लेश्या होती हैं।

३—भवनवासियों के दश भेद, व्यन्तरों के आठ, ज्योतिष्कों के पांच और कल्पोपपन्नों के बारह भेद होते हैं।

† देखो अध्याय ४ सूत्र १७.

देवों के इन्द्र आदि दश भेद—

४—इन भेदों में से भी प्रत्येक के निम्नलिखित दश २ भेद होते हैं—

इन्द्र, सामानिक, त्रायस्त्रिंश, पारिषद्, आत्मरक्ष, लोकपाल, अनीक, प्रकीर्णक, आभियोग्य, और किल्बिषिक ।

५—व्यन्तर और ज्योतिष्कों में त्रायस्त्रिंश और लोकपाल नहीं होते ।

६—भवनवासी और व्यन्तरों के प्रत्येक भेद में दो दो इन्द्र होते हैं ।

देवों का काम सेवन—

७—भवनवासी, व्यंतर, ज्योतिष्क, सौधर्म स्वर्ग और ईशान स्वर्ग के देव [मनुष्यों के समान] शरीर से काम सेवन करते हैं ।

८—ऊपर के स्वर्गों के देव केवल स्पर्श करने, रूप देखने, शब्द सुनने और मन से ही काम सेवन का रस ले लेते हैं ।

९—स्वर्गों (कल्पों) के परे के देव काम सेवन रहित हैं ।

देवों के अवान्तर भेद—

१०—भवनवासियों के दश भेद हैं—

असुरकुमार, नागकुमार, विद्युतकुमार, सुपर्णकुमार, अग्निकुमार, वातकुमार, स्तनितकुमार, उदधिकुमार, द्वीपकुमार और दिक्कुमार ।

११—व्यंतरों के आठ भेद हैं—

किन्नर, किम्पुरुष, महोरग, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, भूत और पिशाच ।

१२—ज्योतिष्कों के पांच भेद हैं—

सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र और प्रकीर्णकतारे ।

१३—यह सब ज्योतिष्कदेव मनुष्य लोक अर्थात् अढ़ाईद्वीप और दो समुद्रों में सुमेरु पर्वत की प्रदक्षिणा देते हुए निरंतर गमन करते रहते हैं ।

१४—इन के द्वारा ही समय का विभाग किया जाता है ।

१५—मनुष्य लोक से बाहिर के ज्योतिष्कदेव निश्चित अर्थात् गति रहित हैं ।

१६—इनके ऊपर विमानों में रहने वाले देव वैमानिक कहलाते हैं ।

१७—वैमानिकों के दो भेद होते हैं—

कल्पोपपन्न और कल्पातीत ।

स्वर्ग और उनके ऊपर की रचना—

१८—यह सब निम्नलिखित क्रम से ऊपर २ हैं ।

१९—सौधर्म, ईशान, सानत्कुमार, माहेन्द्र, ब्रह्म ब्रह्मोत्तर, लांतव कापिष्ठ, शुक्र महाशुक्र, सतार सहस्रार, आनत प्राणत और आरण अच्युत में कल्पोपपन्न देव रहते हैं । और नवग्रैवेयक के नौ पटल, नौ अनुदिश के एक पटल तथा विजय, वैजयंत, जयन्त, अपराजित और सर्वार्थसिद्धि नाम के पांच अनुत्तर विमानों के एक पटल में कल्पातीत देव रहते हैं । (यह सब अहमिन्द्र कहलाते हैं ।)

२०— ऊपर २ के वैमानिकों की आयु, प्रभाव, सुख, द्युति, लेश्या की विशुद्धता, इन्द्रिय विषय और अवधि ज्ञान का विषय अधिक २ है ।

२१— किन्तु गमन, शरीर की उच्चता, परिग्रह और अभिमान ऊपर २ के देवों का कम २ है ।

२२— सौधर्म ईशान में पीत लेश्या; सानत्कुमार माहेन्द्र में पीत पद्म दोनों; ब्रह्म, ब्रह्मोत्तर, लांतव और कापिष्ठ में पद्म लेश्या; शुक्र, महाशुक्र, सतार और सहस्रार में पद्म शुक्ल दोनों तथा आनत आदि शेष विमानों में शुक्ल लेश्या है । परन्तु अनुदिश और अनुत्तर विमानों में परम शुक्ल लेश्या होती है ।

२३— ग्रैवेयकों से पहिले २ के सोलह स्वर्ग कल्प कहलाते हैं ।

लौकान्तिक देव—

२४—पांचवें स्वर्ग ब्रह्मलोक के अंत में रहने वाले लौकान्तिक देव कहलाते हैं ।

२५—इनके आठ भेद होते हैं—

सारस्वत, आदित्य, वन्हि, अरुण, गर्दतोय, तुषित, अव्याबाध, और अरिष्ट ।

२६—विजय आदि चार विमानों के देव दो जन्म लेकर मोक्ष जाते हैं ।

तिर्यञ्च जीव—

२७—देव, नारकी और मनुष्यों के अतिरिक्त शेष सब जीव तिर्यञ्च हैं।

देवों की आयु—

२८—असुरकुमारों की आयु एक सागर, नागकुमारों की तीन पल्य, सुपर्णकुमारों की अढाई पल्य, द्वीपकुमारों की दो पल्य और शेष छह कुमारों की उत्कृष्ट आयु डेढ़ डेढ़ पल्य की है।

२९—सौधर्म और ईशान स्वर्ग के देवों की उत्कृष्ट आयु दो सागर से कुछ अधिक है।

३०—सानत्कुमार और माहेन्द्र स्वर्ग के देवों की उत्कृष्ट आयु सात सागर से कुछ अधिक है।

३१—ब्रह्म ब्रह्मोत्तर के देवों की आयु दश सागर से कुछ अधिक, लान्तव और कापिष्ठ में चौदह सागर से कुछ अधिक, शुक्र और महाशुक्र में सोलह सागर से कुछ अधिक, सतार और सहस्रार में अठारह सागर से कुछ अधिक, आनत और प्राणत में बीस सागर की, तथा आरण और अच्युत स्वर्ग में बाईस सागर की उत्कृष्ट आयु है।

३२—आरण और अच्युत युगल से ऊपर नव ग्रैवेयकों, नव अनुदिशों, विजयादिक चार विमानों और सर्वार्थसिद्धि विमान में एक २ सागर आयु अधिक है। अर्थात् प्रथम ग्रैवेयक में तेईस सागर, नवम ग्रैवेयक में इकत्तीस सागर, नव अनुदिशों में बत्तीस सागर और पांचो अनुत्तर विमानों में तेंतीस सागर उत्कृष्ट आयु है।

३३—सौधर्म ईशान स्वर्ग की जघन्य आयु एक पल्य से कुछ अधिक है।

३४—पहिले २ युगल की उत्कृष्ट आयु अगले अगले युगलों में जघन्य है।

३५—नारकी जीवों की जघन्य आयु भी इसी प्रकार दूसरे तीसरे आदि नरकों में पूर्व २ की उत्कृष्ट आगे २ जघन्य है।

३६—प्रथम नरक की जघन्य आयु दश सहस्र वर्ष है।

३७— भवन वासियों की जघन्य आयु भी दश हजार वर्ष है।

३८— व्यन्तरों की जघन्य आयु भी दश हजार वर्ष है।

३९— व्यन्तरों की उत्कृष्ट आयु एक पल्य से कुछ अधिक है।

४०— ज्योतिष्कों की उत्कृष्ट आयु भी एक पल्य से कुछ अधिक है।

४१— ज्योतिष्कों की जघन्य आयु पल्य का आठवां भाग है।

४२— सभी लौकान्तिक देवों की उत्कृष्ट और जघन्य आयु आठ सागर है।

———.o:———

पंचम अध्याय

छै द्रव्य—

१—धर्म, अधर्म, आकाश और काल अजीवकाय अर्थात् अचेतन और बहुप्रदेशी पदार्थ हैं।

२—उक्त चारों पदार्थ द्रव्य हैं।

३—जीव भी द्रव्य हैं।

४—यह सब द्रव्य [इसी अध्याय के ३९ वें सूत्र के काल द्रव्य सहित] नित्य अर्थात कभी न नष्ट होने वाले, अवस्थित अर्थात् संख्या में न घटने बढ़ने वाले और अरूपी हैं।

५—किन्तु इनमें से केवल पुद्गल द्रव्य रूपी हैं।

६—धर्म द्रव्य, अधर्म द्रव्य, और आकाश द्रव्य एक २ ही हैं।

७—यह तीनों ही द्रव्य निष्क्रिय भी हैं।

द्रव्यों के प्रदेश—

८—धर्म, अधर्म और एक जीव द्रव्य के प्रदेश असंख्यात २ हैं।

९—आकाश के अनन्त प्रदेश हैं [किन्तु लोकाकाश के असंख्यात प्रदेश हैं]।

१०—पुद्गलों के प्रदेश [स्कन्धों के अनुसार] संख्यात, असंख्यात और अनंत हैं।

११—पुद्गल परमाणु के एक प्रदेश मात्र होने से प्रदेश नहीं कहे गये हैं।

द्रव्यों का अवगाह—

१२—इन सब द्रव्यों का अवगाह (स्थिति) लोकाकाश में है।

१३—धर्म और अधर्म द्रव्य सम्पूर्ण लोकाकाश में हैं।

१४—पुद्गलों का अवगाह लोक के एक प्रदेश आदि में है।

१५—जीवों का अवगाह लोक के असंख्यातवें भाग आदि में है।

जीव के छोटे बड़े शरीर को ग्रहण करने का दृष्टान्त—

१६—जीव के प्रदेश संकोच और विस्तार से दीपक के समान [छोटे बड़े सभी शरीरों में व्याप्त रहते हैं।]

द्रव्यों का उपकार

१७—धर्म द्रव्य का उपकार जीवों और पुद्गलों को गमन में सहायता देना तथा अधर्म द्रव्य का उपकार स्थिति में सहायता देना है।

१८—सब द्रव्यों को जगह देना आकाश द्रव्य का उपकार है।

१९—शरीर, वचन, मन और श्वासोच्छ्वास आदि बनना पुद्गलों का उपकार है।

२०—सुख, दुःख, जीना और मरना यह उपकार भी पुद्गलों के ही हैं।

२१—जीवों का परस्पर उपकार है।

२२—वर्तना, परिणाम, क्रिया, परत्व और अपरत्व काल द्रव्य के उपकार हैं।

पुद्गल द्रव्य का वर्णन—

२३—स्पर्श, रस, गन्ध और वर्ण वाले पुद्गल होते हैं।

२४—शब्द, बंध, सूक्ष्मता, स्थूलता, संस्थान, भेद, तम, छाया, आतप (धूप) और उद्योत सहित भी पुद्गल होते हैं। [सारांश यह है कि यह भी पुद्गल की ही पर्यायें होती हैं।]

२५—पुद्गलों के दो भेद होते हैं—
अणु और स्कन्ध।

२६—पुद्गलों के स्कन्ध भेद (टूटने) और संघात (जुड़ने) से उत्पन्न होते हैं।

२७—किन्तु अणु भेद से ही होता है, संघात से नहीं होता।

२८ नेत्र इन्द्रिय से दिखाई देने वाला स्कन्ध भेद और संघात दोनों से ही होता है।

द्रव्य का लक्षण—

२९—द्रव्य का लक्षण सत है।

३०—उत्पाद (उत्पत्ति), व्यय (विनाश), और ध्रौव्य (स्थिर मौजूदगी) सहित को सत् कहते हैं

३१—जो तद्भाव रूप से अव्यय अर्थात् तीनों काल में विनाश रहित हो उसे नित्य कहते हैं।

३२—मुख्य करने वाली अर्पित और गौण करने वाली अनर्पित से वस्तु की सिद्ध होती है।

स्कन्धों के बन्ध का वर्णन—

३३—परमाणुओं के स्कन्धों का बन्ध स्निग्धता अथवा चिकनाई और रूक्षता अर्थात् रूखेपन से होता है।

३४— जघन्यगुण* सहित परमाणु में बंध नहीं होता।

३५—गुण की समानता होने पर सदृशों का बन्ध नहीं होता।

३६—किंतु दो अधिक गुण वालों का ही बन्ध होता है।

३७—और बन्ध अवस्था में अधिक गुण सहित पुद्गल अल्प गुण सहित को परिणमाते हैं। अर्थात् अल्पगुण के धारक स्कन्ध अधिक गुण के स्कन्ध रूप हो जाते हैं।

द्रव्य का दूसरा लक्षण

३८—गुण और पर्याय वाला द्रव्य होता है।

---

*जिस परमाणु में स्निग्धता अथवा रूक्षता का एक अविभागी प्रतिच्छेद रह जावे वह जघन्य गुण वाला है।

काल द्रव्य—

३९—काल भी द्रव्य है ।

४०—वह काल द्रव्य अनन्त समय वाला है ।

गुण का लक्षण—

४१—जो द्रव्य के नित्य आश्रित हों अर्थात् बिना द्रव्य के आश्रय के न रह सकें तथा स्वयं अन्य गुणों से रहित हों वह गुण हैं ।

पर्याय का लक्षण—

४२—द्रव्यों के जिस रूप में वह हैं उसी रूप में होने को परिणाम या पर्याय कहते हैं ।

———o:———

षष्ठ अध्याय

आस्रव का वर्णन—

१—काय, वचन और मन की क्रिया को योग कहते हैं ।

२—वह योग ही कर्मों के आगमन का द्वार रूप आस्रव है ।

३—शुभ परिणामों से उत्पन्न हुआ योग पुण्य प्रकृतियों के आस्रव का कारण है तथा अशुभ परिणामों से उत्पन्न हुआ योग पापरूप कर्मप्रकृतियों के आस्रव का कारण है ।

४—कषाय सहित जीवों के होने वाला सांपरायिक आस्रव तथा कषायरहित जीवों के होने वाला ईर्यापथ आस्रव होता है ।

साम्परायिक आस्रव के भेद—

५—प्रथम साम्परायिक आस्रव के निम्नलिखित भेद हैं—
पांच इन्द्रिय, चार कषाय, पांच अव्रत, और पचीस क्रिया ।

६—उस आस्रव में भी तीव्रभाव, मन्दभाव, ज्ञातभाव, अज्ञातभाव, अधिकरण और वीर्य की विशेषता से न्यूनाधिकता होती है ।

आस्रव के अधिकरण—

७—आस्रव का अधिकरण (आधार) जीव और अजीव दोनों हैं।

जीवाधिकरण के १०८ भेद—

८—आदि के जीवाधिकरण के निम्न भेद हैं:—

संरम्भ, समारम्भ और आरम्भ। फिर उनको मन, वचन और काय योग से करना (कृत), कराना (कारित) अथवा करते हुए को भला मानना (अनुमोदना)। फिर उसमें क्रोध, मान, माया अथवा लोभ करना। इस प्रकार तीन, तीन, तीन और चार को परस्पर गुणा देने से एक सौ आठ भेद होते हैं।

अजीवाधिकरण—

९—निर्वर्तनाधिकरण, निक्षेपाधिकरण, संयोगाधिकरण और निसर्गाधिकरण यह चार अजीवाधिकरण के भेद हैं।

आठों कर्मों के आस्रव के कारण—

१०—ज्ञान तथा दर्शन के विषय में प्रदोष, निन्हव, मात्सर्य, अंतराय, आसादन और उपघात करने से ज्ञानावरणीय और दर्शनावरणीय कर्मों का आस्रव होता है।

११—स्वयं दुःख, शोक, ताप, आक्रन्दन, वध, और परिदेवन करने, दूसरे को कराने अथवा दोनों को एक साथ उत्पन्न करने से असाता वेदनीय कर्म का आस्रव होता है।

१२—प्राणियों और व्रतियों में दया, दान, सरागसंयम आदि योग, क्षमा और शौच आदि भावों से साता वेदनीय कर्म का आस्रव होता है।

१३—केवलज्ञानी, शास्त्र, मुनियों के संघ, अहिंसामय धर्म, और देवों का अवर्णवाद करने से दर्शनमोहनीय कर्म का आस्रव होता है।

१४—कषायों के उदय से तीव्र परिणाम होने से चारित्र मोहनीय कर्म का आस्रव होता है।

१५—बहुत आरम्भ करने और बहुत परिग्रह रखने से नरक आयु कर्म का आस्रव होता है।

१६—कुटिल स्वभाव रखने से तिर्यंच आयु कर्म का आस्रव होता है।

१७—थोड़ा आरम्भ करने और थोड़ा परिग्रह रखने से मनुष्य आयु का आस्रव होता है।

१८—स्वाभाविक कोमलता से भी मनुष्य आयु का आस्रव होता है।

१९—सातों शील तथा अहिंसा आदि पांचों व्रतों का पालन न करने से चारों गतियों का आस्रव होता है।

२०—सरागसंयम, संयमासंयम (देशव्रत) अकाम निर्जरा और बालतप से देव आयु कर्म का आस्रव होता है।

२१—सम्यग्दर्शन भी देव आयु का कारण है।

२२—मन, वचन और काय के योगों की कुटिलता और अन्यथा प्रवृत्ति से अशुभ नाम कर्म का आस्रव होता है।

२३—इसके विपरीत मन, वचन और काय की सरलता और विसंवाद न करने से शुभ नाम कर्म का आस्रव होता हैं।

२४—१ दर्शन विशुद्धि, २ विनयसम्पन्नता ३ शीलों और व्रतों का अतिचार रहित पालन करना, ४ निरन्तर ज्ञान के अभ्यास में रहना, ५ संसार के दुखों से भयभीत होना ६ शक्ति अनुसार दान करना, ७ शक्ति अनुसार तप करना ८ मुनियों की सेवा करना, ९ रोगी मुनियों की परिचर्या करना, १० अर्हद्भक्ति ११ आचार्य भक्ति, १२ बहुश्रुत भक्ति, १३ प्रवचन भक्ति, १४ सामायिक स्तवन, वंदना, प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान और कायोत्सर्ग इन छह आवश्यकीय क्रियाओं में कमी न करना, १५ जैनधर्म का प्रचार करने रूप मार्ग-प्रभावना और १६ सहधर्मी जन से अत्यन्त प्रेम मानना—यह सोलह भावनाएं तीर्थंकर प्रकृति के आस्रव का कारण हैं।

२५—पर की निन्दा करने, अपनी प्रशंसा करने, पर के विद्यमान गुणों को

छिपाने और अपने अविद्यमान गुणों को प्रगट करने से नीच गोत्र कर्म का आस्रव होता है ।

२६—इसके विपरीत अपनी निंदा करने, पर की प्रशंसा करने, अपने विद्यमान गुणों को छिपाने पर के गुणों को प्रकाशित करने और अपने से गुणाधिक के सामने विनय रूप से रहने तथा गुणों में बड़ा होते हुए भी मद न करने (अनुत्सेक) से उच्चगोत्र कर्म का आस्रव होता है ।

२७—दूसरे के दान, भोग आदि में विघ्न करने से अन्तराय कर्म का आस्रव होता है ।

—:o:—

सप्तम अध्याय

पांच व्रत—

१—हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील और परिग्रह से ज्ञान पूर्वक विरक्त होना व्रत है ।

२—उक्त पांचों पापों का एक देश त्याग करना अणुव्रत कहलाता है । और पूर्ण त्याग करना महाव्रत है ।

३—उन व्रतों को स्थिर करने के लिये प्रत्येक व्रत की पांच २ भावनाएं हैं ।

४—वचनगुप्ति, मनो गुप्ति, ईर्यासमिति, आदाननिक्षेपण समिति और आलोकितपान भोजन यह पांच अहिंसाव्रत की भावनाएं हैं ।

५— क्रोध का त्याग, लोभ का त्याग, भय का त्याग, हास्य का त्याग और शास्त्र के अनुसार निर्दोष वचन बोलना यह पांच सत्यव्रत की भावनाएं हैं ।

६—खाली घर में रहना, किसी के छोड़े हुए स्थान में रहना, अन्य को रोकना नहीं, शास्त्रविहित आहार की विधि को शुद्ध रखना और सहधर्मी भाइयों से विसंवाद नहीं करना यह पांच अचौर्यव्रत की भावनाएं हैं ।

७—स्त्रियों में प्रीति उत्पन्न करने वाली कथाओं का त्याग, स्त्रियों के मनो-

हर अंगों को देखने का त्याग, पूर्वकाल में भोगे हुए भोगों को स्मरण करने का त्याग, पौष्टिक तथा प्रिय रसों का त्याग और अपने शरीर को शृंगार युक्त करने अथवा सजाने का त्याग यह पांच ब्रह्मचर्य व्रत की भावनाएं हैं।

८—पांचों इन्द्रियों के स्पर्श रस आदि इष्ट अथवा अनिष्ट रूप पांचों विषयों में राग द्वेष का त्याग करना परिग्रह त्याग व्रत की पांच भावनाएं हैं।

९—हिंसा आदि पांचों पापों में इस लोक में दण्ड मिलने तथा परलोक में पाप बन्ध होने का चिन्तवन करे।

१०—अथवा यह चिन्तवन करे कि यह पांचों पाप दुःख रूप ही हैं।

११—सर्व साधारण जीवों में मैत्री भावना, गुणाधिकों में प्रमोद भावना, दुःखियों में कारुण्य भावना और अविनयी अथवा मिथ्यादृष्टियों में माध्यस्थ भावना रखे।

१२—अथवा संवेग* और वैराग्य† के लिये जगत् और काय के स्वभाव का भी बारम्बार चिन्तवन करे।

पांचों पापों के लक्षण—

१३—प्रमाद के योग से द्रव्य§ अथवा भाव प्राणों‡ का वियोग करना हिंसा है।

१४—असत् वचन कहना अनृत अथवा असत्य है।

१५—बिना दी हुई वस्तु को ले लेना चोरी है।

१६—मैथुन करना अब्रह्म अर्थात् कुशील है।

१७—[चेतन अचेतन रूप परिग्रह में] ममत्वरूप परिणाम ही परिग्रह है।

१८— जो शल्य रहित है वही व्रती है।

---

* संसार के दुःख से डरना, † संसार से विरक्त होना, § पांच इन्द्रिय, मन बल, वचन बल कायबल, आयु और श्वासोच्छ्वास यह दश प्राण हैं, ‡आत्मा के ज्ञान दर्शन आदि स्वभावों को भाव प्राण कहते हैं।

१९—[व्रती जीव दो प्रकार के होते हैं], अगारी (गृहस्थी) और गृहत्यागी साधु ।

अणुव्रती श्रावक

२०—अणुव्रतों का पालन करने वाले को अगारी कहते हैं ।

२१—दिग्विरति, देशविरति, अनर्थदंडविरति [इन तीन गुण व्रतों] सामायिक, प्रोषधोपवास, उपभोगपरिभोग परिमाण और अतिथिसंविभाग व्रत [इन चार शिक्षाव्रतों का] भी अगारी पालन करे ।

२२—और मृत्यु के समय होने वाली सल्लेखना का पालन करे ।

व्रतों और शीलों के अतिचार

२३—शंका, कांक्षा, विचिकित्सा, अन्यदृष्टिप्रशंसा और अन्यदृष्टिसंस्तव यह पांच सम्यग्दर्शन के अतीचार हैं ।

२४—पांचों व्रत और सात शीलों के भी क्रम से पांच २ अतीचार हैं ।

२५—बंध, वध, छेद, अत्यन्त बोझ लादना, और अन्न पानी न देना यह पांच अहिंसाणुव्रत के अतीचार हैं ।

२६—झूठा उपदेश देना, किसी की गुप्त बात को प्रगट कर देना, झूठे स्टाम्प आदि लिखना, किसी की धरोहर को अपना लेना, और किसी की चेष्टा आदि से उसके मन की बात को जानकर प्रगट कर देना यह पांच सत्याणुव्रत के अतीचार हैं ।

२७—चोरी करने का उपाय बताना, चोरी की वस्तु को लेना, राज्य (देश) के विरुद्ध चलना, नाप और तोल के बाट आदि को कमती बढ़ती रखना, और असली माल में खोटा माल मिला कर बेचना (प्रतिरूपक व्यवहार) यह पांच अचौर्याणुव्रत के अतीचार हैं ।

२८—दूसरे का विवाह करना या कराना, परिगृहीतेत्वरिकागमन, अपरिगृहीतेत्वरिकागमन, अनंगक्रीडा, और कामतीव्राभिनिवेश* यह पांच ब्रह्मचर्याणुव्रत के अतीचार हैं ।

---

* इनका लक्षण इसी ग्रन्थ तत्त्वार्थसूत्र जैनागमसमन्वय के पृ० १७० पर देखो

२९—क्षेत्रवास्तु, हिरण्यसुवर्ण, धनधान्य, दासीदास और कुप्य इन पांचों के परिमाण को उल्लंघन करना परिग्रह परिमाणव्रत के पांच अतीचार हैं।

३०—ऊर्ध्वातिक्रम, अधोऽतिक्रम, तिर्यगतिक्रम, क्षेत्रवृध्दि और स्मृत्यंतराधान यह पांच दिग्व्रत के अतिचार हैं।

३१—आनयन, प्रेष्यप्रयोग, शब्दानुपात, रूपानुपात और पुद्गलक्षेप यह पांच देशव्रत के अतिचार हैं।

३२—कन्दर्प, कौत्कुच्य, मौखर्य, असमीक्ष्याधिकरण, और उपभोगपरिभोगानर्थक्य यह पांच अनर्थदंडव्रत के अतिचार हैं।

३३—तीन प्रकार के योग दुःप्रणिधान, अनादर और स्मृत्यनुपस्थान यह पांच सामायिकव्रत के अतिचार हैं।

३४—अप्रत्यवेक्षित अप्रमार्जितोत्सर्ग, अप्रत्यवेक्षित अप्रमार्जितादान, अप्रत्यवेक्षित अप्रमार्जित संस्तरोपक्रमण, अनादर और स्मृत्यनुपस्थान यह पांच प्रोषधोपवास व्रत के अतिचार हैं।

३५—सचित्त, सचित्त सम्बन्ध, सचित्तसम्मिश्र, अभिषव और दुःपक्व ऐसे पांच प्रकार के पदार्थों का आहार करना उपभोग परिभोग परिमाणव्रत के पांच अतिचार हैं।

३६—सचित्तनिक्षेप, सचित्तपिधान, परव्यपदेश, मात्सर्य और कालातिक्रम यह पांच अतिथि संविभाग व्रत के अतिचार हैं।

३७—जीविताशंसा, मरणाशंसा, मित्रानुराग, सुखानुबंध और निदान यह पांच सल्लेखनामरण के अतिचार हैं।

दान का वर्णन—

३८—[अपने और पराये] उपकार के लिये अपने [पदार्थ] का त्याग करना दान है।

समणोवासए णं भंते! तहारूवं समणं वा जाव पडिला-भेमाणे किं चयति? गोयमा! जीवियं चयति दुच्चयं चयति

३९—विधिविशेष, द्रव्यविशेष, दातारविशेष और पात्रविशेष के कारण उस दान में भी विशेषता होती है।

———:o:———

अष्टम अध्याय

बंध के कारण—

१—मिथ्यादर्शन, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग यह पांच बन्ध के कारण हैं।

बंध का स्वरूप—

२—जीव कषाय सहित होने से कर्मों के योग्य पुद्गलों को ग्रहण करता है वह बंध है।

बंध के भेद—

३—प्रकृति बन्ध, स्थिति बन्ध, अनुभाग बन्ध और प्रदेश बन्ध यह चार उस बन्ध की विधियां (भेद) हैं।

प्रकृति बंध—आठों कर्मों की प्रकृतियां—

४—आदि का प्रकृति बन्ध, ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अन्तराय इस तरह आठ प्रकार का है। [इनमें से ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तराय यह चार घाति कर्म हैं और शेष चार अघाति कर्म हैं।]

५—उन कर्मों के क्रम से पांच, नौ, दो अट्ठाईस, चार, बयालीस, दो और पांच भेद हैं।

दुक्करं करेति दुल्लहं लहइ बोहिं बुज्झइ तओ पच्छा सिज्झति जाव अंतं करेति।

व्याख्याप्रज्ञप्ति शतक ७ उ० १ सूत्र २६४

इस सूत्र के आगमपाठों में इस पाठ को भी मिला लेना चाहिये।

६—मति ज्ञानावरण, श्रुत ज्ञानावरण, अवधि ज्ञानावरण, मनःपर्यय ज्ञानावरण, और केवल ज्ञानावरण यह पांच भेद ज्ञानावरण कर्म के हैं।

७—चक्षुदर्शनावरण, अचक्षुदर्शनावरण अवधि दर्शनावरण, केवल दर्शनावरण, निद्रा, निद्रानिद्रा, प्रचला, प्रचलाप्रचला, और स्त्यानगृद्धि यह नौ प्रकृति दर्शनावरण कर्म की हैं।

८—सातावेदनीय और असातावेदनीय यह दो प्रकृति वेदनीय कर्म की हैं।

९—मोहनीय कर्म के दो भेद हैं, दर्शन मोहनीय और चारित्र मोहनीय इनमें से दर्शन मोहनीय के तीन भेद होते हैं—

सम्यक्त्व, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व।

चारित्रमोहनीय के दो भेद होते हैं—

कषाय वेदनीय और नोकषाय वेदनीय।

अकषाय वेदनीय अर्थात् नोकषाय वेदनीय के नौ भेद हैं—

हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, और नपुंसकवेद।

कषाय वेदनीय के सोलह भेद होते हैं।

अनन्तानुबन्धी क्रोध मान माया लोभ, अप्रत्याख्यान क्रोध मान माया लोभ, प्रत्याख्यान क्रोध, मान माया लोभ और संज्वलन क्रोध मान माया और लोभ, [यह मोहनीय कर्म की अट्ठाइस प्रकृतियां हैं।]

१०—नारकायु, तैर्यगायु, मानुषायु और देवायु यह चार आयु कर्म की प्रकृतियां हैं।

११—गति, जाति, शरीर, अंगोपांग, निर्माण, बन्धन, संघात, संस्थान, संहनन, स्पर्श, रस, गंध, वर्ण, आनुपूर्व्वी, अगुरुलघु, उपघात, परघात, आतप, उद्योत, उच्छ्वास, विहायोगति, प्रत्येक शरीर, साधारण शरीर, त्रस, स्थावर, सुभग, दुर्भग, सुस्वर, दुःस्वर, शुभ, अशुभ, सूक्ष्म, बादर, पर्याप्ति, अपर्याप्ति, स्थिर, अस्थिर, आदेय, अनादेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति और

तीर्थंकरत्व यह बयालीस नाम कर्म* की मूल प्रकृतियां हैं ।

१२—उच्च गोत्र और नीच गोत्र यह दो गोत्र कर्म की प्रकृतियां हैं ।

१३—दान, लाभ, भोग, उपभोग और वीर्य का विघ्न करना रूप पांच प्रकृतियां अन्तराय कर्म की हैं ।

स्थिति बन्ध—

१४—ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय और अंतरायकर्म की उतकृष्ट स्थिति तीस कोड़ाकोड़ी सागर की है ।

१५—मोहनीय कर्म की उत्कृष्ट स्थिति सत्तर कोड़ाकोड़ी सागर की है।

१६—नाम और गोत्र कर्म की उतकृष्ट स्थिति बीस कोड़ाकोड़ी सागर की है

१७—आयु कर्म की उतकृष्ट स्थिति तेंतीस सागर की है।

१८—वेदनीय कर्म की जघन्य स्थिति बारह मुहुर्त की है।

१९—नाम और गोत्र कर्म की जघन्य स्थिति आठ मुहुर्त की है।

२०—शेष ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय, अंतराय, और आयु कर्मों की जघन्य स्थिति अन्तर्मुहुर्त है।

अनुभाग बन्ध—

२१—कर्मों का जो विपाक† है सो अनुभव अथवा अनुभाग है।

२२—वह अनुभाग बंध कर्म की प्रकृतियों के नामानुसार होता है।

२३—अनुभव के पश्चात् उन कर्मों की निर्जरा हो जाती है।

प्रदेश बन्ध—

२४—ज्ञानावरण आदि कर्मों की प्रकृतियों के नामानुसार कारणभूत समस्त भावों अथवा सब समयों में मन वचन काय की क्रिया रूप योगों की

---

* नाम कर्म की उत्तर प्रकृतियां ९३ हैं, जिनका वर्णन इस ग्रन्थ में पृष्ठ १८७ से १९३ तक किया गया है।

† बद्ध कर्मों में फलदान शक्ति पड़कर उनके उदय में आने पर अनुभव होने को *विपाक कहते हैं।*

विशेषता से आत्मा के समस्त प्रदेशों में एक क्षेत्रावगाह रूप से स्थित जो सूक्ष्म अनंतानंत कर्मपुद्गलों के प्रदेश हैं उनको प्रदेश बंध कहते हैं।

पुण्य तथा पाप प्रकृतियां—

२५—सातावेदनीय, शुभ आयु, शुभ नाम और शुभ गोत्र यह पुण्य रूप प्रकृतियां हैं।

२६—इन प्रकृतियों से बाकी बची हुई कर्मप्रकृतियां पाप रूप अशुभ हैं।

नवम अध्याय

संवर का लक्षण—

१—आस्रव के रोकने को संवर कहते हैं।

संवर के कारण—

२—वह संवर तीन गुप्तियों पांच समितियों, दश धर्म के पालन करने, बारह अनुप्रेक्षाओं के चितवन, बाईस परीषहों के जीतने और पांच प्रकार के चारित्र के पालने से होता है।

निर्जरा के कारण—

३—बारह प्रकार के तप करने से निर्जरा और संवर दोनों होते हैं।

तीन गुप्तियां—

४—भले प्रकार मन, वचन, और काय की यथेष्ट प्रवृत्ति को रोकना सो गुप्ति हैं।

पांच समितियां—

५—ईर्या, भाषा, एषणा, आदान निक्षेप और उत्सर्ग यह पांच समितियां हैं।

दश धर्म—

६—उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य,

उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग (दान), उत्तम आकिंचन्य और उत्तम ब्रह्मचर्य यह दश प्रकार के धर्म हैं ।

बारह भावनाएं—

७—अनित्य, अशरण, संसार, एकत्व, अन्यत्व, अशुचि, आस्रव, संवर, निर्जरा, लोक, बोधिदुर्लभ और धर्मस्वाख्यातत्व इनका बारम्बार चिन्तवन करना सो अनुप्रेक्षा हैं ।

बाईस परीषय जय—

८—रत्नत्रय रूप मार्ग से च्युत न होने और कर्मों की निर्जरा के लिये परीसह सहनी चाहिये ।

९—१ क्षुधा, २ तृषा, ३ शीत, ४ उष्ण, ५ दंशमशक, ६ नाग्न्य, ७ अरति, ८ स्त्री, ९ चर्या, १० निषद्या, ११ शय्या, १२ आक्रोश, १३ बध, १४ याचना, १५ अलाभ, १६ रोग, १७ तृणस्पर्श, १८ मल, १९ सत्कारपुरस्कार, २० प्रज्ञा, २१ अज्ञान और अदर्शन यह बाईस परीषह हैं।

१०—सूक्ष्म सांपराय नामक दशवें गुणस्थान वालों के तथा छद्मस्थवीतराग अर्थात् उपशांत कषाय नामक ग्यारहवें और क्षीणकषाय नामक बारहवें गुणस्थान वालों के चौदह परीषह होती हैं ।

११—तेरहवें गुणस्थानवर्ती जिन अर्थात् केवली भगवान के ग्यारह परीषह होती हैं।

१२—स्थूल कषाय वाले अर्थात् छटे, सातवें, आठवें और नौवें गुणस्थान वालों के सब परीषह होती हैं ।

१३—प्रज्ञा और अज्ञान परीषह ज्ञानावरण कर्म के उदय होने पर होती हैं ।

१४—अदर्शन परीषह दर्शनमोह के उदय से और अलाभ परीषह अन्तराय कर्म के उदय से होती हैं ।

१५—नाग्न्य, अरति, स्त्री, निषद्या, आक्रोश, याचना और सत्कारपुरस्कार यह सात परीषह चारित्रमोहनीय कर्म के उदय से होती हैं ।

१६—शेष [क्षुधा, तृषा, शीत, उष्ण, दंशमशक, चर्य्या, शय्या, बध, रोग,

तृणस्पर्श और मल यह ग्यारह परीषह] वेदनीय कर्म के उदय से होती हैं।

१७—एक ही जीव में एक को आदि लेकर एक साथ उन्नीस परीषह तक विभाग करनी चाहियें।

पांच प्रकार का चारित्र

१८—सामायिक, छेदोपस्थापना, परिहारविशुद्धि, सूक्ष्मसाम्पराय और यथाख्यात यह पांच प्रकार का चारित्र है।

बारह प्रकार के तपों का वर्णन -

१९—अनशन, अवमौर्य, वृत्तिपरिसंख्यान, रसपरित्याग, विविक्त शय्यासन और कायक्लेश यह छह प्रकार के बाह्य तप हैं।

२०—प्रायश्चित, विनय, वैयावृत्य, स्वाध्याय, व्युत्सर्ग और ध्यान यह छह अभ्यन्तर तप हैं।

२१—प्रायश्चित के नौ, विनय के चार, वैयावृत्य के दश, स्वाध्याय के पांच और व्युत्सर्ग के दो भेद हैं।

२२—आलोचना, प्रतिक्रमण, तदुभय, विवेक, व्युत्सर्ग, तपः, छेद, परिहार और उपस्थापना यह प्रायश्चित के नौ भेद हैं।

२३—ज्ञानविनय, दर्शनविनय, चारित्रविनय और उपचार विनय यह चार विनय के भेद हैं।

२४—आचार्य, उपाध्याय, तपस्वी, शैक्ष, ग्लान, गण, कुल, संघ, साधु और मनोज्ञ इन दश प्रकार के साधुओं की सेवा टहल करना सो दश प्रकार का वैयावृत्य है।

२५—वाचना, पृच्छना, अनुप्रेक्षा, आम्नाय और धर्मोपदेश यह स्वाध्याय के पांच भेद हैं।

२६—बाह्य उपधि और अभ्यन्तर आदि का त्याग करना सो दो प्रकार का व्युत्सर्ग तप है।

ध्यान का वर्णन--

२७—उत्तम संहनन वाले का अन्तर्मुहुर्त पर्यन्त एकाग्रचिन्तानिरोध करना ध्यान है।

२८—आर्त्तध्यान, रौद्रध्यान, धर्म्यध्यान, और शुक्लध्यान यह चार प्रकार के ध्यान हैं।

२९—धर्म्यध्यान और शुक्लध्यान मोक्ष के कारण हैं।

चार प्रकार के आर्त्तध्यान—

३०—अप्रिय पदार्थ का संयोग होने पर उसके दूर करने के लिये बारंबार चिन्तवन करना सो [अनिष्टसंयोगज नाम का प्रथम] आर्त्तध्यान है।

३१—प्रिय पदार्थ का वियोग होने पर उसको प्राप्ति के लिये बारंबार चिन्तवन करना [सो इष्टवियोगज नामका द्वितीय आर्त्तध्यान है।

३२—वेदना का बारंबार चिन्तवन करना [सो वेदना जनित तीसरा आर्त्त ध्यान है।]

३३—और आगामी विषय भोगादिक का निदान करना सो निदान नामका चौथा आर्त्तध्यान है।

३४—वह आर्त्तध्यान मिथ्यात्व, सासादन, मिश्र, अविरत, देशविरत और छटें प्रमत्तसंयत गुणस्थान वालों के होता है।

चार प्रकार के रौद्रध्यान—

३५—हिंसा, अनृत, चोरी, और विषयों की रक्षा से रौद्रध्यान चार प्रकार का होता है। यह प्रथम पांच गुणस्थान वालों के होता है।

धर्म्यध्यान के चार भेद—

३६—आज्ञाविचय, अपायविचय, विपाकविचय और संस्थान विचय यह चार प्रकार का धर्म्यध्यान है।

चार प्रकार के शुक्ल ध्यान का वर्णन—

३७—आदि के दो शुक्ल ध्यान श्रुतकेवली के होते हैं, श्रुत केवली के धर्म्य-

ध्यान भी होते हैं ।

३८—बाद के दो शुक्ल ध्यान सयोगकेवली और अयोगकेवली के ही होते हैं।

३९—पृथक्त्ववितर्क एकत्ववितर्क, सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाति और व्युपरतक्रियानिवर्ति यह चार शुक्लध्यान के भेद हैं ।

४०—पृथक्त्ववितर्क तीनों योगों के धारक के, एकत्ववितर्क तीनों में से किसी एक योग वाले के, तीसरा सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाति काययोग वालों के और व्युपरत क्रियानिवर्त्ति अयोगी केवली के ही होता है ।

४१—पहिले के दो ध्यान श्रुतकेवली के आश्रय होते हैं और वितर्क तथा विचार सहित होते हैं ।

४२—दूसरा शुक्लध्यान विचार रहित है।

४३—श्रुतज्ञान को वितर्क कहते हैं ।

४४—अर्थ, व्यञ्जन और योगों के पलटने को विचार कहते हैं ।

निर्जरा का परिमाण—

४५—सम्यग्दृष्टि, श्रावक, मुनी, अनंतानुबंधी का विसंयोजन करने वाला, दर्शनमोह को नष्ट करने वाला, चारित्रमोह को उपशम करने वाला, उपशांत मोह वाला, क्षपकश्रेणी चढ़ता हुआ, क्षीणमोही और जिनेन्द्र भगवान इन सब के क्रमसे असंख्यात गुणी निर्जरा होती है ।

मुनियों के भेद—

४६—पुलाक, बकुश, कुशील, निर्ग्रंथ और स्नातक यह पांच प्रकार के निर्ग्रंथ साधु हैं।

४७—संयम, श्रुत, प्रतिसेवना, तीर्थ, लिंग, लेश्या, उपपाद और स्थान इन आठ प्रकार से उन मुनियों के और भी भेद होते हैं ।

———:o:———

दशम अध्याय

केवल ज्ञान का उत्पत्ति क्रम—

१—मोहनीय कर्म के क्षय होने के पश्चात् [अन्तर्मुहूर्त पर्यन्त क्षीणकषाय नाम का बारहवां गुण स्थान पाकर] फिर एक साथ ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय कर्मों का क्षय होने से केवल ज्ञान होता है।

मोक्ष प्राप्ति क्रम -

२—बंध के कारणों के अभाव और निर्जरा से समस्त कर्मों का अत्यन्त अभाव हो जाना सो मोक्ष है।

३—मुक्त जीव के औपशमिक आदि भावों और पारिणामिक भावों में से भव्यत्व भाव का भी अभाव हो जाता है।

४—केवल सम्यक्त्व, केवल ज्ञान, केवल दर्शन, और केवल सिद्धत्व इन चार भावों के सिवाय अन्य भावों का मुक्त जीव के अभाव है।

५—समस्त कर्मों के नष्ट हो जाने के पश्चात् मुक्त जीव लोक के अन्त भाग तक ऊपर को जाता है।

ऊर्ध्वगमन का कारण -

६-७—कुम्हार के द्वारा घुमाये हुये चाक के समान पूर्व प्रयोग से, दूर हुई मिट्टी के लेप वाली तुम्बी के समान असंग होने से, एरंड के बीज के समान बंध के नष्ट होने से और अग्नि शिखा के समान अपना निजी-स्वभाव होने से मुक्त जीव ऊपर को गमन करता है।

अलोक में न जाने कारण -

८—अलोकाकाश में धर्मास्तिकाय का अभाव होने से गमन नहीं होता है।

सिद्धों के भेद -

९—क्षेत्र, काल, गति, लिंग, तीर्थ, चारित्र, प्रत्येक बुद्ध बोधित, ज्ञान, अवगाहना, अन्तर, संख्या और अल्पबहुत्व इन बारह अनुयोगों से सिद्धों में भी भेद साधने चाहियें।

परिशिष्ट नं० ३

दिगम्बर और श्वेताम्बराम्नाय के सूत्र पाठों का भेद प्रदर्शक कोष्टक।

:०:

प्रथमोध्याय

सूत्राङ्क	दिगम्बराम्नायां सूत्रपाठः	सूत्राङ्क	श्वेताम्बराम्नायां सूत्रपाठः
१५	अवग्रहेहावायधारणा:	१५	अवग्रहेहापायधारणा:
×	×	२१	द्विविधोऽवधि:
२१	भवप्रत्ययोवधिर्देवनारकाणाम्	२२	भवप्रत्ययो नारकदेवानाम्
२२	क्षयोपशमनिमित्त: षड्विकल्प: शेषाणाम्	२३	यथोक्तनिमित्त:······ ··
२३	ऋजुविपुलमती मन:पर्यय:	२४	··· ··· * पर्याय:
२५	विशुद्ध्यप्रतिपाताभ्यां तद्विशेष: ... विशुद्धिक्षेत्रस्वामिविषयेभ्योऽवधिमन: पर्यययो:	२६	·· ··· पर्याययो:
२८	तदनन्तभागे मन:पर्ययस्य	२९	·· ··· पर्यायस्य
३३	नैगमसंग्रहव्यवहारर्जुसूत्रशब्दसमभिरूढैवम्भूता नया:	३४	··· सूत्रशब्दा नया:
×	×	३५	आद्यशब्दौ द्वित्रिभेदौ

द्वितीयोऽध्याय

सूत्राङ्क	दिगम्बराम्नायां सूत्रपाठः	सूत्राङ्क	श्वेताम्बराम्नायां सूत्रपाठः
५	ज्ञानाज्ञानदर्शनलब्धयश्चतुस्त्रित्रिपञ्चभेदा: सम्यक्त्वचारित्रसंयमासंयमाश्च	५	········ दर्शनदानादिलब्धय: ···
७	जीवभव्याभव्यत्वानि च	७	भव्यत्वादीनि च

* भाष्य के सूत्रों में सर्वत्र मन: पर्यय के बदले मन:पर्याय पाठ है।

सूत्राङ्क	दिगम्बराम्नायी सूत्रपाठः	सूत्राङ्क	श्वेताम्बराम्नायी सूत्रपाठः
१३	पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतयः स्थावराः	१३	पृथिव्यम्बुवनस्पतयः स्थावराः
१४	द्वीन्द्रियादयस्त्रसाः	१४	तेजोवायू द्वीन्द्रियादयश्च त्रसाः
× × ×		१९	उपयोगः स्पर्शादिषु
२०	स्पर्शरसगन्धवर्णशब्दास्तदर्थाः	२१	········ शब्दास्तेषामर्थाः
२२	वनस्पत्यन्तानामेकम्	२३	वाय्वन्तानामेकम्
२९	एकसमयाऽविग्रहा	३०	एकसमयाऽविग्रहः
३०	एकं द्वौ त्रीन्वाऽनाहारकः	३१	एक द्वौ वानाहारकः
३१	सम्मूर्छनगर्भोपपादा जन्मः	३२	सम्मूर्च्छनगर्भोपपाता जन्मः
३३	जरायुजाण्डजपोतानां गर्भः	३४	जराय्वण्डपोतजानां गर्भः
३४	देवनारकाणामुपपादः	३५	नारकदेवानामुपपातः
३७	परं परं सूक्ष्मम्	३८	तेषां परं परं सूक्ष्मम्
४०	अप्रतीघाते	४१	अप्रतिघाते
४३	तदादीनि भाज्यानि युगपदेकस्मिन्ना चतुर्भ्यः	४४	. . . कस्याऽऽचतुर्भ्यः
४६	औपपादिकं वैक्रियिकम्	४७	वैक्रियमौपपातिकम्
४८	तैजसमपि		× × ×
४९	शुभं विशुद्धमव्याघाति चाहारकं प्रमत्तसंयतस्यैव	४९	. . . चतुर्दशपूर्वधरस्यैव
			× × ×
५२	शेषास्त्रिवेदाः		
५३	औपपादिकचरमोत्तमदेहाः सङ्ख्येयवर्षायुषोऽनपवर्त्यायुषः	५२	औपपातिकचरमदेहोत्तमपुरुषासङ्ख्येय···

तृतीयोऽध्यायः

१	रत्नशर्कराबालुकापङ्कधूमतमोमहातमः प्रभाभूमयो घनाम्बुवाताकाशप्रतिष्ठाः सप्ताधोऽधः	१	. सप्ताधोऽधःपृथुतराः

सूत्राङ्क	दिगम्बराम्नायी सूत्रपाठ:	सूत्राङ्क	श्वेताम्बराम्नायी सूत्रपाठ:
२	तासु त्रिंशत्पञ्चविंशतिपञ्चदशदशत्रिपञ्चोनैकनरकशतसहस्राणि पञ्च चैव यथाक्रमम्	२	तासु नरका:
३	नारका नित्याशुभतरलेश्यापरिणामदेहवेदनाविक्रिया:	३	नित्याशुभतरलेश्या: . . . .
७	जम्बूद्वीपलवणोदादय: शुभनामानो द्वीपसमुद्रा:	७	जम्बूद्वीपलवणादय: शुभनामानो द्वीपसमुद्रा: ।
१०	भरतहैमवतहरिविदेहरम्यकहैरण्यवतैरावतवर्षा: क्षेत्राणि	१०	तत्र भरत .
१२	हेमार्जुनतपनीयवैडूर्यरजतहेममया:	×	×
१३	मणिविचित्रपार्श्वा उपरि मूले च तुल्यविस्तारा:	×	×
१४	पद्ममहापद्मतिगिञ्छकेसरिमहापुण्डरीकपुण्डरीका ह्रदास्तेषामुपरि	×	×
१५	प्रथमो योजनसहस्रायामस्तदर्धविष्कम्भो ह्रद:	×	×
१६	दशयोजनावगाह:	×	×
१७	तन्मध्ये योजनं पुष्करम्	×	×
१८	तद्द्विगुणद्विगुणा ह्रदा: पुष्कराणि च	×	×
१९	तन्निवासिन्यो देव्य: श्रीह्रीधृतिकीर्तिबुद्धिलक्ष्म्य: पल्योपमस्थितय: ससामानिकपरिषत्का:	×	×
२०	गङ्गासिन्धुरोहिद्रोहितास्याहरिद्धरिकान्तासीतासीतोदानारीनरकान्तासुवर्णरूप्यकूलारक्तारक्तोदा: सरितस्तन्मध्यगा:	×	×

सूत्राङ्क	दिगम्बराम्नायी सूत्रपाठः	सूत्राङ्क	श्वेताम्बराम्नायी सूत्रपाठः
२१	द्वयोर्द्वयोः पूर्वाः पूर्वगाः	×	×
२२	शेषास्त्वपरगाः	×	×
२३	चतुर्दशनदीसहस्रपरिवृत्ता गङ्गासिन्ध्वादयो नद्यः	×	×
२४	भरतः षड्विंशतिपञ्चयोजनशतविस्तारः षट् चैकोनविंशतिभागा योजनस्य	×	×
२५	तद्द्विगुणद्विगुणविस्तारा वर्षधरवर्षाविदेहान्ताः	×	×
२६	उत्तरा दक्षिणतुल्याः	×	×
२७	भरतैरावतयोर्वृद्धिह्रासौ षट्समयाभ्यामुत्सर्पिण्यवसर्पिणीभ्याम्	×	×
२८	ताभ्यामपरा भूमयोऽवस्थिताः	×	×
२९	एकद्वित्रिपल्योपमस्थितयो हैमवतकहारिवर्षकदैवकुरवकाः	×	×
३०	तथोत्तराः	×	×
३१	विदेहेषु सङ्ख्येयकालाः	×	×
३२	भरतस्य विष्कम्भो जम्बूद्वीपस्य नवतिशतभागः	×	×
३८	नृस्थिती परावरे त्रिपल्योपमान्तर्मुहूर्ते	१७	... परापरे ..
३९	तिर्यग्योनिजानाञ्च	१८	तिर्यग्योनीनाञ्च

चतुर्थोऽध्यायः

सूत्राङ्क	दिगम्बराम्नायी सूत्रपाठः	सूत्राङ्क	श्वेताम्बराम्नायी सूत्रपाठः
२	आदितस्त्रिषु पीतान्तलेश्याः	३	तृतीयः पीतलेश्यः
×	×	७	पीतान्तलेश्याः
८	शेषाः स्पर्शरूपशब्दमनः प्रवीचाराः	९	.... प्रवीचारा द्वयोर्द्वयोः
१२	ज्योतिष्काः सूर्याचन्द्रमसौ ग्रहनक्षत्रप्रकीर्णकतारकाश्च	१३	.. सूर्याश्चन्द्रमसो ..... प्रकीर्णतारकाश्च
१९	सौधर्मैशानसानत्कुमारमाहेन्द्रब्रह्मब्रह्मोत्तरलान्तवकापिष्टशुक्रमहाशुक्रशतारसहस्रारेष्वानतप्राण-	२०	सौधर्मैशानसानत्कुमारमाहेन्द्रब्रह्मलोकलान्तकमहाशुक्रसहस्रारे ... .

सूत्राङ्क	दिगम्बराम्नायी सूत्रपाठः	सूत्राङ्क	श्वेताम्बराम्नायी सूत्रपाठः
	तयोरारणाच्युतयोर्नवसु ग्रैवेयकेषु		... ...
	विजयवैजयन्तजयन्तापराजितेषु		... ...
	सर्वार्थसिद्धौ च		... ...सर्वार्थसिद्धे च
२२	पीतपद्मशुक्ललेश्या द्वित्रिशेषेषु	२३	... ... लेश्या हि विशेषेषु
२४	ब्रह्मलोकालया लौकान्तिकाः	२५	... .. लोकान्तिकाः
२५	सारस्वतादित्यवह्न्यरुणगर्दतोयतुषिताव्याबाधारिष्टाश्च	२६	. ... व्याबाधमरुतः (अरिष्टाश्च), ४
२८	स्थितिरसुरनागसुपर्णद्वीपशेषाणां	२९	स्थितिः
	सागरोपमत्रिपल्योपमार्द्धहीनमिता	३०	भवनेषु दक्षिणार्धाधिपतीनां पल्योपममध्यर्धम्
	×	३१	शेषाणां पादोने
	× ×	३२	असुरेन्द्रयोः सागरोपममधिकं च
२९	सौधर्मैशानयोः सागरोपमेऽधिके	३३	सौधर्मादिषु यथाक्रमम्
		३४	सागरोपमे
		३५	अधिके च
३०	सानत्कुमारमाहेन्द्रयोः सप्त	३६	सप्त सानत्कुमारे
३१	त्रिसप्तनवैकादशत्रयोदशपञ्चदशभिरधिकानि तु	३७	विशेषत्रिसप्तदशैकादशत्रयोदशपञ्चदशभिरधिकानि च
३३	अपरा पल्योपममधिकम्	३९	अपरा पल्योपममधिकं च
		४०	सागरोपमे
		४१	अधिके च
३९	परा पल्योपममधिकम्	४७	परा पल्योपमम्
४०	ज्योतिष्काणां च	४८	ज्योतिष्काणामधिकम्
		४९	ग्रहाणामेकम्
		५०	नक्षत्राणामर्धम्
		५१	तारकाणां चतुर्भागः

सूत्राङ्क	दिगम्बराम्नायी सूत्रपाठः	सूत्राङ्क	श्वेताम्बराम्नायी सूत्रपाठः
४१	तदष्टभागोऽपरा	५२	जघन्या त्वष्टभागः
	× ×	५३	चतुर्भागः शेषाणाम्
४२	लौकान्तिकानामष्टौ सागरोपमाणि सर्वेषाम्		× ×

पञ्चमोऽध्याय

सूत्राङ्क	दिगम्बराम्नायी सूत्रपाठः	सूत्राङ्क	श्वेताम्बराम्नायी सूत्रपाठः
२	द्रव्याणि	२	द्रव्याणि जीवाश्च
३	जीवाश्च		×
८	असङ्ख्येयाः प्रदेशा धर्माधर्मैकजीवानाम्	७	असङ्ख्येयाः प्रदेशा धर्माधर्मयोः
	× ×	८	जीवस्य च
१६	प्रदेशसंहारविसर्पाभ्यां प्रदीपवत्	१६	.. विसर्गाभ्यां .
२६	भेदसङ्घातेभ्य उत्पद्यन्ते	२६	संघातभेदेभ्य उत्पद्यन्ते
२९	सद्द्रव्यलक्षणम्		× ×
३७	बन्धेऽधिकौ पारिणामिकौ च	३६	बन्धे समाधिकौ पारिणामिकौ
३९	कालश्च	३८	कालश्चेत्येके
	× ×	४२	अनादिरादिमांश्च
	× ×	४३	रूपिष्वादिमान्
	× ×	४४	योगोपयोगौ जीवेषु

षष्ठोऽध्याय

सूत्राङ्क	दिगम्बराम्नायी सूत्रपाठः	सूत्राङ्क	श्वेताम्बराम्नायी सूत्रपाठः
३	शुभः पुण्यस्याशुभः पापस्य	३	शुभः पुण्यस्य
		४	अशुभः पापस्य
५	इन्द्रियकषायाव्रतक्रियाः पञ्चचतुःपञ्चपञ्चविंशतिसंख्या पूर्वस्य भेदाः	६	अव्रतकषायेन्द्रियक्रिया .
६	तीव्रमन्दज्ञाताज्ञातभावाधिकरणवीर्यविशेषेभ्यस्तद्विशेषः	७	भाववीर्याधिकरणविशेषे— ...
१७	अल्पारम्भपरिग्रहत्वं मानुषस्य	१८	अल्पारम्भपरिग्रहत्वं स्वभावमार्दवं च मानुषस्य

सूत्राङ्क	दिगम्बराम्नायी सूत्रपाठः	सूत्राङ्क	श्वेताम्बराम्नायी सूत्रपाठः
१८	स्वभावमार्दवं च	×	×
२१	सम्यक्त्वं च	×	×
२३	तद्विपरीतं शुभस्य	२२	विपरीतं शुभस्य
२४	दर्शनविशुद्धिर्विनयसम्पन्नता शील-व्रतेष्वनतिचारोऽभीक्ष्णज्ञानोपयोग-संवेगौ शक्तितस्त्यागतपसी साधु-समाधिर्वैयावृत्त्यकरणमर्हदाचार्य-बहुश्रुतप्रवचनभक्तिरावश्यका-परिहाणिर्मार्गप्रभावना प्रवचन-वत्सलत्वमिति तीर्थकरत्वस्य	२३	... ... ऽभीक्ष्णं ... सङ्घसाधुसमाधिवैयावृत्यकरण ... ... तीर्थकृत्वस्य

सप्तमोऽध्यायः

सूत्राङ्क	दिगम्बराम्नायी सूत्रपाठः	सूत्राङ्क	श्वेताम्बराम्नायी सूत्रपाठः
४	वाङ्मनोगुप्तीर्यादाननिक्षेपणसमित्यालोकितपानभोजनानि पञ्च	×	×
५	क्रोधलोभभीरुत्वहास्यप्रत्याख्यानान्यनुवीचिभाषणं च पञ्च	×	×
६	शून्यागारविमोचितावासपरोपरोधाकरणभैक्ष्यशुद्धिसधर्माविसंवादाः पञ्च	×	×
७	स्त्रीरागकथाश्रवणतन्मनोहराङ्गनिरीक्षणपूर्वरतानुस्मरणवृष्येष्टरसस्वशरीरसंस्कारत्यागाः पञ्च	×	×
८	मनोज्ञामनोज्ञेन्द्रियविषयरागद्वेषवर्जनानि पञ्च	×	×
९	हिंसादिष्विहामुत्रापायावद्यदर्शनम्	४	हिंसादिष्विहामुत्र चापायावद्यदर्शनम्
१२	जगत्कायस्वभावौ वा संवेगवैराग्यार्थम्	७	जगत्कायस्वभावौ च संवेगवैराग्यार्थम्

सूत्राङ्क	दिगम्बराम्नायी सूत्रपाठः	सूत्राङ्क	श्वेताम्बराम्नायी सूत्रपाठः
२८	परविवाहकरणेत्वरिकापरिगृहीता परिगृहीतागमनानङ्गक्रीडाकामतीव्राभिनिवेशाः	२३	परविवाहकरणेत्वरपरिगृहीता ... ...
३२	कन्दर्पकौत्कुच्यमौखर्यासमीक्ष्याधिकरणोपभोगपरिभोगानर्थक्यानि	२७	कन्दर्पकौकुच्य .. ... णोपभोगाधिकत्वानि
३४	अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्गादानसंस्तरोपक्रमणानादरस्मृत्यनुपस्थानानि	२९	... . संस्तारो . .. नुपस्थापनानि
३७	जीवितमरणाशंसामित्रानुरागसुखानुबंधनिदानानि	३२	. .. निदानकरणानि

अष्टमोऽध्यायः

सूत्राङ्क	दिगम्बराम्नायी सूत्रपाठः	सूत्राङ्क	श्वेताम्बराम्नायी सूत्रपाठः
२	सकषायत्वाज्जीवः कर्मणो योग्यान्पुद्गलानादत्ते स बन्धः	२	. ... पुद्गलानादत्ते
×	×	३	स बन्धः
४	आद्यो ज्ञानदर्शनावरणवेदनीयमोहनीयायुर्नामगोत्रान्तरायाः	५	. . मोहनीयायुष्कनाम
६	मतिश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलानाम्	७	मत्यादीनाम्
७	चक्षुरचक्षुरवधिकेवलानां निद्रानिद्रानिद्राप्रचलाप्रचलाप्रचलास्त्यानगृद्धयश्च	८	.. .. स्त्यानगृद्धिवेदनीयानि च
९	दर्शनचारित्रमोहनीयाकषायाकषायवेदनीयाख्यास्त्रिद्विनवषोडशभेदाः सम्यक्त्वमिथ्यात्वतदुभयान्यकषायकषायौ हास्यरत्यरतिशोकभयजुगुप्सास्त्रीपुन्नपुंसकवेदा अनन्तानुबन्ध्यप्रत्या-	१०	... मोहनीयकषायनोकषाय ... .. द्विषोडशनव ... ... तदुभयानि कषायनोकषायावनन्तानुबन्ध्यप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानावरणसंज्वलनविकल्पाश्चैकशः क्रोधमानमाया-

सूत्रांक	दिगम्बराम्नायी सूत्रपाठः	सूत्रांक	श्वेताम्बराम्नायी सूत्रपाठः
	ख्यानप्रत्याख्यानसंज्वलनविकल्पाश्चैकशः क्रोधमानमायालोभाः		लोभाः हास्यरत्यरतिशोकभयजुगुप्सास्त्रीपुन्नपुंसकवेदाः
१३	दानलाभभोगोपभोगवीर्याणाम्	१४	दानादीनाम्
१६	विंशतिर्नामगोत्रयोः	१७	नामगोत्रयोर्विंशतिः
१७	त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाण्यायुषः	१८	... ... युष्कस्य
१९	शेषाणामन्तर्मुहूर्ता	२१	... ... मुहूर्तम्
२४	नामप्रत्ययाः सर्वतो योगविशेषात्सूक्ष्मैकक्षेत्रावगाहस्थिताः सर्वात्मप्रदेशेष्वनन्तानन्तप्रदेशाः	२५	... . क्षेत्रावगाहस्थिताः .. ...
२५	सद्वेद्यशुभायुर्नामगोत्राणि पुण्यम्	२६	सद्वेद्यसम्यक्त्वहास्यरतिपुरुषवेदशुभायु
२६	अतोऽन्यत्पापम्		×

नवमोऽध्यायः

सूत्रांक	दिगम्बराम्नायी सूत्रपाठः	सूत्रांक	श्वेताम्बराम्नायी सूत्रपाठः
६	उत्तमक्षमामार्दवार्जवशौचसत्यसंयमतपस्त्यागाकिञ्चन्यब्रह्मचर्याणि धर्मः	६	उत्तमः क्षमा ... .
१७	एकादयो भाज्या युगपदेकस्मिन्नेकान्नविंशति	१७	.. .. विंशतेः
१८	सामायिकच्छेदोपस्थापनापरिहारविशुद्धिसूक्ष्मसाम्परायययथाख्यातमिति चारित्रम्	१८	.. छेदोपस्थाप्य ... .. यथाख्यातानि चारित्रम्
२२	आलोचनप्रतिक्रमणतदुभयविवेकव्युत्सर्गतपश्छेदपरिहारोपस्थापनाः	२२	... ... स्थापनानि
२७	उत्तमसंहननस्यैकाग्रचिन्तानिरोधो ध्यानमान्तमुहूर्तात्	२७	... .. निरोधो ध्यानम्
	×	२८	आमुहूर्तात्
३०	आर्तममनोज्ञस्य सम्प्रयोगे त	३१	आर्तममनोज्ञानां ...

सूत्रांक	दिगम्बराम्नाया सूत्रपाठः	सूत्रांक	श्वेताम्बराम्नाया सूत्रपाठः
	द्विप्रयोगायस्मृतिसमन्वाहार		... ..
३१	विपरीतं मनोज्ञस्य	३३	विपरीतंमनोज्ञानाम्
३६	आज्ञापायविपाकसंस्थानविचयाय धर्म्यम्	३७	... ... धर्ममप्रमत्तसंयतस्य
	× ×	३८	उपशान्तक्षीणकषाययोश्च
३७	शुक्ले चाद्ये पूर्वविदः	३९	शुक्ले चाद्ये
४०	त्र्येकयोगकाययोगायोगानाम्	४२	तत्र्येककाययोगायोगानाम्
४१	एकाश्रये सवितर्कविचारे पूर्वे	४३	. . सवितर्के !

दशमोऽध्यायः

सूत्रांक	दिगम्बराम्नाया सूत्रपाठः	सूत्रांक	श्वेताम्बराम्नाया सूत्रपाठः
२	बन्धहेत्वभावनिर्जराभ्यां कृत्स्नकर्मविप्रमोक्षो मोक्षः	२	बन्धहेत्वभावनिर्जराभ्यां
	× ×	३	कृत्स्नकर्मक्षयो मोक्षः
३	औपशमिकादिभव्यत्वानां च	४	औपशमिकादिभव्यत्वाभावाच्चान्यत्र केवलसम्यक्त्वज्ञानदर्शनसिद्धत्वेभ्यः
४	अन्यत्र केवलसम्यक्त्वज्ञानदर्शनसिद्धत्वेभ्यः		× ×
६	पूर्वप्रयोगादसंगत्वाद्बन्धच्छेदात्तथागतिपरिणामाच्च	६	. परिणामाच्च तद्गतिः
७	आविद्धकुलालचक्रवद्व्यपगतलेपालाबुवदेरण्डबीजवदग्निशिखावच्च		×
८	धर्मास्तिकायाभावात्		× ×